नई दिल्ली
शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 27, अंक : 250
पृष्ठ 12 मूल्य 2 .00

**मौसम**
अधि. 21
न्यूून. 07


# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## बैरेनबोइम, अव्वाद को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार

**नई दिल्ली।** इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के अहिंसक समाधान की दिशा में प्रयासों के लिए डैनियल बैरेनबोइम और अली अबू अव्वाद को इस वर्ष के इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने कहा कि डैनियल अर्जेंटीना में जन्मे



शास्त्रीय पियानोवादक और कंडक्टर हैं। अव्वाद एक फलस्तीनी शेष पेज 5 पर







### भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसे लेकर फिर चर्चा करेंगे: बिरला

# संसद की सुरक्षा चूक मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, 14 सांसदों को किया निलंबित

### सभी सदस्य ध्यान रखें, अराजकता पैदा करने वालों को 'पास' न मिले: राजनाथ

### दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी, इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए: प्रह्लाद जोशी



**संसद की सुरक्षा में सेंध**

**बोले पीएम मोदी...**

**राजनीति में न पड़ें, मामले को गंभीरता से लें**

*पीएम नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक बयान तो नहीं दिया है, लेकिन गुरुवार को सुबह मंत्रियों से इस पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन, इस मसले पर होने वाली राजनीति में भी पड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मसले को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

संसद में बुधवार को दो युवकों के घुसने के मामले को लेकर विपक्षी सदस्यों ने गुरुवार को सदन की कार्यवाही आरंभ होते ही हंगामे के साथ नारेबाजी शुरू कर दी।

कई विपक्षी सदस्य अध्यक्ष के आसन के पास जा पहुंचे और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग करने लगे। उन्होंने 'गृहमंत्री इस्तीफा दो' के नारे लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा की सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है और इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। हंगामे के बीच पहले विपक्ष के 5 और फिर 9 यानि कुल 14 सदस्यों को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। राज्यसभा में भी इस मुद्दे पर हंगामा हुआ। सभापति ने टीएमसी सदस्य डेरेक ओ ब्रायन को सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, ''हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी। इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। ज्ञात हो कि संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर बुधवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक की घटना में दो व्यक्ति- सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा सदन में कूद गए। उन्होंने 'केन' से पीली गैस भी छोड़ी। बाद में सांसदों ने उन्हें काबू में किया।

लोकसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर सरकार से जवाब की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को भारी हंगामा किया, जिसके कारण 14 सांसदों को पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। इनमें 9 कांग्रेस, 2 सीपीएम, 1 सीपीआई, 1 डीएमके एवं 1 टीएमसी के राज्यसभा के सांसद थे। निलंबित किए गए विपक्षी सांसदों में बेनी बेहानन, वीके श्रीकंदन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोझी करुणानिधि, के सुब्रमण्यम, एस वेंकटेशन, मनिकम टैगोर, टीएन शेष पेज 5 पर

## राजस्थान में भजनलाल शर्मा की ताजपोशी आज



### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे पीएम मोदी

**जयपुर।** राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा के साथ शुक्रवार सुबह 11 बजे शपथ लेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत तमाम दिग्गज शामिल होंगे। वहीं जयपुर में शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर इस समारोह को भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है।समारोह स्थल पर भाजपा के झंडे और होर्डिंग काउंटर के साथ-साथ पीएम मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के पोस्टर और बैनर लगाए गए हैं।




## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के 'सर्वे' को मंजूरी

डॉ कमलकांत उपमन्यु ⏭ मथुरा

मथुरा के भगवान श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर ईदगाह विवाद से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गुरुवार को मंदिर से सटी शाही ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दे दी है। न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन ने इससे पहले 16 नवंबर




को संबंधित पक्षों को सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। सर्वे की मांग वाली शेष पेज 5 पर

### विशेषताः वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है

हाई कोर्ट के फैसले के बाद हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा कि मैं अदालत के आदेश का स्वागत करता हूं। विष्णु शंकर जैन के मुताबिक इस याचिका में कहा गया कि वहां कमल के आकार का एक स्तंभ है शेष पेज 5 पर

## खालिस्तानी विवाद पर ऑस्ट्रेलिया ने किया भारत का समर्थन



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

खालिस्तानी विवाद मामले ऑस्ट्रेलिया ने भारत का समर्थन किया है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा है कि हम इस मुद्दे पर भारत के साथ हैं। ऑस्ट्रेलिया सिर्फ फाइव आइज का भागीदार होने के कारण यह बात नहीं कह रहा, बल्कि हम एक मित्र के रूप यह बात कह रहे हैं। हम भारत का सम्मान करते हैं। हमारे रिश्ते काफी ज्यादा मजबूत हैं। हम पीठ पीछे भी संवेदनशील मुद्दों पर चिंता जाहिर करते हैं और सावधानी से चर्चा कर उन्हें मिटाने की कोशिश करते हैं। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों के बीच ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने कहा कि हम हमलों को लेकर बहुत अधिक गंभीर हैं। ऐसे मामलों से निपटने के लिए हमारे पास काफी अनुभव है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर हमला कहीं अधिक बढ़ गया है। खास बात यह है कि हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऑस्ट्रेलिया दौरे से ठीक पहले सिडनी के एक बड़े हिंदू मंदिर पर हमला हुआ था। हालांकि, ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त के अनुसार वे हमलों को निष्क्रिय करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं।






# पंजाबी बागः पूर्व विधायक के घर के बाहर फायरिंग करने वाला शूटर दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पंजाबी बाग इलाके में शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक के घर के बाहर फायरिंग करने वाले एक और शूटर को क्राइम ब्रांच ने अरेस्ट कर लिया है। इसके पास से एक पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुये। आरोपी लॉरेंस बिश्नोई और गोल्डी बराड़ गैंग से जुड़ा मिला है। गिरफ्त में आये शूटर का नाम सोमबीर उर्फ तोतला बताया गया है।

पुलिस के अनुसार 3 दिसंबर को अज्ञात लोगों द्वारा पंजाबी बाग स्थित अकाली दल के पूर्व विधायक (फरीदकोट, पंजाब) के घर के बाहर फायरिंग की घटना सामने आई थी। पुलिस को मेन गेट के पास चार खाली कारतूस मिले थे। इस बाबत पंजाबी बाग थाने में केस दर्ज किया गया। जांच में क्राइम ब्रांच को भी लगाया गया था। जांच में पता चला कि पूर्व विधायक पंजाब में शराब का कारोबार करते है। उनके व्हाट्सएप नंबर पर कुछ धमकी भरे और जबरन वसूली वाले वॉयस मैसेज आए थे। इससे पहले उनकी पंजाब स्थित दो शराब की दुकानों को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बरार गैंग के सदस्यों ने जला दिया था। इस संबंध में पंजाब में दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस टीम को फायरिंग केस में सोमबीर नामक बदमाश के बारे में इनपुट मिला था कि वह अपने साथियों से मिलने पीरागढ़ी इलाके में आएगा। ट्रैप लगाकर सोमबीर को सरेंडर करने की हिदायत दी गई। उसने पुलिस टीम पर एक राउंड फायर झोंक दिया। जवाबी फायरिंग में पुलिस ने भी दो राउंड गोलियां चलायी और उसे मौके पर दबोचा लिया। पूछताछ के दौरान सोमबीर ने खुलासा किया कि वह एक अन्य आरोपी आकाश उर्फ कस्सा का करीबी है। आकाश भटगांव, सोनीपत, हरियाणा में हत्या प्रयास के एक मामले में जेल में बंद था। उसी दौरान वे अच्छे दोस्त बन गए। जेल के दौरान ही वे गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह में शामिल हुये। हाल ही में सोमबीर को सिग्नल ऐप के माध्यम से गोल्डी बराड से गिरोह के अन्य सदस्यों से मिलकर अपनी योजना को अंजाम देने के निर्देश मिले थे। पूर्व विधायक ने उनके द्वारा मांगी गई रंगदारी नहीं दी थी। कारोबारी समुदाय में दहशत फैलाने के लिए गोल्डी बराड ने इन शार्प शूटरों को फायरिंग के निर्देश दिए थे। इससे पहले क्राइम ब्रांच केस में दो अन्य शूटर आकाश और नितेश को अरेस्ट कर चुकी है।

## बुराड़ीः पेशाब करने को लेकर झगड़ा व फायरिंग, दो घायल

### पूर्व फौजी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी दिल्ली का बुराड़ी एरिया अपराध की घटनाओं के लिये दिन प्रतिदिन विख्यात हो रहा है। ताजा मामले में फायरिंग की घटना में दो लोग घायल हो गये। मामला पेशाब करने के विवाद के बाद सामने आया। फायरिंग के आरोप में पूर्व फौजी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार मामला बुधवार दोपहर का है। कॉलर हेमंत (37) निवासी रॉयल अपार्टमेंट बुराड़ी ने



बताया कि मारपीट और गोलीबारी के दौरान वह और उनका दोस्त यशपाल (38) घायल हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची तो पाया कि आरोपी रवींद्र (47) पुत्र जगदीश निवासी रॉयल अपार्टमेंट नशे में था। सार्वजनिक रूप से पेशाब करने के मसले पर शिकायतकर्ताओं से उसकी बहस हुई। उसके बाद विवाद हुआ और दो राउंड फायरिंग आरोपी द्वारा कर दी गई। मामले में आईपीसी की धारा 307/323/341/506/34 व 30 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी पूर्व सैनिक है और उसे गिरफ्तार कर हथियार जब्त कर लिया गया है।

## महिलाओं के लिए हेलमेट सुरक्षा को बढ़ावा, पुलिस ने शुरू किया अभियान

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने चेतक फाउंडेशन के साथ मिलकर महिला दोपहिया सवारों के बीच हेलमेट सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत दिल्ली ट्रैफिक पुलिस दोपहिया वाहनों पर पीछे बैठी महिलाओं को अच्छी गुणवत्ता वाले हेलमेट पहनने की आवश्यकता के बारे में जागरूक करेगी। यह देखा गया है कि महिला सवारियां और दोपहिया वाहनों पर पीछे की सीट पर बैठी सवारियां हेलमेट पहनने में अनिच्छुक होती हैं, जिसके परिणामस्वरूप सड़क पर होने वाली मौतों के ज्यादातर मामलों में वे ही शिकार होती हैं। इस प्रयास में चेतक फाउंडेशन ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस से हाथ मिलाया है। इस पहल की दिशा में पहले कदम के रूप में, महिला दोपहिया सवारों को हेलमेट पहनने के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए, महिला कॉलेज की छात्राओं और महिला पुलिस कर्मियों के बीच लगभग 300 हेलमेट वितरित किए गए। चेतक फाउंडेशन ने अपनी जिंदगी प्लस सड़क सुरक्षा पहल के तहत पहले चरण में 10000 से अधिक हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को वितरित करने का निर्णय लिया है। डीसीपी ट्रैफिक शशांक जयसवाल ने चेतक फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह खुशी की बात है कि चेतक ने दिल्ली पुलिस की महिला कर्मियों के साथ अभियान चलाने की यह नेक शुरुआत की है क्योंकि यह न केवल उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, बल्कि उन्हें उदाहरण पेश करने में भी मदद करेगा।

### कई राज्यों तक फैला जांच का दायरा, यूएपीए के तहत मामला दर्ज

# स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट कर रही संसद चूक की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद सुरक्षा चूक को लेकर स्पेशल सेल की काउंटर इंटेलीजेंस यूनिट जांच में जुटी है। यूएपीए के तहत मामला दर्ज कर गुरुवार दोपहर चार आरोपियों को पटियाला हाउस अदालत में पेश किया गया। पुलिस ने सभी आरोपियों का 15 दिन का रिमांड मांगा था लेकिन सात दिन की पुलिस कस्टडी मिली। वहीं लापरवाही के चलते आठ सुरक्षाकर्मियों को निलंबित किया गया है।

पुलिस की टीमें अब हरियाणा, मैसुरु, मुंबई, लखनऊ और बेंगलुरु में जाकर जांच करेगी। मुख्य साजिशकर्ता ललित झा अभी भी फरार बताया जा रहा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार संसद सुरक्षा चूक की घटना के संबंध में संसद मार्ग थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा



120बी (आपराधिक साजिश), 452 (बिना मंजूरी के प्रवेश), 153 (दंगा भड़काने के इरादे से जानबूझकर उकसाना), 186 (लोक सेवक को सार्वजनिक कार्यों के निर्वहन में बाधा पहुंचाना) और 353 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य के निर्वहन से रोकने के लिए आपराधिक बल का इस्तेमाल करना अथवा हमला)

▪ मुख्य साजिशकर्ता अब भी फरार, चार आरोपियों की अदालत में हुई पेशी

और यूएपीए की धारा 16 तथा 18 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि इस घटना की योजना छह लोगों ने मिल कर बनाई थी और गिरफ्तार किये गये चारों लोग उसी समूह का हिस्सा हैं। पांचवे आरोपी को बाद में हिरासत में लिया गया। इसके अलावा छठें संदिग्ध आरोपी की तलाश में छापेमारी जारी है।पुलिस ने बताया कि कोलकाता निवासी ललित झा पेशे से शिक्षक है और सुरक्षा में सेंधमारी मामले में मुख्य साजिशकर्ता है। ललित और अन्य आरोपी क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह से प्रभावित थे और ऐसा कृत्य करना चाहते थे जिससे देश का ध्यान उन पर जाए। हालांकि सुरक्षा एजेंसियों को अब तक ऐसा कोई सुराग नहीं मिला है जिससे इनका संबंध किसी आतंकी समूह से होने का संकेत मिले।

### सोशल मीडिया के जरिये संपर्क में आये थे

पुलिस का कहना है कि सभी छह लोग सोशल मीडिया से संपर्क में आए थे और फिर फेसबुक में भगत सिंह 'फैन पेज' से जुड़े थे। ललित शिक्षक था और वह इस कृत्य की कमान संभाल रहा था। मनोरंजन को मानसून सत्र के दौरान संसद के सभी प्रवेश द्वारों की रेकी करने का निर्देश दिया गया था। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि जुलाई में मनोरंजन दिल्ली आया और विजिटर पास के जरिए संसद के अंदर गया। वहां उसे पता चला कि जूतों की तलाशी नहीं ली जाती। बुधवार को ललित अपने चार अन्य साथियों के साथ संसद पहुंचा। उनमें से केवल दो लोगों के नाम पर पास थे, ऐसे में ललित ने चारों-सागर, मनोरंजन, नीलम और अमोल के फोन ले लिए। संसद परिसर के अंदर और बाहर जिन केन से रंगीन धुआं उड़ाया गया था उसे अमोल महाराष्ट्र के कल्याण से लाया था। सागर और मनोरंजन अंदर चले गए, जबकि नीलम और अमोल बाहर गेट पर रुके, जहां उन्होंने भी रंगीन केन खोले और उससे पीला तथा लाल रंग का धुआं उड़ाया।

### हिरासत का वीडियो इंस्टाग्राम पर किया गया था पोस्ट

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि संसद के बाहर से नीलम और अमोल को हिरासत में लिए जाने के तुरंत बाद ललित ने घटना का वीडियो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया और समूह का हिस्सा रहे विशाल शर्मा उर्फ विक्की के साथ साझा भी किया था। ललित की आखिरी लोकेशन राजस्थान-हरियाणा बॉर्डर पर नीमराणा में मिली थी। पुलिस ने पहले कहा था कि सभी पांचों आरोपी 10 दिसंबर को मिले थे और गुरुग्राम में विशाल शर्मा के घर पर रुके थे।

### सुरक्षा चूक मामले में आठ कर्मी निलंबित

सूत्रों से पता चला कि सुरक्षा चूक की घटना के सिलसिले में आठ सुरक्षा कर्मियों को निलंबित किया गया है। निलंबित किए गए पुलिसकर्मी संसद भवन की सुरक्षा के लिए प्रतिनियुक्ति पर थे तथा उनका काम आगंतुकों तथा मीडियाकर्मियों की जांच करना था। इनके नाम रामपाल, अरविंद, वीर दास, गणेश, अनिल, प्रदीप, विमित और नरेंद्र पता चलें हैं। दिल्ली पुलिस के अलावा विभिन्न एजेंसियों के कर्मियों को संसद परिसर के साथ-साथ भवन में प्रवेश करने वाले लोगों की जांच के लिए तैनात किया गया था। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की जिम्मेदारी संसद की बाहरी सुरक्षा की होती है।

## बीएसईएस का ग्राहक सेवा अधिकारी 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

एंटी करप्शन ब्रांच ने बिजली मीटर लगवाने के एवज में 50 हजार की रिश्वत लेते बीएसईएस के ग्राहक सेवा अधिकारी को गिरफ्तार किया है। इसने सेवानिवृत्त अधिकारी से एक लाख की डिमांड की थी। आरोपी हजरत निजामुदीन क्षेत्र स्थित बीएसईएस कार्यालय में तैनात था।

आरोपी का नाम देवेश शर्मा बताया गया है। वह जैतपुर क्षेत्र का रहने वाला है। ज्वाइंट सीपी मधुर वर्मा के अनुसार 14 दिसंबर को पीड़ित शख्स ने एसीबी के ऑफिस में आकर शिकायत दी थी। उन्होंने रिटायर्डमेंट के बाद मिले पैसे से हाल ही में निजामुदीन में एक फ्लैट खरीदा था। वह तब से ही मीटर लगाने के लिए बीएसईएस कार्यालय के चक्कर लगा रहे थे, लेकिन सभी मानदंडों को पूरा करने के बावजूद मीटर नहीं लगाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी मुलाकात बीएसईएस अधिकारियों



▪ एक सेवानिवृत्त अधिकारी से मीटर लगवाने के एवज में मांगे थे एक लाख

से हुई जो इस काम के बदले एक लाख की रिश्वत का दबाव बना रहे हैं। इस शिकायत पर एसीबी की टीम ने पीड़ित को विश्वास में लिया और जैसे ही उसने ऑफिस पहुंच आरोपी को 50 हजार रुपए दिए, तभी रेडिंग टीम ने उसे दबोच लिया। इस कार्रवाइ के दौरान कई बीएसईएस अधिकारी मौके से भाग निकले। उन सभी के रोल को वैरिफाई किया जा रहा है।

## कोचिंग केंद्रों का निरीक्षण करे दमकल सेवा विभाग और एमसीडी : हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को शहर के दमकल सेवा विभाग और नगर निकाय को यहां सभी कोचिंग केंद्रों का निरीक्षण कर यह पता लगाने का निर्देश दिया है कि उनमें अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली नगर निगम और दिल्ली अग्निशमन सेवा से कहा कि वे कोचिंग केंद्रों में खामियों के बारे में बताएं और यदि वे आग की घटनाओं के प्रति संवेदनशील पाए जाते हैं तो उचित निर्देश जारी करें। पीठ ने अधिकारियों से कहा कि आप प्रत्येक कोचिंग सेंटर, शिक्षण केंद्रों को खामियों के बारे में बताएं...उन्हें अनुपालन सुनिश्चित करने का अवसर प्रदान करें। अदालत ने कहा कि एमसीडी और दिल्ली दमकल सेवा दोनों संयुक्त निरीक्षण करें। उन्हें अनुपालन करने के लिए समय दें। कोई भी (केंद्र) जो पूरी तरह से संवेदनशील पाया जाता है, उसे निर्देश जारी करें और वे हमसे संपर्क कर सकते हैं। जून में मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में लगी आग की घटना का संज्ञान लेने के बाद अदालत स्वयं दर्ज किए गए एक मामले पर सुनवाई कर रही थी।

## जैन की जमानत याचिकाः मामलों को सूचीबद्ध करने पर हुए विवाद को लेकर नाखुश प्रधान न्यायाधीश ने कहा-आरोप लगाना है बहुत आसान

### दुष्यंत दवे व प्रशांत भूषण ने पत्र लिखकर मामलों को सूचीबद्ध करने में कथित गड़बड़ी का मामला उठाया था

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मामलों को सूचीबद्ध करने को लेकर विवाद से नाखुश प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड ने गुरुवार को कहा कि आरोप लगाना और पत्र लिखना 'बहुत आसान' है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि बीमारी की वजह से न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना के उपलब्ध नहीं होने की वजह से धनशोधन के मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका को न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध किया गया है।

बार के दो वरिष्ठ सदस्यों- दुष्यंत दवे और प्रशांत भूषण- ने न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ को अलग-अलग पत्र लिखकर मामलों को सूचीबद्ध करने में कथित गड़बड़ी का मामला उठाया है और कहा है कि याचिकाओं को जिस पीठ द्वारा सुना जाना निर्धारित है, उससे इतर भेजा जा रहा है। इस अप्रिय विवाद के संदर्भ में प्रधान न्यायाधीश ने उक्त टिप्पणी की है। प्रधान न्यायाधीश ने आज दिन में जैन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी के उस आग्रह को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें दिल्ली के पूर्व मंत्री जैन की जमानत याचिका पर न्यायमूर्ति त्रिवेदी की



अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा की जाने वाली सुनवाई को स्थगित करने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति चंद्रचूड ने कहा कि संबंधित न्यायाधीश ही फैसला लेंगे। उन्होंने कहा कि आरोप लगाना और पत्र लिखना बहुत आसान है। न्यायमूर्ति (ए एस) बोपन्ना के कार्यालय से एक पत्र आया है। चिकित्सीय कारणों से वह दिवाली के बाद से काम पर नहीं आए हैं। उन्होंने (न्यायमूर्ति बोपन्ना ने) कहा है कि उनके द्वारा सुने गए सभी मामलों को आंशिक रूप से सुना हुआ' (पार्ट हर्ड) के रूप में नहीं छोड़ा जाना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इसलिए यह (जैन की जमानत याचिका का) मामला न्यायूर्ति त्रिवेदी को सौंपा गया, जिन्होंने आखिरी बार इस मामले की सुनवाई की थी। न्यायमूर्ति त्रिवेदी को मामले की सुनवाई इसलिए करनी पड़ी, क्योंकि यह अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने के लिए एक आवेदन है। मैंने सोचा कि मैं इसे स्पष्ट कर दूंगा। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि बार के एक सदस्य का यह कहना अजीब है कि मुझे यह खास न्यायाधीश चाहिए।

### 'दुर्भावनापूर्ण' पत्रों से निपटने का एकमात्र तरीका उन्हें अनदेखा करना है : तुषार मेहता

अदालत कक्ष में मौजद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ऐसे 'दुर्भावनापूर्ण' पत्रों से निपटने का एकमात्र तरीका उन्हें अनदेखा करना है और उनपर प्रतिक्रिया नहीं दी जानी चाहिए। दोपहर में, प्रधान न्यायाधीश ने इस बात को स्पष्ट करने के लिए न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति त्रिवेदी की पीठ के कुछ पिछले आदेशों का हवाला दिया कि न्यायमूर्ति बोपन्ना ही चाहते थे कि जैन के मामले को 'आंशिक रूप से सुने' मामले के तौर पर न रखा जाए। उन्होंने कहा कि बार का कोई भी सदस्य यह कह रहा है कि इस विशेष न्यायाधीश को मेरा मामला सुनना चाहिए और किसी अन्य न्यायाधीश को नहीं... ऐसा नहीं हो सकता। न्यायमूर्ति बोपन्ना को चिकित्सा अवकाश पर जाना पड़ा..। पूर्वाह्न में सिंघवी ने कहा कि जैन की याचिका पर न्यायमूर्ति त्रिवेदी की अगुवाई वाली पीठ द्वारा प्रस्तावित सुनवाई को टाल दिया जाए।

## कोरोना योद्धा डॉ. चंद्रमणि साहू की पत्नी को सौंपा एक करोड़ की सम्मान राशि का चेक



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार कोरोना योद्धा के परिजनों को लगातार एक करोड़ की सम्मान राशि का चेक सौंप रही है। इस कड़ी में गुरुवार को मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत स्व. डॉक्टर चंद्रमणि साहू की पत्नी को स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक करोड़ की सम्मान राशि का चेक सौंपा। इस बात की जानकारी सौरभ ने गुरुवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। उन्होंने कहा कि कोरोना योद्धा जो इस दुनिया को अलविदा कह चुके हैं उनके परिजनों का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ख्याल रखने का वादा किया है। इसलिए मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत स्व. डॉक्टर चंद्रमणि साहू की धर्मपत्नी सुबासिनी साहू को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि का चेक प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय पेंशन दिवस पर कर्मचारी की एक ही मांग, ओपीएस लागू करोः फोरम

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** फोरम अगेंस्ट एनपीएस कल, 16 दिसंबर को जंतर मंतर पर राष्ट्रीय पेंशन दिवस (17 दिसंबर) को लेकर कर्मियों की एक ही मांग' एनपीएस वापस लो, ओपीएस लागू करो' को लेकर धरना आंदोलन करेगी। इस मौके पर एनपीएस के कर्मियों ने ओपीएस लागू करवाने तक आंदोलन जारी रखने का संकल्प लिया। नेशनल पब्लिक हेल्थ एलाइंस (एनपीएचए) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि फोरम अगेंस्ट एनपीएस ने दिल्ली के सभी कर्मचारी व स्टाफ के संगठन, एसोसिएशन, फेडरेशन आदि से संकल्प सभा में शामिल होने की अपील की और आह्वान किया। राजधानी की अनेकों यूनियनों ने संकल्प सभा में शामिल होने और ओपीएस के आंदोलन को मजबूत बनाने का ऐलान किया है।

### पीठ ने दिया दिल्ली हाईकोर्ट जाने का निर्देश

# बस मार्शल योजनाः सुप्रीम कोर्ट ने किया एलजी के फैसले के खिलाफ दिल्ली सरकार की याचिका पर सुनवाई से इनकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) की बसों में मार्शल के तौर पर काम कर रहे सभी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को सेवा से बर्खास्त करने के राज्यपाल वी.के सक्सेना के फैसले के खिलाफ दायर दिल्ली सरकार की एक याचिका पर सुनवाई करने से बृहस्पतिवार को इनकार कर दिया। सक्सेना के इस निर्णय के बाद अरविंद केजरीवाल सरकार और उपराज्यपाल के बीच तनातनी जारी है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई.



चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आम आदमी पार्टी सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और उन्हें दिल्ली हाईकोर्ट जाने का निर्देश दिया। सिंघवी ने कहा कि सरकार की लोकप्रियता बढ़ाने वाली सभी अच्छी योजनाओं पर रोक लगाई जा रही है। उन्होंने कहा कि क्या यह (मार्शलों को सेवा से बर्खास्त करना) उपराज्यपाल के तहत आता है? वह इसे कैसे रोक सकते हैं? प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि लेकिन हमें (संविधान के) अनुच्छेद 32 के तहत इस पर विचार क्यों करना चाहिए? दिल्ली हाईकोर्ट इस पर फैसला करेगा। हम पहले ही संवैधानिक मामलों (सेवाओं पर नियंत्रण के लिए सरकार और उपराज्यपाल के बीच कानूनी रस्साकशी) पर फैसला सुना चुके हैं। उन्होंने कहा कि याचिका में बस मार्शल योजना को फिर से शुरू करने की मांग की गई है। हमारे विचार से, उचित उपाय हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना होगा...यदि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट का दरवाजा रुख करता है, तो हाईकोर्ट इस पर शीघ्र विचार करेगा। उपराज्यपाल ने 27 अक्टूबर को एक प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसमें 1 नवंबर से सभी नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की सेवाएं समाप्त करने की घोषणा की गई थी। सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उन नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भर्ती पर विचार करने का भी निर्देश दिया था जिनकी सेवाएं होम गार्ड के रूप में समाप्त कर दी गई थीं।

**कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा**
कौशल भवन, सैक्टर-3, पंचकूला
iti Industrial Training Institute

उद्यमी युवा- सम्मानित हुआ

हरियाणा राज्य में स्थित राजकोय एंव निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं में स्वरोजगार स्थापित करने की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए हरियाणा सरकार द्वारा सफल उद्यमियों को पुरस्कृत करने की योजना लागू की है जिसके तहत अपना सफल उद्यम स्थापित करने एवं चलाने में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 10,000 रुपये, द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 7,500 रुपये और तृतीय विजेता उम्मीद्वार को 5,000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र प्रत्येक जिले में दिनांक 26.01.2024 को होने वाले गणतंत्र दिवस के अवसर पर देकर सम्मानित किया जाएगा। इन सभी पुरस्कृत उद्यमियों में से सर्वश्रेष्ठ तीन उम्मीदवारों को राज्य स्तरीय समारोह में प्रथम विजेता उम्मीदवार को 50,000 रुपये और द्वितीय विजेता उम्मीदवार को 40,000 रुपये और तृतीय विजेता उम्मीदवार को 30,000 रुपये की नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायगा। इच्छुक उम्मीदवार अपने जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में दिनांक 31.12.2023 से पहले आवेदन जमा करवा सकता है। आवेदन प्रपत्र एवं योजना के नियम व शर्तें विभाग की वैबसाईट www.itiharyana.gov.in से डाऊनलोड कर सकते हैं।

महानिदेशक

पीआरडीएच- 1065/11/101/2024/23394/88/7 दि. 14.12.23

## खबर संक्षेप

### राजधानी में न्यूनतम पारा 6.2 डिग्री हुआ दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली अब धीरे धीरे कड़ाके की ठंड की ओर बढ़ रही है। सर्दी के इस सीजन की सबसे कड़ाके वाली ठंडी गुरुवार सुबह दर्ज हुई। न्यूनतम पारा लुढ़ककर रिकॉर्ड स्तर 6.2 डिग्री दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 2 डिग्री नीचे है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार गुरुवार को बहुत ज्यादा ठंडी रही। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री ज्यादा 24.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यानी दिन में कड़ाके की सर्दी से राहत मिलती रही, लेकिन सुबह और रात को सर्दी अपना असर दिखा रही है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाले तीन चार दिन मौसम ऐसा ही रह सकता है, न्यूनतम तापमान में एक दो डिग्री कम ज्यादा रह सकता है।

### आपदा प्रबंधन पर डीटीयू में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आपदा प्रबंधन पर पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन भू-मौसम जोखिम प्रबंधन प्रभाग एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के साथ किया। डीटीयू प्रशासन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डीटीयू कुलपति डॉ प्रतीक शर्मा और कुलसचिव प्रोफ़ेसर मधुसूदन सिंह के संरक्षण में कार्यक्रम का शुभारम्भ 11 दिसम्बर 2023 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राजेंद्र रत्नू, प्रोफेसर सूर्य प्रकाश, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (एनआईडीएम) में जियोमेटोलॉजिकल जोखिम प्रबंधन प्रभाग के प्रमुख, डीटीयू की स्टूडेंट वेलफेयर डीन प्रो. यस इंदु, सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय के मिनोचा, प्रो. राजू सरकार और डॉ. शिल्पा पाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। पंद्रह दिसंबर 2023 तक चलने वाले इस पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में 21 संस्थानों के 66 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया और भाग लिया।

### धरने पर बैठे पूर्व मार्शलों ने रोजगार मंत्री आनंद से मिलकर सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। अपनी मांगों के समर्थन पर दिल्ली सचिवालय पर बैठे पूर्व मार्शलों ने गुरुवार को दिल्ली के रोजगार मंत्री राज कुमार आनंद से मिलकर मांग पत्र से जुड़ा एक ज्ञापन सौंपा। मार्शलों ने मंत्री आनंद से मिलकर गुहार लगाई की दस हजार से ज्यादा महिला पुरुष मार्शलों की रोजी रोटी का गंभीर सवाल है। वहीं दूसरी तरफ बसों में सफर करने वाली लाखों महिलाओं की सुरक्षा का भी गंभीर मसला है। ऐसे में हमारी केजरीवाल सरकार से अपील है कि हजारों मार्शलों के सामने खड़ी रोजी रोटी की समस्या को समझे ओर तुरंत बहाली के आदेश जारी किए जाए।

---

दिल्ली के सार्वजनिक बसों के बेड़े में हो गई है करीब 1,300 इलेक्ट्रिक बसें

# उपराज्यपाल ने केजरीवाल संग 500 नई इलेक्ट्रिक बसों को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरूवार को दिल्ली के लोगों को नववर्ष से पहले ही 500 नई इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा दिया है। एलजी सक्सेना ने सीएम केजरीवाल संग मिलकर इन बसों को हरी झंडी दिखाई। जिसके बाद दिल्ली के सार्वजनिक बसों के बेड़े में करीब 1,300 बसें हो गयी है। इस मौके पर एलजी ने कहा कि दिल्ली के लिए इस योजना के तहत 1500 बसों के कुल आवंटन में से 921 बसों को केंद्र सरकार द्वारा 416.82 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जबकि शेष 579 बसों के लिए, जीएनसीटीडी 262.04 करोड़ रुपये की सब्सिडी वहन कर रहा है। एलजी ने कहा कि सीसीटीवी और जीपीएस सहित अन्य सुविधाओं से युक्त यह ई-बसें दिल्ली के लोगों को आरामदायक और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन प्रदान करने के अलावा, शहर में वायु प्रदूषण से लड़ने और उसे कम करने में काफी मदद करेंगी। एलजी ने कहा कि सीसीटीवी और जीपीएस आदि से युक्त यह ई-बसें जहां दिल्ली के लोगों को सुरक्षा देने में अहम भूमिका निभाएगीं, वहीं आरामदायक और सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन प्रदान करने के अलावा, शहर में वायु प्रदूषण से लड़ने और उसे कम करने में काफी मदद करेंगी। इस मौके पर उपराज्यपाल के अलावा सीएम केजरीवाल, परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत व परिवहन आयुक्त सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर सीएम केजरीवाल ने कहा कि मैं इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना से लेकर दिल्ली के लोगों को बधाई देना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि अब दिल्ली सरकार के पास कुल 1300 इलेक्ट्रिक बसें हैं। हमारी कोशिश रहेगी कि दिल्ली की परिवहन प्रणाली को मजबूत बनाना जारी रखा जा सके। वहीं परिवहन मंत्री गहलोत ने कहा कि बधाई हो दिल्ली, हम आज एक और बड़ी उपलब्धि का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि सफलता कभी रातों-रात नहीं मिलती, यह निरंतरता का परिणाम है। हम एक बार फिर रिकॉर्ड 1300 इलेक्ट्रिक बस के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मंत्री ने कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों में इलेक्ट्रिक बस को शामिल करना एक मजबूत कदम है। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। एक सीएनजी बस प्रति किलोमीटर 800 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करती है। जबकि नई इलेक्ट्रिक बस इस कार्बन डाइऑक्साइड को वातावरण में जाने से बचाती है। परिवहन विभाग के अनुसार इलेक्ट्रिक बस के प्रयोग करने से अब तक 34 हजार टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोका गया है। दिल्ली में 2025 तक कुल 10,480 बस हो जाएंगी, इससे हर साल 4.67 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रोकने में मदद मिलेगी।

### इलेक्ट्रिक बसें बन रहीं है अब दिल्ली की नई पहचान : केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारी शानदार इलेक्ट्रिक बसें अब दिल्ली की नई पहचान बन रही हैं। सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि उपराज्यपाल के साथ दिल्ली में 500 नई इलेक्ट्रिक बसों की शुरुआत की। अब दिल्ली में 1300 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं, जो देश में सर्वाधिक हैं। 2025 तक हमारा लक्ष्य कुल 8000 इलेक्ट्रिक बसों का है। उस वक्त दिल्ली में 10 हजार से ज्यादा बसें होंगी, जिनमें 80 फीसद बसें इलेक्ट्रिक होंगी। गुरुवार को सुबह इंद्रप्रस्थ डिपो में इलेक्ट्रिक बसों का उद्घाटन कार्यक्रम राष्ट्रगान से शुरू हुआ। एलजी वीके सक्सेना व सीएम अरविंद केजरीवाल ने नई इलेक्ट्रिक बसों में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बसों में मौजूद अत्याधुनिक सुविधओं के बारे में जानकारी दी। इसके उपरांत हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया गया। इस मौके पर परिवहन आयुक्त आशीष कुंद्रा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### दिल्ली को 500 और इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा देने के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि गुरुवार को दिल्ली को 500 नई इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा देने के लिए दिल्लीवासी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आभारी हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने भारत सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय की फेम योजना के तहत पिछले एक साल में दिल्ली को कुल 1300 इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा दिया है। सचदेवा ने कहा है कि महिला सुरक्षा के लिए विशेष सुविधाओं वाली ये बसें एक ओर जहां महिलाओं के लिए यात्रा को और अधिक आरामदायक बनाएंगी, वहीं दूसरी ओर दिल्ली की सड़कों पर वाहन प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेंगी।

### भाजपा सरकार ने दिल्ली को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का किया है निश्चय : प्रवेश

**नई दिल्ली।** सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि बधाई हो दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फेम योजना के तहत दिल्ली को आज 500 और नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात दी है जिससे अब दिल्ली में कुल 1300 इलेक्ट्रिक बसें हो गई हैं। भाजपा सरकार ने फेम इंडिया योजना के तहत दिल्ली को प्रदूषण से मुक्ति दिलाने का निश्चय किया है।

### पीएम मोदी की तरफ से मिला हैं दिल्ली को इलेक्ट्रिक बसों का तोहफा : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता विपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने दिल्ली की सड़कों पर 500 इलेक्ट्रिक बसों को उतारने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। केंद्र सरकार की मदद से दिल्ली को 500 इलेक्ट्रिक बसों का नायाब तोहफा मिला है। इससे दिल्ली में प्रदूषण से जंग लड़ने में आसानी होगी और दिल्ली के मृत हो रहे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को संजीवनी मिलेगी। बिधूड़ी ने घोषणा की कि भाजपा विधायक दल केंद्र द्वारा दिल्ली के लिए उपलब्ध कराई गई योजनाओं की घर-घर जाकर जानकारी देगा। बिधूड़ी ने कहा कि पिछले नौ सालों में केजरीवाल सरकार एक भी नई सीएनजी बस नहीं खरीद पाई जबकि उसने 15 हजार बसों का वायदा किया था।

### 20 हजार की जगह 500 बसें 'ऊँट के मुँह में जीरा' : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** एलजी विनय कुमार सक्सेना व सीएम अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली को 500 नई इलेक्ट्रिक बसों की सौगात देने पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने सवाल खड़े किए है। लवली ने कहा कि दिल्ली के परिवहन बेड़े में करीब 20 हजार बसों की जरुरत के बावजूद केवल 500 बसें देकर सरकार ऊँट के मुँह में जीरा देने वाली कहावत को चरितार्थ कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिला सुरक्षा, बढ़ते प्रदूषण, ध्वस्त परिवहन व्यवस्था जैसे अधिकांश जनहित मुद्दो का हल निकालने में केजरीवाल सरकार पूरी तरह विफल रही हैं। लवली ने कहा कि दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था के चलते बढ़ते अपराधों के कारण महिला सुरक्षा एक चिंताजनक विषय बन गया है, जिस पर केन्द्र और दिल्ली सरकार काम न करके केवल पल्ला झाड़ राजनीति कर रहे है।

---

### दिल्ली की जनता को मिल रही हैं विश्व स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाएं : भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली की जनता को विश्व स्तरीय स्वास्थ्य व्यवस्थाएं मिल रही हैं। यह बात दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को कही है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा अस्पतालों का औचक निरीक्षण लगातार जारी है। इसी कड़ी में दूसरे दिन गुरुवार को भी स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने चार और सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण किया। मंत्री द्वारा जिन अस्पतालों का निरीक्षण किया गया उनमें दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल, दादा देव अस्पताल, इंदिरा गांधी अस्पताल एवं सुश्रुत ट्रॉमा सेंटर अस्पताल शामिल हैं। औचक निरीक्षण के दौरान दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में मंत्री सौरभ ने मरीजों से बात की। नजफगढ़ से आए मरीज ने बताया कि अस्पताल में सभी प्रकार की दवाइयां, सारा इलाज, देखरेख बिल्कुल मुफ्त है और अस्पताल में सारी सुविधाएं बेहतर किस्म की उपलब्ध कराई जाती है। वहीं दादा देव अस्पताल में जच्चा बच्चा विभाग में खुद को दिखाने आई महिलाओं से भी मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बात की। मौके पर मौजूद सभी महिलाओं ने एक सुर में कहा कि सभी प्रकार के टेस्ट सभी जांच अस्पताल में ही की जा रही है और किसी भी प्रकार की जांच के लिए कोई रिश्वत कोई पैसा नहीं देना पड़ा। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि डॉक्टरों का आचार व्यवहार भी बहुत अच्छा है, बहुत अच्छी तरीके से और तसल्ली बख्श जांच करते हैं। वहीं मरीजों ने कहा कि अस्पताल में पर्चा बनवाने के लिए किसी को भी रिश्वत नहीं देनी पड़ी । डॉक्टर के द्वारा जो भी दवाइयां पर्चे पर लिखी गई हैं, सभी दवाइयां अस्पताल से ही मिल गईं।



### विधानसभा का विशेष सत्र आज से, सदस्य पूछ सकेंगे सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र बेहद ही खास होने वाला है क्योंकि बजट सत्र के बाद ये पहला पत्र होगा जिसमें प्रश्नकाल रखा जाएगा। इसमें सदस्य मंत्रियों से अपने क्षेत्रों के सवाल पूछ सकेंगे। वहीं सत्तापक्ष द्वारा हाल ही संसद की सुरक्षा में चूक का मामला विधानसभा में जोरशोर से उठाया जा सकता है। इस मामले को लेकर सत्तापक्ष विपक्षी पार्टी भाजपा पर निशाना साध सकती है। इसके अलावा सदन की बैठक में नियम 280 के तहत विशेष उल्लेख के मामले भी उठाए जाएंगे। साथ ही कुछ विषयों पर अल्पकालिक चर्चा भी होगी। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के तीखे तेवरों को देखते हुए माना जा रहा है कि यह सत्र भी काफी हंगामेदार रहेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सदन पटल पर शिक्षा मंत्री आतिशी द्वारा कागजात पेश किए जाएंगे। वहीं वित्त मंत्री आतिशी द्वारा ही सदन में दिल्ली माल एवं सेवा कर (द्वितीय संशोधन) विधेयक 2003 को पेश किया जा सकता है। बता दें सरकार ने दो दिवसीय सत्र ही बुलाया है। इस दौरान 15 और 18 दिसंबर को सदन की दो बैठकें होंगी।

## कूड़ा उठाने के लिए रात में भी चलाए जाएंगे ऑटो टिप्पर : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली को कूड़ा मुक्त करने और वार्डों से कूड़ा उठाने के लिए निगम सरकार ने नई योजना तैयार की है। जिन वार्डों में ऑटो टिप्पर की कमी है, वहां रात में भी ऑटो टिप्पर चलाए जाएंगे। इसके जरिए सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं पर भी कूड़ा ना दिखे। दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने गुरुवार को शाहदरा दक्षिणी जोन के पार्षदों और उपायुक्त के साथ सिविक सेंटर में बैठक की। जिसके बाद महापौर ने उपायुक्त को निर्देश दिए कि ऐसे ढलाव घर जहां ऐसी समस्या है। वहां पर सीमेंटेड ब्लॉक लगा दी जाये, जिससे कूड़ा बाहर ना आये। साथ ही जिन वार्डों में आवश्यकता है वहां पर रात में ऑटो टिप्पर चलाये जाएं। पार्षद जीपीएस से ऑटो टिप्पर को ट्रैक कर सकते हैं। बैठक में पार्षदों ने अपने वार्ड की समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। पार्षदों ने महापौर को बताया कि क्षेत्र में ढलाव घर पर कूड़ा बिखरा रहता है। हालांकि मेट्रो वेस्ट कंपनी नियमित रुप से कूड़ा उठा रही है लेकिन रैग पिकर्स की वजह से कूड़ा बिखरा रहता है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी होती है।

■ ओबरॉय ने पार्षदों के साथ सिविक सेंटर में की बैठक

### पार्कों के रख रखाव के लिए की जाएगी एक एजेंसी नियुक्त

महापौर ने बताया कि पार्कों के रख रखाव के लिए एक एजेंसी नियुक्त की जाएगी। इसी तरह पेड़ों की प्रूनिंग के लिए भी एजेंसी की सेवाएं ली जाएंगी। इससे वार्ड वासियों और वाहन चालकों की पेड़ों की प्रूनिंग समस्या खत्म हो जाएगी। इसके संबंध में महापौर डॉ शैली ओबरॉय की तरफ से बैठक में जानकारी दी गई।

### एमसीडी उपायुक्त ने पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के उपायुक्त वीर सिंह यादव ने गुरुवार की सुबह नरेला वार्ड के अंतर्गत आने वाले सिंघू बॉर्डर इलाके की सफाई व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। साथ ही इस दौरान वहां मौजूद रेहड़ी पटरी वालों को पीएम स्वनिधि योजना की जानकारी दी और इस दौरान रेहड़ी पटरी वालों ने उपायुक्त की बातें ध्यान से सुनी। यहां उपायुक्त यादव ने बताया कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना शुरु की है। इस योजना के तहत रेहड़ी-पटरी लगाने वालों को बिना कुछ गिरवी रखे लोन की सुविधा दी जाती है। योजना के तहत आप पहली बार 10 हजार रुपये तक की लोन राशि बिना किसी गारंटी के प्राप्त कर सकते हैं। वहीं 12 महीने के भीतर राशि वापस करने के बाद आपको दूसरी बार 20 हजार रुपये और तीसरी बार 50 हजार रुपये तक की राशि मिल सकती है। उपायुक्त ने बताया कि शुक्रवार की सुबह यहां निगम अधिकारी कैंप लगाकर इस योजना की जानकारी देंगे।

---

अधूरी पड़े कामों को किया जाएगा पूरा

# दिल्ली जल बोर्ड की परियोजनाओं के लिए वित्त विभाग ने जारी किए 535 करोड़ रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

फंड जारी करने को लेकर खींचतान के बीच गुरुवार को दिल्ली सरकार के वित्त विभाग ने एजेंसी की लगभग 70 परियोजनाओं के लिए दिल्ली जल बोर्ड को 535 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। इससे जल बोर्ड अधूरे पड़े कामों को पूरा किया जा सकेगा। इस बात की जानकारी अधिकारियों ने दी है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने पिछले महीने दावा किया था कि वित्त विभाग द्वारा दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का फंड रोके जाने के कारण दिल्ली जल संकट से जूझ रही है और उन्होंने उपराज्यपाल वीके सक्सेना से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी।

अधिकारी ने कहा कि फंड जारी करने की फाइल 7 दिसंबर को आई थी और फंड 9 दिसंबर को मंजूर किए गए थे। ये फंड की दूसरी किस्त है जिसे दिल्ली जल बोर्ड को जारी किया जाना है। वहीं इस महीने की शुरुआत में दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने कहा था कि वित्त सचिव से फंड के वितरण में देरी के कारण सभी रखरखाव और विकासात्मक कार्य रुक गए हैं। उन्होंने कहा कि हमें दिल्ली जल बोर्ड को कुल 2,200 करोड़ रुपये जारी करने हैं और इसमें से 535 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। वित्त विभाग ने 11 दिसंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय को धनराशि जारी करने के बारे में सूचित किया था।

### ये फंड सीवर लाइनें बिछाने, जलापूर्ति और टैंकर उपलब्ध कराने में होगा खर्च


सरकारी अधिकारी ने कहा कि लगभग 70 परियोजनाएं हैं जिनके लिए ये धनराशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि इन 70 परियोजनाओं को जियोटैग किया गया है और उनके सभी विवरण हमें दिए गए हैं। इनमें जल आपूर्ति और सीवर लाइनें बिछाने के लिए डीजेबी टैंकर उपलब्ध कराना शामिल है। इन सभी परियोजनाओं का बजट पांच सौ करोड़ या उससे अधिक है।

### अन्य परियोजनाओं की फाइलें भेजने पर जारी की जाएगी फंड की दूसरी किस्त

अधिकारी ने कहा कि एक बार डीजेबी अन्य परियोजनाओं से संबंधित फाइलें भेज देगा और विभाग संतुष्ट हो जाएगा, तो दूसरी किस्त की धनराशि जारी कर दी जाएगी। एक अन्य अधिकारी के अनुसार, इस साल मई में, डीजेबी को वित्त विभाग से खाते के आधार पर पहली स्थापना के रूप में 1,952 करोड़ रुपये मिले, जो परियोजनाओं के वास्तविक कार्यान्वयन, जमीन पर काम की प्रगति और उसके उपयोग प्रमाण पत्र जमा करने के अधीन था।

### बल्लीमारान क्षेत्र में जल्द से जल्द करवाई जाए सीवर की सफाई : इमरान

नई दिल्ली। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मंत्री इमरान हुसैन ने दिल्ली जल बोर्ड के सदस्यों को अपने विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान में सीवर की सफाई जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए हैं। इस बात की जानकारी इमरान हुसैन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर दी है। इमरान ने एक्स पर लिखा कि बल्लीमारान विधानसभा में पानी और सीवर को लेकर हो रही दिक्कतों के मद्देनजर आज दिल्ली जल बोर्ड के सदस्यों के साथ मीटिंग की। इस दौरान अधिकारियों को सीवर की सफाई जल्द से जल्द करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जहां कहीं भी बोरिंग खराब हो गई है या जनता को साफ पानी की समस्या हो रही है इन्हें जल्द से जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए।




## खबर संक्षेप

### शारीरिक-मानसिक दोनों के लिए खेल जरूरी



**गुरुग्राम।** पहली ओपन विंटर जूडो चैंपियनशिप 2023-24 की शुरुआत करते हुए हरियाणा भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि बच्चों को माता-पिता किसी न किसी खेल में आगे बढ़ाए। शारीरिक, मानसिक रूप से बच्चों की मजबूती के लिए खेल बहुत जरूरी हैं। मौके पर अकादमी के निदेशक आरएस यादव, रेनू आदि ने अमित गोयल का स्वागत किया।

### 21 से 4 जन. तक घर-घर खोजे जाएंगे कुष्ठ रोगी



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 21 दिसम्बर से चार जनवरी तक सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान चलाया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की स्क्रीनिंग कर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगी। यह रोग मल्टी ड्रग थेरेपी से यह पूर्णतया ठीक हो जाती है, लेकिन लापरवाही बरतने से दिव्यांगता का खतरा हो सकता है।

### यातायात पुलिस ने 78 चालकों के काटे चालान



**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ चलाए गए अभियान से एक दिन में 1858 वाहन चालकों के चालान काटकर जुर्माना लगाया। ओवर स्पीड एवं नो एंट्री के संबंध में यातायात पुलिस द्वारा 78 वाहन चालकों के चालान काटे गए जिसमें ओवर स्पीड के 57 चालान एवं नो.एंट्री के 21 चालान किए गए।

### 24 वर्षीय लापता महिला को आगरा से बरामद



**फरीदाबाद।** थाना एनआईटी की पुलिस चौकी सेक्टर-21 डी प्रभारी नीरज कुमार की टीम ने घर से लापता हुई महिला को बरामद किया है। महिला की जुलाई माह में पति के साथ झगडा हो गया था जिसको लेकर महिला बिना बताए घर से निकल गई थी। परिजनों के द्वारा सूचना पुलिस चौकी सेक्टर-21 डी में दी गई थी। तभी से पुलिस चौकी सेक्टर 21 की टीम महिला की तलाश में जुटी हुई थी।

### दुष्कर्म मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** पुलिस थाना सुरजकुण्ड की पुलिस चौकी सेक्टर-46 प्रभारी धर्मपाल की टीम ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम टीकाराम है। 26 जून 2023 को सुरजकुण्ड थाने में अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था, जिसमें 14 वर्षीय नाबालिक को बहला-फुसलाकर ले गया था। उसके बाद दुष्कर्म की को अंजाम दिया।

### लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** थाना सेक्टर-17 प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेन्द्र सिंह की टीम ने लूट के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।आरोपी लक्ष्मी नारायण फतेहपुर बेरी दिल्ली का रहने वाला है। थाना पुलिस टीम ने आरोपी को उसके घर से रेड कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने वर्ष 2020 में अपने साथी कुलदीप उर्फ दीपू, आजाद उर्फ अर्जी व नाबालिक के साथ सेक्टर-17 के एक घर में लूट की थी।

---

### गाजियाबाद में करोड़ों रुपए के विकास कार्य होंगे, लोगों को मिलेगी राहत

# अधिकारियों को कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

महापौर ने शहर के 11 वार्डों में होने वाले 14 करोड़ 90 लाख के विकास कार्यों का गुरुवार को शिलान्यास किया। सड़क निर्माण, चौड़ीकरण और अन्य कार्य कराए जाएंगे। महापौर ने निगम अधिकारियों को विकास कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान रखने के निर्देश दिए।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया यह निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के हैं। इनके पूरे होने पर लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी वार्ड को कमजोर नहीं छोड़ा जाएगा। सभी का विकास एक समान होगा। निगम की मूल सुविधा हर व्यक्ति को मिलेगी। इस मौके पर पार्षद प्रवीण चौधरी, शीतल देओल, रेखा गोस्वामी, श्री भगवान अग्रवाल, प्रतिभा शर्मा, सतेन्द्र चौधरी, नरेश भाटी, राज कुमार, अजय शर्मा और पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

> निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग की धनराशि के हैं। इनके पूरे होने पर आमलोगों को काफी राहत मिलेगी। सभी का विकास एक समान होगा।



#### इन वार्डों में यह कार्य होंगे

वार्ड 36,74,54 वसुंधरा ज़ोन में सेक्टर 10 पानी की टंकी से सड़क क्रॉस कर सेक्टर 11 होकर नहर सर्विस रोड तक महावीर चौक से सर्विस रोड, परशुराम चौक से नहर सर्विस रोड तक व अटल चौक से गुरुद्वारा मार्ग तक आरसीसी नाला निर्माण होगा। वार्ड- 97 रामप्रस्थ और चंद्रपुरी में ब्रिज विहार रोड से नगर निगम जन सेवा केंद्र,शांति मार्ग से महाराणा प्रताप मार्ग एवं दिल्ली बॉर्डर से रेलवे लाइन के पास तक मुख्य सड़क बनाई जाएगी। वार्ड- 10 डी एलएफ कॉलोनी में डी एक से डी 5/11, 1/11,1/56 सड़क और नाली का निर्माण होगा।

#### यहां सड़क बनाई जाएगी

वार्ड-10 डी एलएफ और पप्पू कॉलोनी में सड़क बनाई जाएगी। वार्ड- 9 में शिबनपुरा गुरुद्वारा से लाल चौक तक सड़क निर्माण होगा। वार्ड- 84 आरडी सीमें पिंक शौचालय से हिंट चौक तक सड़क बनेगी। इसी वार्ड सेक्टर 3,6,9,11,13 और 14 मुख्य मार्गों पर डेन्स सड़क निर्माण कराया जाएगा। वार्ड- 67 संजय नगर भारतीय स्टेट बैंक से यशोदा हॉस्पिटल होते हुए फार्च्यून होटल तक क्षतिग्रस्त नाला ठीक कराया जाएगा। वार्ड- 65 डायमंड तिराहे से विवेकानंद नगर तिराहे तक सड़क निर्माण कराया जाएगा। वार्ड-24 बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र में आईएमएस कॉलेज से रोड नंबर- 4 से बड़े नाले आरसीसी निर्माण होगा। वार्ड- 24 महरौली में एनएच-9 से निगम बालिका इंटर कॉलेज तक सड़क निर्माण कराया जाएगा।

---

### गांव मंधावली व भैंसरावली में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार कर रही चहुंमुखी विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला फरीदाबाद में निरंतर चल रहा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ गांव मंधावली व भैंसरावली पहुंचा। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश नागर ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर की ।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। इसके लिए देश के हर नागरिक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जागृत होना चाहिए। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य भी यही है कि लोगों में राष्ट्र के प्रति चेतना उत्पन्न कर राष्ट्र को आगे ले जाना है तथा आमजन को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है।

> वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाना है। इसके लिए देश के हर नागरिक को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जागृत होना चाहिए।

- सभी विभाग स्टॉल लगाकर दे रहे हैं योजनाओं का लाभ
- कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया



#### विधायक ने नागरिकों की समस्याएं सुनी

विधायक ने नागरिकों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को उनके समाधान के लिए निर्देश दिए। कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और अधिकारी अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही पात्र नागरिकों को योजनाओं व सेवाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। सभी विभाग अपने से संबंधित स्टॉल लगाकर योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। आमजन अपनी समस्याओं का समाधान विभाग के स्टॉल पर जाकर करवा सकते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर विधायक ने ग्राम वासियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई तथा स्कूली छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर मंधावली गांव के सरपंच बृजेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरिराज त्यागी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से मंच संचालक एलबीपी धरमवीर सिंह सहित अन्य विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी के भाई पर हमला, युवकों ने पेट्रोल डालकर लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

नूंह हिंसा के आरोपी और पर्वतीय कॉलोनी, संजय एनक्लेव में रहने वाले बिट्टू बजरंगी के छोटे भाई महेश पांचाल को अज्ञात युवकों ने देर रात आग लगा दी। बिट्टू बजरंगी ने बताया कि उनकी डबुआ मंडी में सब्जी की दुकान है। छोटा भाई महेश देर रात करीब एक बजे मंडी में था। इस दौरान एक कार में चार-पांच युवक आए और उससे पूछा कि क्या तुम बिट्टू बजरंगी के भाई हो। हां कहने पर उन्होंने पेट्रोल छिड़क दिया और आग लगा दी।



- नूंह हिंसा मामले में गिरफ्तार किया गया था, फिलहाल बिट्टू जमानत पर है

इससे महेश पांचाल गंभीर रूप से झुलस गया। वह जैसे तैसे युवकों से छूटकर भागा और अपने घर आ गया। घर आकर उसने बिट्टू बजरंगी को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस की टीम अस्पताल में पहुंची इसके बाद उन्होंने मौका मुआयना भी किया। महेश पंचाल ने बताया कि वह एक हमलावर को पहचानता है। जो की बाबा सब्जी मंडी में ही जूस विक्रेता का बेटा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### विवादों से नाता रहा

बिट्टू बजरंगी खुद को गो रक्षक बताता है। नूंह में हुई हिंसा के बाद से ही उसका एक भड़काऊ वीडियो जमकर वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार भी किया था। बिट्टू बजरंगी का विवादों से नाता रहा है। उसके खिलाफ फरीदाबाद में तीन दिन में तीन केस दर्ज हुए थे। तीनों केस सौहार्द बिगाड़ने के मामले में थे। पर्वतीय कॉलोनी के रहने वाले बिट्टू बजरंगी का असली नाम राजकुमार है। खुद को हनुमान भक्त बताने के कारण लोग उन्हें बजरंगी कहने लगे। वह गोरक्षा के नाम पर भी एक्टिव है और लोगों के खिलाफ काफी केस दर्ज कराए हैं। उसने गोरक्षा बजरंग फोर्स नामक संगठन बनाया हुआ है। वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यक्रमों में भी शामिल होता रहा है।

---

### कारोबारी का किडनेप करने की रची थी साजिश

# गैंगस्टर लॉरेंस का गुर्गा एक लाख का इनामी बदमाश काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-31 क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गुर्गे एक लाख रुपए के ईनामी बदमाश विक्की को राजस्थान से बीकानेर से गिरफ्तार कर लिया है।

- अवैध हथियारों के साथ बीकानेर से दबोचा

आरोपी के कब्जे से एक हरियाणा पुलिस के एएसआई पद की वर्दी भी बरामद हुई है। वेपन सप्लायर विक्की ने ही गुरुग्राम में कारोबारी का किडनेप करने की साजिश रची थी। इस मामले में अब तक पुलिस 11 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।

दरअसल, गुरुग्राम पुलिस ने बीती 31 मई 2022 को 7 अपराधियों को हरियाणा पुलिस की वर्दी पहने भोंडसी से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने आरोपियों से आधा दर्जन से ज्यादा हथियार भी बरामद किए थे। आरोपी एक कारोबारी का किडनेप करने की वारदात को अंजाम देने के लिए आए थे। मामले में पुलिस ने सिलसिलेवार तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया था।



#### हथियार बेचने वाला आरोपी

कारोबारी का किडनेप करने की साजिश विक्की ही रच रहा था और वह वारदात के लिए हथियार मुहैया करवा रहा था। इसी ने ही बिजनेसमैन की किडनैपिंग की भी साजिश रची थी। विक्की एक बड़ा वेपन सप्लायर भी है। उस पर एक दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं।

---

# 24 तक आप पार्टी के कार्यकर्ता देंगे बदलाव का संदेश: डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि 15 दिसंबर से आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा शुरू हो रही है। ईब हरियाणा के लाल ने, एक मौका केजरीवाल ने के नारे के साथ प्रदेश की 90 विधानसभाओं में बदलाव यात्रा निकाली जाएगी। 15 दिसंबर से लेकर 24 दिसंबर तक आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बदलाव का संदेश देंगे।

डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि यात्रा फरीदाबाद, महेंद्रगढ़, सिरसा और पंचकूला से शुरू होगी। इस दौरान पार्टी ने शिक्षा, बिजली, चिकित्सा, पानी, नौकरी, किसान, जवान और महिलाओं के सम्मान के क्षेत्र में जो काम दिल्ली और पंजाब में किए हैं, उनसे हरियाणा की जनता को अवगत कराएंगे।



- 65 दिन से धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों को आम आदमी पार्टी का समर्थन

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं, गुरुग्राम में भी दो महीने से ज्यादा समय से हड़ताल चल रही है। सफाई कर्मचारियों को 15 हजार रुपए सैलरी मिलती थी, अब उसको घटा कर हरियाणा का जो मिनिमम रेट 10 हजार के आसपास उस पर ले आए हैं। इसके अलावा 3 हजार से ज्यादा कर्मचारियों के हटाने की कवायद गुरुग्राम नगर निगम ने की है, उसके खिलाफ जो धरना चल रहा है उसका आम आदमी पार्टी ने समर्थन किया है। कहा कि हरियाणा में ऐसा कोई वर्ग नहीं है, जो हड़ताल पर न हो। बदलाव यात्रा के माध्यम से पार्टी सभी कर्मचारी वर्गों की आवाज को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने जानकारी दी कि उनका रूट फरीदाबाद से शुरू होकर गुरुग्राम, सोहना, बादशाहपुर, फिरोजपुर झिरका, हथिन, पुन्हाना होडल, पलवल, पृथला, तिगांव और बल्लभगढ़ से होकर जींद में यात्रा का समापन होगा। इस दौरान 25 विधानसभा को कवर किया जाएगा। डॉ. अशोक तंवर सिरसा से शुरू होने वाले यात्रा का नेतृत्व करेंगे और भिवानी में खत्म करेंगे।

---

### एफआईआर दर्ज,मौके पर पुलिस बल तैनात

# गाजियाबाद में शरारती तत्वों ने बाबा साहब की मूर्ति को किया खंडित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

थाना मुरादनगर के ग्राम सुठारी के अंबेडकर पार्क में सामाजिक तत्वों ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को खंडित कर दिया। इसके बाद लोगों में रोष फैल गया। एक विशेष समाज के लोगों ने इसको लेकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बूझकर शांत किया। पुलिस का कहना है की मौके भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और कानून व्यवस्था पूरी तरह से नियंत्रण में है।

#### लोगों ने शुरू कर दिया हंगामा

एसीपी मसूरी नरेश कुमार ने बताया कि सुठारी गांव में एक अंबेडकर पार्क है जहां पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगी । जहां लोगों ने सुबह उठकर देखा तो मूर्ति को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसके बाद लोगों ने शुरुआती दौर में खुद ही हंगामा शुरू कर दिया था,लेकिन सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल पहुंची और मौके को कंट्रोल कर लिया है।

---

### मोदीनगर में बदमाशों व पुलिस के बीच हुई मुठभेड़

# पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद।

थाना मोदीनगर पुलिस ने मारुति वैगन आर कार से एक व्यक्ति का अपहरण का प्रयास करने वाले तीन बदमाशों में से दो बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की तरफ से चल गई गोली से एक बदमाश घायल हो गया। वही एक बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। गिरफ्तार बदमाशों के कब्जे से दो तमंचे कारतूस व काले रंग की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण विवेक चंद यादव ने बताया कि मोदी नगर क्षेत्र में बुधवार को तीन बदमाशों ने एक व्यक्ति का अपहरण करने का प्रयास किया था।

- फिरौती वसूलने के लिए व्यापारी का किया था अपहरण



#### पुलिस कर रही थी तलाश

इस संबंध में एक व्यक्ति ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी थी गुरुवार को पुलिस कदराबाद में चेकिंग कर रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश आते हुए दिखाई दिए। जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया लेकिन यह बदमाश रुके नहीं और पुलिस पर फायरिंग करने लगे। पुलिस ने भी जवाब फायरिंग की जिसमें एक बदमाश घायल हो गया जबकि दूसरे को पुलिस ने दबोच लिया। घायल बदमाश बिजेन्द्र शांति भवन के पास विशोखर थांना मोंदीनगर है। दूसरा बदमाश विकास निवासी विशोखर रोड थाना मोदीनगर है। वहीं तीसरा गजेंद्र बदमाश फरार हो गया।

---

### फरीदाबाद के लोगों को सरकार ने दी अच्छी खबर

# अवैध कॉलोनियों में जीपीएस से मिलेगा बिजली कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

**प्रदेश सरकार के आदेश पर दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम ने इस माह अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन देने की नीति जारी कर दी है। हालांकि अवैध कॉलोनी की रजिस्ट्री भी नहीं है, न ही कॉलोनियों का नामकरण हुआ है। इस वजह से बिजली निगम जीपीएस लोकेशन को आधार बनाकर बिजली कनेक्शन देने की तैयारी कर रहा है। दो दिसंबर को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम मुख्यालय ने अवैध कॉलोनियों और स्लम बस्तियों में बिजली कनेक्शन देने का आदेश जारी कर दिया था।**

> बिजली निगम अवैध कॉलोनियों में लगने वाले बिजली खंभों की जीआईएस (जियोग्राफिक इनफोर्मेशन सिस्टम) कोडिंग करेगा।



#### जेई मौके पर करेंगे सत्यापन

बिजली निगम इस समस्या से निपटने के लिए प्लॉट की जीपीएस लोकेशन को आधार बनाने पर विचार कर रहा है, ताकि सरकार की नीति पर अमल किया जा सके। इलाके के जेई कॉलोनियों में जाकर जीपीएस लोकेशन लेकर सत्यापित करेंगे। बिजली निगम अवैध कॉलोनियों में लगने वाले बिजली खंभों की जीआईएस (जियोग्राफिक इनफोर्मेशन सिस्टम) कोडिंग करेगा।

#### प्लॉटों की रजिस्ट्री भी नहीं हुई ,पते को लेकर समस्या आ रही

इस आदेश के बाद लोगों ने बिजली निगम के उपमंडल कार्यालयों में बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन देने शुरू कर दिए हैं। आवेदन मिलने के बाद अब विभागीय अधिकारियों के सामने आवेदक के पते को लेकर समस्या आ रही है। अवैध होने के कारण अभी इन कॉलोनियों का नामकरण नहीं हुआ है। प्लॉटों की रजिस्ट्री भी नहीं हुई है। इस वजह से राजस्व रिकॉर्ड भी नहीं है। कॉलोनियों और इनके प्लॉट धारकों का नगर निगम के पास भी रिकॉर्ड नहीं है। नगर निगम के पास भी इनका रिकॉर्ड नहीं है। ऐसे में यदि आवेदन के आधार पर ही यहां पर कनेक्शन जारी हो गए तो भविष्य में बिजली बिल की वसूली में समस्या खड़ी होगी। वहीं अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन देने से 10 मेगावाट तक बिजली का लोड बढ़ेगा।

#### ट्रांसफार्मर और खंभे के खर्च को लेकर उलझन

वैध इलाकों में बिजली निगम अपने स्तर पर बिजली का आधारभूत ढांचा विकसित करता है या संबंधित बिल्डर या एजेंसी से बिजली का आधारभूत ढांचा विकसित करने के लिए कहता है। लेकिन, अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन देने से पहले बिजली लाइन खींचने के लिए विभाग की ओर आवेदकों से ही बजट लिया जाता है। अब सरकार की ओर से कनेक्शन देने का आदेश आया है तो विभागीय अधिकारी उलझन में हैं कि बिजली निगम अपने खर्चे पर पर इन कॉलोनियों में लाइन खड़ी करेगा या फिर बिजली कनेक्शन के लिए आवेदकों से शुल्क ले। उधर, बिजली निगम की वेबसाइट में भी अवैध कॉलोनियों में कनेक्शन देने के लिए सुधार की कार्रवाई चल रही है।

#### बिजली कनेक्शन लेने के नियम

बिजली कनेक्शन के लिए जमीन के मालिकाना हक का दस्तावेज होना चाहिए। इसके बाद बिजली निगम की वेबसाइट पर आवेदन किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### आज से शुरू होगा विस का शीतकालीन सत्र



**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने आज से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर सर्वदलीय बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी दलों के नेताओं से जनहित के मुद्दों पर सार्थक चर्चा करने की अपील की। झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल यानी शुक्रवार से शुरू होकर 21 दिसंबर तक चलेगा। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम शामिल थे। विपक्ष के नेता अमर बाउरी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, विनोद सिंह मौजूद रहे।

## भाजपा की लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार

# नमो एप के जरिए कार्यकर्ता तैयार करेगी भाजपा, प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एंबेसडर बनाने की है तैयारी

भाजपा ने नमो एप के जरिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार की है। पार्टी ने विकसित भारत संकल्प अभियान के जरिये नए मतदाताओं से लेकर मोदी-योगी सरकार की योजना के प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने की तैयारी शुरू की है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

भाजपा ने नमो एप के जरिए लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नई योजना तैयार की है। पार्टी ने विकसित भारत संकल्प अभियान के जरिये नए मतदाताओं से लेकर मोदी-योगी सरकार की योजना के प्रत्येक लाभार्थी को विकसित भारत एम्बेसडर बनाने की तैयारी शुरू की है।



### दो लाख विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य

लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा नमो एप के जरिए कार्यकर्ताओं की नई फौज तैयार करेगी। 98 संगठनात्मक जिलों को दो-दो लाख विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य दिया गया है। गोमती नगर स्थित एक स्कूल के सभागार में बुधवार को नमो एप को लेकर आयोजित कार्यशाला में एप के जरिये लोकसभा चुनाव की तैयारियां पर मंथन हुआ। नमो एप के राष्ट्रीय संयोजक कुलजीत चहल ने कहा कि यूपी में नमो एप पर दो करोड़ विकसित भारत एम्बेसडर बनाने का लक्ष्य रखा है। बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने इस एप पर पंजीकरण नहीं किया है।

### प्रत्येक कार्यकर्ता के मोबाइल में होगा नमो एप

*कार्यशाला में 98 संगठनात्मक जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी व विभिन्न अभियानों के संयोजक समेत करीब सात सौ पदाधिकारी शामिल हुए। इसमें नमो एप का प्रस्तुतिकरण हुआ। चहल ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को नमो एप डाउनलोड करना अनिवार्य है। प्रत्येक पदाधिकारी व बूथ स्तर के कार्यकर्ता जनता के साथ सेल्फी लेकर उन्हें विकसित भारत एम्बेसडर के रूप में नामांकित करें। इसकी जिम्मेदारी युवा मोर्चा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यक मोर्चा को भी दी गई है। कार्यकर्ता वार्ड और गांव गांव में इसके लिए शिविर लगाएं।*

### विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बनेगी टीम

उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्र के महामंत्री और जिला स्तर पर अभियान के संयोजक बनाए जाएंगे। विधानसभा क्षेत्र स्तर पर भी टीमें बनाई जाएंगी। कार्यशाला का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश महामंत्री गोविंद शुक्ला, प्रियंका रावत, अनूप गुप्ता, राहुल राज रस्तोगी भी मौजूद थे।

### माइक्रो डोनेशन अभियान चलाएंगे

भाजपा नमो एप के जरिये माइक्रो डोनेशन अभियान भी चलाएगी। इसमें लोगों से स्वेच्छा से पार्टी कोष में राशि दान कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त 100 डे चैलेंज अभियान चलाया जाएगा। इसमें सफल रहने वाले कार्यकर्ताओं को पुरस्कृत करने के साथ पार्टी में विशेष मान्यता भी दी जाएगी।

### नए मतदाताओं से रखें संपर्क व समन्वय

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि हाल ही में तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने से यूपी में अच्छा माहौल बना है। इसे बनाए रखते हुए चुनावी तैयारी शुरू करें। उन्होंने वोटर चेतना अभियान के तहत बने नए मतदाताओं से संपर्क व समन्वय कर उन्हें पार्टी से जोड़ने का मंत्र दिया।

**संगठन के कामकाज में रूचि लें जिलाध्यक्ष:** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि जिलाध्यक्ष संगठन के कामकाज में दिलचस्पी लें। विधानसभा विस्तारकों से काम कराएं। उन्होंने कहा कि 15-17 दिसंबर तक जिला स्तर पर भी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। 25 दिसंबर को बूथ स्तर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनाई जाएगी। 26 दिसंबर को वीर बालदिवस पर गुरु गोविंद सिंह के बेटों के बलिदान पर गोष्ठी का आयोजन होगा।

## योगी ने 'विकसित भारत संकल्प' यात्रा वैन का किया शुभारंभ और कहा-

# सरकारी योजनाओं से वंचित सभी लोगों तक लाभ पहुंचाया जाएगा

सीएम योगी ने कहा है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जिन लोगों को अभी तक नहीं मिल सका है, उन्हें उनका लाभ देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया है।


एजेंसी ▶▶ आजमगढ़

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजमगढ़ के अकबेलपुर में 'विकसित भारत संकल्प' यात्रा वैन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जिन लोगों को अभी तक नहीं मिल सका है, उन्हें उनका लाभ देने के लिए इस विकसित भारत यात्रा का आयोजन किया गया है।

### गरीब को हर योजना का मिले लाभ

योगी ने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि करीब दस वर्ष के अंदर देश में इतना परिवर्तन देखने को मिलेगा। आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा है। सीएम ने कहा कि सबसे बड़ी जाति गरीब जाति है, उसे हर योजना का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत को विकसित देश बनाने की मोदी की गारंटी है।

*दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा, गरीबों के लिए 4 करोड़ घर बने, 50 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिए गए*



### प्रचार-प्रसार के लिए 536 वीडियो वैन चल रही

योगी ने कहा कि भारत संकल्प यात्रा के ऊपर प्रकाश डालते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सरकारी योजनाओं का अंतिम छोर पर रह रहे व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए इस यात्रा को देशभर में आयोजित करने का संकल्प लिया है। यूपी में इसके लिए 536 वीडियो वैन चल रही हैं। जो योजनाओं का लाभ पाने से वंचित लोगों का आवेदन कराकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएंगे।

### यूपी में गरीबों के लिए 55 लाख घर बने

*योगी ने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि करीब दस वर्ष के अंदर देश में इतना परिवर्तन देखने को मिलेगा। आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बड़ा है। आज 4 करोड़ लोगों के घर बनें हैं। जिसमें 55 लाख घर सिर्फ यूपी में बने हैं। 50 करोड़ लोगों का आयुष्मान कार्ड पूरे देश में बनाया गया है। जिसमें सिर्फ उत्तर प्रदेश में 10 करोड़ लोगों को इसका लाभ मिला है। अन्य योजना के तहत देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्ष तक प्रदेश की जनता को मुफ्त राशन दिया जाएगा।*

### आजमगढ़ का भाग्योदय हुआ

योगी ने कहा कि कभी आजमगढ़ के नाम से पूरी दुनिया कांपती थी। अब आजमगढ़ का भाग्योदय हुआ है कि भोजपुरी के एक अच्छे कलाकार को उन्होंने अपना सांसद चुना है तो जनपद में भी विकास दिखने लगा है। उन्होंने कहा कि आजमगढ़ में ऐसे कई विकास कार्य किए जा रहे हैं जिनके बारे में कभी किसी ने सोचा तक नहीं था। आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय बनाया जा रहा है, जिसका जनवरी 2024 में उद्घाटन किया जाएगा। योगी ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार ने आजमगढ़ में संगीत महाविद्यालय बनाया गया है। एयरपोर्ट बनाया है। आजमगढ़ में अब आतंक नहीं बल्कि सुंदर स्वर लहरिया गूंजेंगी।

## पेज एक का शेष...

### बैरेनबोइम, अव्वाद ...

शांति कार्यकर्ता हैं। जो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फलस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाले अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने पुरस्कार की घोषणा की।

### संसद सुरक्षा चूक मुद्दे...

प्रतापन, हिबी ईडन, एस जोथिमणि, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस एवं टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओब्रायन शामिल हैं। दरअसल, लोकसभा में भी जमकर हंगामा हुआ। कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष के नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। लोकसभा में ज्यादातर विपक्षी सांसद अध्यक्ष के आसन के पास पहुंच गए और हंगामा करने लगे। इस दौरान विपक्षी सांसद गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकसभा की सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है और इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता है। विपक्षी सांसदों की मांग है कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री सदन में आएं और कार्यवाही में हिस्सा लें। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, "हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना लोकसभा सदस्यों की सुरक्षा में गंभीर चूक थी।' उन्होंने कहा कि इस मामले में लोकसभा अध्यक्ष के निर्देश पर उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है। जोशी ने कहा कि इस मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती, हमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा में चूक की इस तरह की घटनाएं पहले भी होती रही हैं और उस समय के लोकसभा अध्यक्षों के निर्देशानुसार मुद्दों पर कार्रवाई की जाती रही है। संसदीय कार्य मंत्री ने शोर-शराबा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कार्यवाही आगे बढ़ाने का आग्रह किया।

अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से हंगामा न करने का अनुरोध करते हुए कहा कि संसद परिसर की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय की जिम्मेदारी है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संसद की सुरक्षा सरकार का नहीं, बल्कि "हमारा अधिकार क्षेत्र" है। बिरला ने कहा, "कल जो घटना घटी है उसे लेकर हम सब चिंतित हैं और संसद की सुरक्षा की जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की होती है...हमने संसद की सुरक्षा के मसले पर कल चर्चा की थी और आगे फिर चर्चा करेंगे। सुरक्षा की सारी जिम्मेदारी लोकसभा सचिवालय की है।" उन्होंने कहा कि संसद की सुरक्षा से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, "गलत परिपाटी मत डालिए, पहले भी ऐसी घटनाएं हुई हैं। भविष्य में ऐसी घटना न हो, इसे लेकर फिर चर्चा करेंगे।" हंगामे के बीच सदन के उपनेता एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सभी को सुरक्षा चूक के मामले की निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा, "हमें सावधान रहने की जरूरत है..केवल सत्तापक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष के सदस्यों को भी ध्यान रखना चाहिए कि अराजकता पैदा करने वालों को 'पास' न मिले।" सिंह ने कहा कि पुराने संसद भवन में भी कागज फेंकने और दीर्घाओं से कूदने की घटनाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि सदन में हंगामे की स्थिति पैदा करने की कोई जरूरत नहीं है। रक्षा मंत्री के बयान के बावजूद सदन में हंगामा जारी रहा और अध्यक्ष ने नारेबाजी के बीच ही प्रश्नकाल शुरू करवाया।

**मास्टरमाइंड ललित झा गिरफ्तार:** संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मास्टरमाइंड ललित झा ने दिल्ली पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। कलर स्मोक स्प्रे छोड़ने का वीडियो शेयर किया था। संसद भवन पर हमले की बरसी पर स्मोक गन चलाने की साजिश ललित झा की ही थी। पुलिस ने उसके 4 साथियों को बुधवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन मास्टरमाइंड ललित झा फरार चल रहा था। ललित झा, महेश नाम के शख्स के साथ कर्तव्य पथ थाने पहुंचा और सरेंडर किया।

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि...

यह याचिका भगवान श्रीकृष्ण विराजमान और सात अन्य लोगों में अधिवक्ता हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडेय और देवकी नंदन के जरिए दायर की गई थी।

**सर्वे के लिए आयोग गठन की मांग:** याचिकाकर्ताओं ने अनुरोध किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर सर्वेक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपने के विशेष निर्देश के साथ एक आयोग का गठन किया जाए। इस पूरी कार्यवाही की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराने का भी अनुरोध किया गया है।


द्वितीय ई-ड्रॉ : तथास्तु I परियोजना का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर: | देसी कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड |
| 2. परियोजना स्वीकृति: | अनुज्ञप्ति क्रमांक 189 वर्ष 2022 दिनांक: 16.11.2022 भवन योजना स्वीकृति सं. जिला पंचायत-1677/जद(रा.)/2023/2190 दिनांक 23-01-2023, हरेरा पंजीकरण संख्या आरसी/आरईपी/हरेरा/जीजीएम/676/408/2023/20 दिनांक 30-01-2023 |
| 3. स्थान: | सेक्टर-5, सोहना, जिला गुरुग्राम-122103 |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र: | 12.8847 एकड़ में कुल 1732 नं। अपार्टमेंट्स जिनमें से 5% फ्लैट प्रबंधन कोटा (MQ) के लिए आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट जनता के लिए हैं। सामुदायिक सुविधाएं: 2000 वर्ग फुट का एक सामुदायिक हॉल। और 2000 वर्ग फुट का एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। |
| 5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दर | *उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य प्रतिमा शुल्क शामिल नहीं हैं। पंजीकरण शुल्क अतिरिक्त। देय शेष भुगतान देय राशि के बराबर होगा प्रासंगिक समय बिंदु पर निर्माण चरणों की मदों में लागू अनुसार परियोजना की निर्माण लिंक भुगतान योजना के अनुसार। कोई ब्याज देय नहीं होगा भुगतान की देय तिथि से पहले। भुगतान में किसी भी तरह की चूक पर एचआरईआरए द्वारा नियम 2017 के नियम 15 द्वारा प्रदान की गई दर पर ब्याज आमंत्रित किया जाएगा। |
| 6. पार्किंग | 2-पहिया पार्किंग |
| 7. आवेदन की समय-सीमा: | 1. आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। पंजीकरण के लिए http://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर जाएं 2. बुकिंग शुरू दिनांक: 15.12.2023 \| 3. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.01.24 |

| इकाई श्रेणी | इकाई प्रकार | यूनिट संख्या | कारपेट एरिया | कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | बालकोनी एरिया (वर्ग मीटर) | बालकोनी एरिया वर्ग फुट | युनिट लागत | बालकनी लागत | युनिट की मूल लागत | आवेदन के समय (युनिट का कारपेट एरिया @4500 psf.) केवल फ्लैट लागत का 5% | आवंटन के समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK +STORE | 2A | 2 | 59.998 | 645.818 | 6.713 | 72.259 | 2906181 | 86711 | 2992892 | 145309.05 | 602913.95 |
| 2BHK +STORE | 2B | 1 | 59.998 | 645.818 | 7.270 | 78.254 | 2906181 | 93905 | 3000086 | 145309.05 | 604712.45 |
| 2BHK +STORE | 2C | 2 | 59.999 | 645.829 | 5.495 | 59.148 | 2906231 | 70978 | 2977208 | 145311.50 | 598990.50 |
| 2BHK +STORE | 1B-MQ | 2 | 59.998 | 645.818 | 8.003 | 86.144 | 2906181 | 103373 | 3009555 | 145309.05 | 607079.00 |

More life, granted.

TATHASTU

Sector 5, South of Gurugram

2 BHK + store starting at ₹ 29.5 lakh*

www.tathastu.co | Call +91 999 0650 650

अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश : लॉबि: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *बेड रूम: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *किचन: फ्लोर-विट्रिफाइड/सिरेमिक टाइल्स , वॉल/सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, डेडो-सिरेमिक टाइल्स काउंटर से 600 मिमी ऊपर, काउंटर टॉप-ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट, फिटिंग्स और फिक्स्चर-आईएसआई मार्क वाली सीपी फिटिंग्स और सिंगल ड्रेन बोर्ड सिंक *बालकनी: फ्लोर-एंटीस्किड/मैट फिनिश सिरेमिक टाइल्स, रेलिंग-एम एस रेलिंग इनेमल पेंट फ़िनिश के साथ *टॉयलेट और बाथ: फ़्लोर-एंटी स्किड सिरेमिक टाइलें, दीवार-सिरेमिक टाइलें 4फ़ीट / 7'-0" ऊँचे तक और ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, सीलिंग-ग्रिड फ़्लेज़ सीलिंग, फिटिंग और फिक्स्चर -ISI मार्क वाली CP फिटिंग, W.C और वॉशबेसिन *दरवाजे और खिड़कियां: आंतरिक दरवाजे का फ्रेम-हार्ड वुड / लाल मेरांडी, आंतरिक दरवाजे शटर-मुख्य दरवाजा - दोनों तरफ लैमिनेटेड फ्लश डोर और आंतरिक फ्लश डोर दोनों तरफ पेंटेड फिनिश के साथ, बाहरी दरवाजे और विंडोज- एल्युमिनियम पाउडर कोटेड / यूपीवीसी *इलेक्ट्रिकल: वायरिंग-कॉपर इलेक्ट्रिका एल प्रकाश बिंदु, स्विच / सॉकेट- आईएसआई चिह्नित स्विच और सॉकेट के लिए छुपा नाली में तार * टेरेस-ईंट बैट कोबा या जल प्रूफिंग उपचार, संरचना- सेस्मिक जोन के अनुसार भूकंप प्रतिरोधी आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना, * बाहरी विकास: आंतरिक सड़कें- ट्रेमिक्स कंक्रीट रोड / इंटरलॉकिंग ब्लॉक, बाउंड्री वॉल-आरसीसी / ईंट की दीवार प्लास्टर के साथ और बाहरी मौसम प्रूफ पेंट फिनिश *बाहरी विकास-मौसम प्रूफ बनावट / बाहरी पेंट

पात्रता: 1. आवेदक को किसी प्रचलित कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि, "प्रधानमंत्री आवास योजना-सभी के लिए आवास" कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए पीएमएवाई लाभार्थियों, जिसमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों के बाद उक्त शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात, शेष फ्लैटों के लिए, ऐसे व्यक्ति जिनमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, जिनके पास हुडा द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी/सेक्टर में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है या हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और एनसीटी दिल्ली में किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी है। फ्लैटों के आवंटन में अगली वरीयता दी गई।3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत कोई भी सफल आवेदक इस नीति के तहत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल होता/होती है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट बनाए रखने का विकल्प होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक हलफनामा और पात्रता का सुझाव देने वाले प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

आवंटन मापदंड : 1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा संवर्ग), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबंधित डीटीपी की एक समिति की उपस्थिति में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। जिला एवं संबंधित कॉलोनाइजर का प्रतिनिधि। 2. लॉटरी निकालने की तारीख तय होने के बाद, विकासकर्ता द्वारा ड्रॉ निकालने की तारीख/समय और स्थान के बारे में विवरण के बारे में उसी समाचार पत्र में जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था, विकासकर्ता द्वारा एक विज्ञापन जारी किया जाएगा। 3. छानबीन और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय-सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में दिए गए विवरण को भी देख सकते हैं। पीएफ-27/48921 दिनांक 19.08.2013 (विभाग की वेबसाइट https://www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)।

अस्वीकरण: रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर रेरा के तहत निर्धारित प्रावधानों के साथ शिकायत करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर प्रत्येक आवेदक से उस साइट का निरीक्षण करने का आग्रह करता है जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है और केवल किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजना या बिक्री ब्रोशर पर निर्भर नहीं होगा और इसलिए आवेदन जमा करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया जाता है। बुकिंग। यहां दिखाए गए चित्र डिजाइन के संकेतक हैं और केवल उदाहरण के उद्देश्य के लिए ऊपर प्रदर्शित एक से वास्तविक डिजाइन फिट और फिनिश में भिन्न हो सकते हैं, परियोजना विवरण/विनिर्देश हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट http:/ के कार्यालय में भी देखे जा सकते हैं। /hrera.in, *नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर = 10.764 वर्ग फुट।



द्वितीय ई-ड्रॉ : तथास्तु II परियोजना का विवरण

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर: | देसी कंस्ट्रक्शन प्रा. लिमिटेड |
| 2. परियोजना स्वीकृति: | अनुज्ञप्ति क्रमांक 188 वर्ष 2022 दिनांक: 16.11.2022 भवन योजना स्वीकृति सं. जिला पंचायत-1676/जद(रा.)/2023/2180 दिनांक 23-01-2023, हरेरा पंजीकरण संख्या आरसी/आरईपी/हरेरा/जीजीएम/677/409/2023/21 दिनांक 30-01-2023 |
| 3. स्थान: | सेक्टर-5, सोहना, जिला गुरुग्राम-122103 |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र: | 8.975 एकड़ में कुल 1240 नं। अपार्टमेंट्स जिनमें से 5% फ्लैट प्रबंधन कोटा (MQ) के लिए आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट जनता के लिए हैं। सामुदायिक सुविधाएं: 2000 वर्ग फुट का एक सामुदायिक हॉल। और 2000 वर्ग फुट का एक आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। |
| 5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दर | *उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य प्रतिमा शुल्क शामिल नहीं हैं। पंजीकरण शुल्क अतिरिक्त। देय शेष भुगतान देय राशि के बराबर होगा प्रासंगिक समय बिंदु पर निर्माण चरणों की मदों में लागू अनुसार परियोजना की निर्माण लिंक भुगतान योजना के अनुसार। कोई ब्याज देय नहीं होगा भुगतान की देय तिथि से पहले। भुगतान में किसी भी तरह की चूक पर एचआरईआरए द्वारा नियम 2017 के नियम 15 द्वारा प्रदान की गई दर पर ब्याज आमंत्रित किया जाएगा। |
| 6. पार्किंग | 2-पहिया पार्किंग |
| 7. आवेदन की समय-सीमा: | 1. आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। पंजीकरण के लिए http://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर जाएं 2. बुकिंग शुरू दिनांक: 15.12.2023 \| 3. आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 01.01.24 |

| इकाई श्रेणी | इकाई प्रकार | यूनिट संख्या | कारपेट एरिया | कारपेट एरिया (वर्ग फुट) | बालकोनी एरिया (वर्ग मीटर) | बालकोनी एरिया वर्ग फुट | युनिट लागत | बालकनी लागत | युनिट की मूल लागत | आवेदन के समय (युनिट का कारपेट एरिया @4500 psf.) केवल फ्लैट लागत का 5% | आवंटन के समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK +STORE | 2A | 1 | 59.998 | 645.818 | 6.713 | 72.259 | 2906181 | 86711 | 2992892 | 145309.05 | 602913.95 |
| 2BHK +STORE | 2B | 3 | 59.998 | 645.818 | 7.270 | 78.254 | 2906181 | 93905 | 3000086 | 145309.05 | 604712.45 |
| 2BHK +STORE | 2C | 9 | 59.999 | 645.829 | 5.495 | 59.148 | 2906231 | 70978 | 2977208 | 145311.50 | 598990.50 |

More life, granted.

TATHASTU

Sector 5, South of Gurugram

2 BHK + store starting at ₹ 29.5 lakh*

www.tathastu.co | Call +91 999 0650 650



अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश : लॉबि: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *बेड रूम: फ्लोर-विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल-ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर *किचन: फ्लोर-विट्रिफाइड/सिरेमिक टाइल्स , वॉल/सीलिंग- ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, डेडो-सिरेमिक टाइल्स काउंटर से 600 मिमी ऊपर, काउंटर टॉप-ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट, फिटिंग्स और फिक्स्चर-आईएसआई मार्क वाली सीपी फिटिंग्स और सिंगल ड्रेन बोर्ड सिंक *बालकनी: फ्लोर-एंटीस्किड/मैट फिनिश सिरेमिक टाइल्स, रेलिंग-एम एस रेलिंग इनेमल पेंट फ़िनिश के साथ *टॉयलेट और बाथ: फ़्लोर-एंटी स्किड सिरेमिक टाइलें, दीवार-सिरेमिक टाइलें 4फ़ीट / 7'-0" ऊँचे तक और ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, सीलिंग-ग्रिड फ़्लेज़ सीलिंग, फिटिंग और फिक्स्चर -ISI मार्क वाली CP फिटिंग, W.C और वॉशबेसिन *दरवाजे और खिड़कियां: आंतरिक दरवाजे का फ्रेम-हार्ड वुड / लाल मेरांडी, आंतरिक दरवाजे शटर-मुख्य दरवाजा - दोनों तरफ लैमिनेटेड फ्लश डोर और आंतरिक फ्लश डोर दोनों तरफ पेंटेड फिनिश के साथ, बाहरी दरवाजे और विंडोज- एल्युमिनियम पाउडर कोटेड / यूपीवीसी *इलेक्ट्रिकल: वायरिंग-कॉपर इलेक्ट्रिका एल प्रकाश बिंदु, स्विच / सॉकेट- आईएसआई चिह्नित स्विच और सॉकेट के लिए छुपा नाली में तार * टेरेस-ईंट बैट कोबा या जल प्रूफिंग उपचार, संरचना- सेस्मिक जोन के अनुसार भूकंप प्रतिरोधी आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना, * बाहरी विकास: आंतरिक सड़कें- ट्रेमिक्स कंक्रीट रोड / इंटरलॉकिंग ब्लॉक, बाउंड्री वॉल-आरसीसी / ईंट की दीवार प्लास्टर के साथ और बाहरी मौसम प्रूफ पेंट फिनिश *बाहरी विकास-मौसम प्रूफ बनावट / बाहरी पेंट

पात्रता: 1. आवेदक को किसी प्रचलित कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि, "प्रधानमंत्री आवास योजना-सभी के लिए आवास" कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए पीएमएवाई लाभार्थियों, जिसमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों के बाद उक्त शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात, शेष फ्लैटों के लिए, ऐसे व्यक्ति जिनमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, जिनके पास हुडा द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी/सेक्टर में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है या हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और एनसीटी दिल्ली में किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी है। फ्लैटों के आवंटन में अगली वरीयता दी गई।3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत कोई भी सफल आवेदक इस नीति के तहत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल होता/होती है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट बनाए रखने का विकल्प होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक हलफनामा और पात्रता का सुझाव देने वाले प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

आवंटन मापदंड : 1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा संवर्ग), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबंधित डीटीपी की एक समिति की उपस्थिति में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। जिला एवं संबंधित कॉलोनाइजर का प्रतिनिधि। 2. लॉटरी निकालने की तारीख तय होने के बाद, विकासकर्ता द्वारा ड्रॉ निकालने की तारीख/समय और स्थान के बारे में विवरण के बारे में उसी समाचार पत्र में जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था, विकासकर्ता द्वारा एक विज्ञापन जारी किया जाएगा। 3. छानबीन और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय-सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में दिए गए विवरण को भी देख सकते हैं। पीएफ-27/48921 दिनांक 19.08.2013 (विभाग की वेबसाइट https://www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)।

अस्वीकरण: रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर रेरा के तहत निर्धारित प्रावधानों के साथ शिकायत करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर प्रत्येक आवेदक से उस साइट का निरीक्षण करने का आग्रह करता है जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है और केवल किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजना या बिक्री ब्रोशर पर निर्भर नहीं होगा और इसलिए आवेदन जमा करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया जाता है। बुकिंग। यहां दिखाए गए चित्र डिजाइन के संकेतक हैं और केवल उदाहरण के उद्देश्य के लिए ऊपर प्रदर्शित एक से वास्तविक डिजाइन फिट और फिनिश में भिन्न हो सकते हैं, परियोजना विवरण/विनिर्देश हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट http:/ के कार्यालय में भी देखे जा सकते हैं। /hrera.in, *नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर = 10.764 वर्ग फुट।

# मप्र की राजनीति के लिए अभूतपूर्व घटनाक्रम, अपेक्षाओं और चुनौतियों के बीच नई सरकार का पहला कदम, अपनी कुशल कार्यक्षमता से प्रदेश में विकास के नए सोपान गढ़ेंगे सीएम मोहन

भोपाल। शपथ ग्रहण के बाद जनता की मप्र के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से उम्मीदें बढ़ गई है। प्रदेश के विकास, जनकल्याणकारी योजनाओं और आर्थिक चुनौतियों को लेकर उनके रुख और निर्णयों को लेकर हरिभूमि ने वरिष्ठ पत्रकारों और ज्योतिषाचार्य से चर्चा कर उनकी राय जानी।

हरिभूमि चर्चा

## सरकार को शिवराज कार्यकाल से अलग दिखाने के लिए अधिक मेहनत और अनुशासन बरतना होगा

मप्र के नए मुख्यमंत्री के रूप में डॉ. मोहन यादव ने शपथ ग्रहण कर ली है। यानी भाजपा की सरकार यथावत है, लेकिन प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो गया। डॉ. यादव को सहयोग करने के लिए दो अनुभवी नेता जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री का दायित्व दिया गया है। प्रदेश की राजनीति के लिए यह एक अभूतपूर्व घटनाक्रम है। प्रदेश में अब 163 सीटे जितवा कर देने वाले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बहुत ही सहजता से कुर्सी से अलग हो गए। यह भाजपा में ही संभव है। भारतीय जनता पार्टी में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज का हटना पहले ही तय हो चुका था। डॉ. मोहन यादव को सबसे पहले तो यह सिद्ध करना है कि केंद्र की सरकार में मंत्री और संसद के रूप में काम करने वाले नेताओं के साथ उन्हें कैसे सामंजस्य स्थापित करना है। दूसरा उन्हें प्रदेश में उनके सीनियर नेताओं के साथ तालमेल बिठाकर अपने विजन को क्रियान्वित करना है। ऐसा माना जा सकता है कि कार्यकर्ताओं के साथ प्रादेशिक नेतृत्व का उन्हें सहयोग मिलेगा और वह इस बाधा दौड़ में विजयी हो जाएंगे। इसके अलावा एक और चुनौती विभिन्न योजनाओं के सफल संचालन के लिए आर्थिक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने वाली रहेगी। चुनाव से पहले जिस प्रकार की योजनाएं घोषित की गई हैं उनके लिए आर्थिक व्यवस्था जुटाना और उन आर्थिक व्यवस्थाओं की पूर्ति करने के बाद विकास कार्यों की लय बरकरार रखना बड़ी चुनौती है। कई बार लगता है नई सरकार के सामने आर्थिक मुशिकल जैसी स्थितियां रहेगी।



जीएसटी लगने के बाद कर संचय के अधिकार राज्यों के पास कम हो गए हैं। ऐसी स्थिति में अपने आप को शिवराज कार्यकाल से अलग दिखाने के लिए अधिक मेहनत और अनुशासन बरतना होगा। तत्कालीन वित्त मंत्री और जनसंपर्क मंत्री को उपमुख्यमंत्री बनाकर आर्थिक और प्रचार संबंधी संतुलन डॉ. मोहन यादव को स्वमेव मिल गए हैं। इसलिए इस चुनौती पूर्वक कार्य को एकाग्रता और समन्वय के साथ पूरा करना जरूरी तो है ही उसे सफलता तक पहुंचाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोहन यादव में यादव जाति का विशेष महत्व समझा है। उत्तर प्रदेश और बिहार की राजनीति में यही शब्द उनके लिए सफलता की कुंजी बनता हुआ दिख रहा है, इसलिए मध्य प्रदेश में उनका सफल होना ही मोदी के विजन को सफल बनाएगा। मंत्रिमंडल में समन्वय के साथ कदमताल हो गया तो सफलता की मंजिल थोड़ी कम दूर हो जाएगी। वैसे भाजपा के बारे में यह कहा जा सकता है कि वह सफलताओं का जश्न भी मिल बांट कर मानती है और चुनौतियों का भी मिलकर सामना करती है, इसलिए नए मुख्यमंत्री और नए मंत्रिमंडल से अपेक्षा करने का आधार तो बनता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की विधायक दल का नेता निर्वाचित होने के बाद की गतिविधियों में उनकी सफलता का रहस्य दिखाई दे रहा है।

**सुरेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

## आर्थिक स्थिति से सामंजस्य बैठाकर विकास कार्यों को निरंतर रखना चुनौती

मोहन यादव के नेतृत्व में नई सरकार ने काम शुरु कर दिया है। हालांकि मंत्रिमंडल पूरा नहीं बना है। सहयोगी के रूप में दो उपमुख्यमंत्रियों ने ही कार्यभार संभाला है। सरकार के इस स्वरूप से दो बातें साफ झलकती हैं। एक भाजपा की कार्यशैली और दूसरी इस सरकार के सामने आने वाली चुनौतियां। सरकार के रूप में अभी जो त्रिमूर्ति सामने आई हैं, ये तीनों सामान्य कार्यकर्ता से ऊपर आए हैं। तीनों ने अपना सार्वजनिक जीवन छात्र राजनीति से आरंभ किया था। जबकि मुख्यमंत्री मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से हैं। अनुभव क्षमता और सहयोग की दृष्टि से इस सरकार को कोई समस्या नहीं है, किन्तु जन अपेक्षाओं की पूर्ति कैसी होगी, यह आज नहीं कहा जा सकता। मुख्यमंत्री मोहन यादव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि और एक समर्पित कार्यकर्ता के नाते प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय नेतृत्व दोनों से भरपूर सहयोग और संरक्षण मिलेगा। कुछ ऐसे वरिष्ठ और अनुभवी कार्यकर्ता भी मार्ग दर्शन के लिए उपलब्ध हैं, जिन्हें विधानसभा, लोकसभा, राज्यसभा, राज्य और केन्द्र में मंत्री के रूप में सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव है, लेकिन इसके साथ सबसे बड़ी चुनौती है प्रदेश की वर्तमान आर्थिक स्थिति से सामंजस्य बैठाकर विकास कार्यों को निरंतर रखना। दूसरी चुनौती है भाजपा के चुनावी घोषणा-पत्र में किए गए वादों को पूरा करना। प्रदेश पर वर्तमान में करीब सवा तीन लाख करोड़ से ऊपर का कर्ज है। ऐसी स्थिति में विकास योजनाओं की निरंतरता कैसे होगी, चुनाव संकल्प-पत्र में की गई घोषणाओं को कैसे पूरा किया जाएगा, यह बड़ा कठिन कार्य है।



**रमेश शर्मा**, वरिष्ठ पत्रकार

## सीएम मोहन के कार्यकाल में प्रदेश में सरकारी नौकरियों निवेश, उद्योग, कल्याणकारी योजनाओं के बन रहे योग

लोगों के जीवन में सफलता असफलता उसकी अपनी मेहनत से रंग लाती है। पर इस बात को भी झूठलाया नहीं जा सकता है कि प्रत्येक व्यक्ति के अपने ग्रह-नक्षत्र सितारे होते हैं, जो उसकी जीवन के बदलने की क्षमता रख सकते हैं। अब देखिए मुख्यमंत्री की कुर्सी पर मोहन यादव विराजमान हो गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव की सितारे क्या बोलते हैं। इस बारे में राजधानी के ब्रह्म शक्ति ज्योतिष संस्थान के संचालक पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि नए मुख्यमंत्री यादव ने स्थिर लग्न कुंभ में शपथ ग्रहण की है, जिसका स्वामी शनि है। शनि अपनी स्वयं की राशि में बैठा है। दशम भाव के मंगल की दृष्टि शनि पर पड़ रही है, जो यह दर्शाता है कि मुख्यमंत्री अपनी कार्यक्षमता से मप्र प्रदेश में विकास के नए कीर्तिमान बनाएंगे। मुख्यमंत्री की शपथ ग्रहण कुंडली में दशम भाव में वृश्चिक राशि में बैठे मंगल और सूर्य पर दृष्टि पड़ रही है। शनि की दसवीं दृष्टि पड़ रही है। कन्या राशि में बैठा अष्टम भाव में केतु भी शुभ संकेत नहीं दे रहा है। इन ग्रहों के कारण अपने दिग्गज नेताओं एवं नौकरशाहों के षड्यंत्र के शिकार हो सकते हैं, परंतु शपथ ग्रहण की नवमांश कुंडली में शनि और मंगल दो उग्र ग्रहों की दृष्टि के चलते शत्रुओं का नाश भी होगा। पंडित जगदीश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के पद पर बिना किसी रूकावट के बने रहेंगे। इस दौरान पर जनहित कार्य, प्रशासन में सुधार, भ्रष्टाचार में कमी और भोपाल के सौंदर्यीकरण में बढ़ोतरी करेंगे। उनके द्वारा किए गए हर प्रशासनिक काम से उन्हें दिन दूनी राज चौगुनी सफलता या सम्मान मिलता रहेगा। 25 मार्च 1965 को उज्जैन में जन्मे मोहन यादव की चंद्र राशि धनु है तथा चंद्रमा चतुर्थ भाव में सूर्य शुक्र बुध का शुभ योग बन रहा है इसके चलते उनके कार्यकाल में सरकारी नौकरी, धातु, केमिकल उद्योग, खाद बनाने के कारखाने तथा अन्य भारी उद्योग में राज्य सरकार द्वारा उन्मुक्त नीति बनाने का काम भी होगा।



**पं. जगदीश शर्मा**, ज्योतिषाचार्य

---

**खबर संक्षेप**

### रायपुर में आयकर का छापा, 50 ठिकानों पर चल रही है जांच

**रायपुर।** आयकर विभाग ने अनाज और कोल्ड स्टोरेज कारोबारी के 50 ठिकानों में गुरुवार को छापा मारा है। रायपुर स्थित ठिकानों में जांच की गई। इसमें रायपुर के तेलघानी नाका, सिलतरा, लाल गंगा मिडास फाफाडीह, राधा मोहन परिसर सहित कारोबारी के घर और दफ्तर के साथ ही कोल्ड स्टोरेज शामिल है। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की 200 सदस्य संयुक्त टीम द्वारा की गई है। सुरक्षा के लिए डेढ़ सौ से ज्यादा सीआरपीएफ के जवान तैनात किए गए हैं। बताया गया कि टैक्स चोरी और लगातार कम रिटर्न जमा करने की शिकायत मिलने के बाद छापे की कार्रवाई की गई है।

### पूर्व विधायक जायसवाल और बृहस्पत सिंह को कांग्रेस ने किया बाहर



**रायपुर।** विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद प्रदेश संगठन के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले दो नेताओं पर कांग्रेस ने बड़ी कार्रवाई की है। पार्टी ने पूर्व विधायक विनय जायसवाल और बृहस्पत सिंह को छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। पार्टी ने अपने निष्कासन आदेश में कहा है कि दोनों नेताओं ने प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा पर तथ्यहीन आरोप लगाए हैं। बता दें कि बृहस्पति सिंह ने विधानसभा चुनाव में मिली हार के लिए प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को जिम्मेदार ठहराया था।

---

## हरियाणा के सीएम ने 210 कॉलोनियों को वैध करने का ऐलान किया

# 31 जनवरी तक 2274 कॉलोनियां होंगी नियमित

**बाढ़ प्रभावित 34511 किसानों को भेजे 98 करोड़**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने शीतकालीन सत्र से पहले अवैध कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को बड़ी राहत दी है। उन्होंने चंडीगढ़ में प्रदेश की 2274 अनियमित कॉलोनियों को 31 जनवरी तक नियमित करने का ऐलान किया। उन्होंने घोषणा की कि नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग की 103, शहरी स्थानीय विभाग की 107 कॉलोनी और नियमित करने का भी सरकार ने फैसला किया है। सीएम ने बताया कि इससे पहले 1673 कॉलोनियों को नियमित किया जा चुका है। आज की 210 कॉलोनियों को मिलाकर 1883 कॉलोनियां प्रदेश में नियमित हो जाएंगी। सीएम ने इससे पहले 874 अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने का फैसला लिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बताया कि अनधिकृत कॉलोनियां की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से नियमित सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद यदि अवैध कॉलोनियों को बसाने का प्रयास करता है तो उसके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। सीएम ने बताया कि सभी अधिकारियों को इसका सख्ती से पालन करने के निर्देश भी दिए हैं। सीएम ने बताया कि जुलाई 2023 में राज्य के 12 डिले अंबाला, फतेहाबाद, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, कैथल, करनाल, पंचकूला, पानीपत, पलवल, सोनीपत, सिरसा और यमुनानगर के 1469 गांव और 4 शहरों को बाढ़ प्रभावित घोषित किया गया था। आज उन इलाकों से फसल खराबे के लिए 34511 किसानों को 97 करोड़ 93 लाख रुपया की राशि दी जा रही है। इनमें 49197 एकड़ का वह क्षेत्र शामिल हैं। जिसमें दोबारा बिजाई हुई है।

### अब अनधिकृत कॉलोनियों पर लगेगी लगाम

**ड्रोन और सैटेलाइट इमेजरी से होगा सर्वेक्षण**

**अब तक 1883 कॉलोनियां नियमित हुई**



**विंटर सेशन में विधायकों को मिलेगा मौका**

हरियाणा सीएम मनोहर लाल ने बताया कि विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधायकों के ज़्यादा से ज़्यादा भागीदारी तय की गई। पहली बार चुनकर आए विधायकों को पर्याप्त वक्त दिया गया है। पिछली सरकार में दो ही सत्र बुलाया जाता था। हमने साल में कम से कम तीन सत्र किए।

## प्रदेश के आठ टोल होंगे खत्म

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के लोगों को टोल फ्री सुविधा देने की कड़ी में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 8 और टोल प्लाजा को लोगों के लिए फ्री करने की घोषणा की है। इनमें 7 लोक निर्माण विभाग के टोल शामिल हैं। मुख्यमंत्री यहां हरियाणा निवास में पत्रकारवार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन टोल को फ्री किया गया है उनमें पेहोवा-पटियाला पंजाब सीमा तक राज्य राजमार्ग-19 में कुरुक्षेत्र जिले का त्योकड़ टोल प्जाजा, होडल नूंह-पटौदा पटौदी मार्ग पर सौंध, चारोदा तथा पथरेड़ी मार्ग पर तीन टोल प्लाजा, राई-नाहरा-बहादुरगढ़ मार्ग पर बड़ोता व बामनोली टोल प्लाजा, पुन्हाना-जुरहेड़ा राजस्थान सीमा तक सुनहेरा टोल प्लाजा, फरीदाबाद और बल्लभगढ़ सोहना सडक पर बंधवाड़ी, क्रशर जोन, पाखल, नुरेरा टोल प्लाजा तथा फिरोजपुर झिरका बिवान सडक़ पर अलीपुर तिगड़ा व बिवान टोल प्लाजा शामिल हैं। इससे आमजन को जो इन टोल प्लाजा से गुजरते हैं उन्हें 22.48 करोड़ के पथपार कर से राहत मिलेगी। एसवाईएल को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को क्रियान्वयन करने को लेकर गंभीर है। पानी की उपलब्धता व आवश्यकता अलग विषय है और नहर का बनना अलग है। पानी के हिस्से के बारे में हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश व राजस्थान के लिए ट्रब्यिूनल ने फैसला करना है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत 28 दिसम्बर, 2023 को चण्डीगढ़ में दोनों राज्यों (पंजाब-हरियाणा) के मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। शहरी विकास प्राधिकरण के सेक्टर में स्टल्टि+चार मंजिला भवन निर्माण की अनुमति के सम्बन्ध में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह लोगों की सुविधा के लिए हमने यह नीति बनाई थी। कुछ लोगों ने इस आपत्ति जताई थी और न्यायालय में चले गये थे। इस सम्बन्ध में सरकार ने पी राघवेन्द्र राव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की थी, जिसकी रिपोर्ट मिल गई है। उन्होंने कहा कि जन सुविधा जरूरी है, जहां जनता नहीं चाहेगी वहां यह नीति लागू नहीं होगी। यह नीति नये क्षेत्र में लागू होगी।*

---

### पीएलजी ने आयोजित की 'पिता' पर केंद्रित काव्य गोष्ठी




## पापा मेरी उँगली मत तजना : शैलजा सिंह

**नई दिल्ली।** पोइट्री एंड लिटरेरी ग्रुप (पीएलजी- काव्य एवं साहित्य समूह) द्वारा संस्था के वैश्विक अध्यक्ष तुफ़ैल अहमद की अध्यक्षता में आज काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत, ओमान, क़तर, दुबई, बहरीन, दक्षिण अफ्रीका, कनाडा, सिंगापुर, और यूनाइटेड किंगडम से रचनाकार शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन भारत से अनुपम कुमार पाठक ने किया। पीएलजी गत दो वर्षों से निरंतर कवि सम्मेलन गोष्ठी का आयोजन कर रहा है। यह कार्यक्रम 'पिता' विषय को समर्पित था, सभी कवियों की कविताओं ने संवेदनाओं से परिपूर्ण 'पिता' की गरिमा को आलोकित कर श्रोताओं को पिता के वृहद आयाम से परिचित करवाया। इस गोष्ठी में युवा कवयित्री शैलजा सिंह ने अपनी गीत शैली की कविता 'पापा मेरी उँगली मत तजना' के माध्यम से जीवन में पिता के महत्व का संदेश दिया। प्रवासी सांस्कृतिक समूह की काव्य यात्रा 194 सप्ताह से अनवरत जारी है। सत्र का प्रारंभ चीन से डॉक्टर मीता शर्मा ने अपने पिता की स्मृतियों को अपनी कविता '...मैंने भी यही सच जिया है,

उन्हें हीरो का दर्जा दिया है', के माध्यम से साझा कर शुरू किया।

सुप्रसिद्ध युवा कवयित्री व लेखिका शैलजा सिंह ने अपने पिता से आधारशिला बने रहने की इच्छा अपनी कविता

'भले ही तुमने सिखा दिया है संभल कर डग भरना

पथ में आई हर बाधा से है कैसे लड़ना और बचना

ये भी सच है सिखा दिया है ख़ुद्दारी के हित अड़ना

फिर भी पापा थाम के रखना, मेरी उँगली मत तजना...' में व्यक्त की और समाज के माता पिता को अपनी छोटी छोटी बच्चियों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।

भारत से जोएब दलाल, अर्चना झा, रश्मि सिंघल व संगीता झा, इंग्लैंड से विनी कालिया, केंद्रीय विद्यालय भारतीय राजदूतावास, मास्को (रूस) के पूर्व हिंदी प्राध्यापक सुशील कुमार 'आजाद', कनाडा से प्रीति अग्रवाल, बहरीन से सुदीप देशपांडे, क़तर से अरशद मिर्ज़ा ने पिता के महत्व पर काव्यापाठ किया। कार्यक्रम के अंत में अनुपम कुमार पाठक ने अपनी कविता सुनाई। कार्यक्रम का समापन संपादक मंडल की अध्यक्ष विभा तिवारी द्वारा प्रस्तुत ई-पत्रिका के विमोचन तथा संचालन निदेशक सिम्मी कुमारी द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

---

## मंत्रिमंडल में जातीय संतुलन साधने की तैयारी, खाली रखे जा सकते हैं आधा दर्जन मंत्री पद

**8-9 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ 16-18 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है**

# गठित होने वाले मंत्रिमंडल में नहीं चलेगा 'समर्थकवाद', चौंकाने वाले हो सकते हैं नाम, हर अंचल से बनाए जा सकते हैं चार से छह तक मंत्री

*नए गठित होने वाले मंत्रिमंडल में लोकसभा चुनाव की दृष्टि से क्षेत्रीय और जातीय संतुलन तो साधा जाएगा, पहले चरण में 26-27 मंत्रियों को शामिल कर शपथ दिलाई जा सकती है*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जिस प्रकार मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्रियों के चयन में रसूखदार नेताओं की नहीं चली, ठीक इसी तर्ज पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मंत्रिमंडल का गठन होगा।

लोकसभा चुनाव की दृष्टि से इसमें क्षेत्रीय और जातीय संतुलन तो साधा जाएगा, लेकिन पट्ठावाद बिल्कुल नहीं चलेगा। अर्थात रसूखदार नेताओं का समर्थक होने के कारण किसी को मंत्री नहीं बनाया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, पहले चरण में 26-27 मंत्रियों को शामिल कर शपथ दिलाई जाएगी और आधा दर्जन से ज्यादा मंत्री पद खाली रखे जाएंगे। हमेशा की तरह नेतृत्व मंत्रिमंडल के गठन में भी सभी को चौंका सकता है।







### मोहन-वीडी लेकर जाएंगे संभावित सूची

मंत्रिमंडल के गठन पर भी केंद्रीय नेतृत्व की मुहर लगेगी। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा संभावित मंत्रियों की सूची लेकर दिल्ली जाएंगे। वहां नेतृत्व के साथ सूची पर डिस्कशन होगा। नाम जोड़े और घटाएं जाएंगे। इसके बाद फाइनल सूची के अनुसार मंत्रियों को शपथ दिलाई जाएगी। मंत्रिमंडल के गठन में भी संतुलन साधा जा सकता है। कुछ वरिष्ठों के साथ नए मंत्री ज्यादा बनाए जा सकते हैं। जैसे 8-9 वरिष्ठ मंत्रियों के साथ 16-18 नए विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है।

### चंबल-ग्वालियर अंचल से ये बन सकते मंत्री

भाजपा सूत्रों के अुनसार, चंबल- ग्वालियर, बुंदेलखंड, विंध्य और मध्य अंचल से 4-4 मंत्री बनाए जा सकते हैं। चंबल-ग्वालियर से अंबरीश शर्मा, जनता के बीच सक्रिय प्रद्युम्न सिंह तोमर, देवेंद्र कुमार जैन और प्रदीप अग्रवाल को मंत्री बनाया जा सकता है। नरेंद्र सिंह तोमर पहले ही विधानसभा अध्यक्ष घोषित किए जा चुके हैं।

### बुंदेलखंड, विंध्य में ये हो सकते हैं चेहरे

बुंदेलखंड और विंध्य से मंत्रिमंडल में वरिष्ठ और कनिष्ठ के बीच संतुलन के तहत चेहरे तय किए जाएंगे। बुंदेलखंड से नरयावली विधायक प्रदीप लारिया, छतरपुर की ललिता यादव और जबेरा के धर्मेंद्र लोधी को मौका मिल सकता है। इनके अलावा वरिष्ठों में गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह, गोविंद सिंह राजपूत, जयंत मलैया और बृजेंद्र प्रताप सिंह में से 1 अथवा 2 को मौका मिल सकता है। विंध्य अंचल से सीधी की रीति पाठक, जयसिंह नगर की मनीषा सिंह, मऊगंज से प्रदीप पटेल और रामपुर बघेलान से जीते विक्रम सिंह को मौका मिल सकता है। इस अंचल के राजेंद्र शुक्ला पहले ही उप मुख्यमंत्री बन चुके हैं।

### मालवा-निमाड़ से बन सकते सर्वाधिक मंत्री

मालवा- निमाड़ अंचल में सर्वाधिक 66 सीटें हैं। भाजपा ने इनमें से 48 सीटें जीती हैं। इसलिए यहां से सर्वाधिक मंत्री बनाए जा सकते हैं। इंदौर से तुलसीराम सिलावट के अलावा कैलाश विजयवर्गीय और रमेश मैंदोला में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सज्जन सिंह वर्मा को हराने वाले राजेश सोनकर, दीपक जोशी को हराने वाले आशीष शर्मा, हरसूद के विजय शाह, नेपानगर की मंजू राजेंद्र दादू मंत्री बन सकते हैं।

### भोपाल के आसपास भी कम दावेदार नहीं

प्रदेश के मध्य अंचल अर्थात भोपाल के आसपास मंत्री पद के दावेदारों की संख्या कम नहीं है। इस बार रामेश्वर शर्मा, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर, विष्णु खत्री में से दो मंत्री बन सकते हैं। रायसेन जिले में प्रभुराम चौधरी और सुरेंद्र पटवा में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है। इनके अलावा सीहोर के सुदेश राय और खिलचीपुर में पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह को हराने वाले हजारीलाल दांगी मंत्री बनाए जा सकते हैं। संभावित मंत्रियों की यह सूची सूत्रों पर आधारित है क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी क्या करेगी, कोई नहीं जानता।

### महाकौशल से बनाए जा सकते हैं 5 मंत्री

महाकौशल अंचल में भाजपा को इस बार 38 में से 21 सीटें मिली हैं। यह कमलनाथ का भी इलाका है। इसलिए यहां से 5 मंत्री बनाए जा सकते हें। इनमें बहोरीबंद के प्रणव पांडे, नरसिंहपुर के प्रहलाद पटेल और बैतूल के हेमंत खंडेलवाल को मौका मिल सकता है। इनके अलावा जबलपुर के राकेश सिंह और गाडरवारा के उदयप्रताप सिंह में से किसी एक को मौका मिल सकता है। ये दोनों पूर्व सांसद हैं। इसी प्रकार शहपुरा के ओम प्रकाश धुर्वे और मंडला की संपतिया उइके में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

---

### आईएएस रानू की जमानत पर अगली सुनवाई 8 जनवरी को

**बिलासपुर।** कोयला घोटाले में निलंबन की सजा भुगत रही और जेल में बंद आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर हाई कोर्ट में बहस अधूरी रही। अगली सुनवाई के लिए कोर्ट ने आठ जनवरी की तिथि तय कर दी है। छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाला मामले में जेल में बंद निलंबित आईएएस रानू साहू की जमानत याचिका पर सुनवाई आगे बढ़ गई है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रानू साहू को जुलाई 2023 में हिरासत में लिया था। ईडी की ओर से उन पर कथित कोयला घोटाले में शामिल होने का आरोप है। इससे पहले बुधवार को इसी केस में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव समेत नौ आरोपी फिर से कोर्ट में पेश नहीं हुए। जेल में बंद आरोपियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन पेशी हुई। इनके कोर्ट में गैरहाजिर रहने पर ईडी के वकील ने आपत्ति जताई तो जेल प्रशासन की ओर से फोर्स की कमी का हवाला दिया गया। मामले की अगली सुनवाई छह जनवरी को होगी।

## चिंतन

# जी-20 में भारत की पहल से सीखे यूएन

वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार की फिर से वकालत की है। भारत ने कहा है कि जिस तरह भारत की अध्यक्षता में जी-20 में 51 देशों के अफ्रीकी संघ को शामिल किया गया है, उससे संयुक्त राष्ट्र को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार करना चाहिए। भारत स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। यूएन सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग करने वाले समूह ग्रुप-4 में भी जापान, जर्मनी व ब्राजील के साथ भारत शामिल है। 21 वीं सदी के हिसाब से व्यापक प्रतिनिधित्व आखिरकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाना चाहिए। सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर व सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार का एक ''स्वर्णिम अवसर'' उपलब्ध कराता है। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को इस बिंदु पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में सुधार से इस वैश्विक संगठन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावशीलता बढ़ेगी, उसकी अक्षमताओं में कमी आएगी, उसमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा व यूएन की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। अभी विश्व में रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग जारी है, अनेक क्षेत्रीय हिंसक संघर्ष चल रहे हैं, दुनिया अनेक संकटों का सामना कर रही है, ऐसे संयुक्त की भूमिका बढ़ जाती है, पर इसके लिए विस्तारित यूएन सुरक्षा परिषद चाहिए। इसलिए स्थायी और गैर-स्थायी सीटों का विस्तार किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 78 वर्ष पहले वर्ष 1945 की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह देशों की विघटन प्रक्रिया तथा एक और विश्व युद्ध को रोकने में सफल रहा है। लेकिन 21वीं सदी का विश्व 20वीं सदी से बहुत अलग है और कई नई समस्याओं और वास्तविकताओं का सामना कर रहा है। आतंकवाद, सामूहिक विनाश, युद्ध, जलवायु संकट, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य चुनौतियां और गरीबी उन्मूलन जैसे ट्रांस-नेशनल मुद्दों के समीचीन समाधान के लिए विस्तारित यूएन की जरूरत है। विश्व में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वार के बहाने नए शीत युद्ध का उदय हो गया है। अमेरिका बनाम चीन-रूस तनाव एक नई वास्तविकता बन रही है। कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका और उसके यूरोपीय भागीदारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। बहुपक्षवाद पर संकट गहरा रहा है। कोविड महामारी समेत अनेक वैश्विक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहा है। अमेरिका व चीन ने अपने हितों व आपसी टकराव के चलते यूएन में व्यापक सुधार के एजेंडे को हमेशा डिरेल किया है। संयुक्त राष्ट्र न ही आज की सैन्य और आर्थिक शक्ति के वितरण को प्रतिबिंबित करता है और न ही एक भौगोलिक संतुलन को। सुरक्षा परिषद की संरचना अधिक लोकतांत्रिक होनी चाहिए। यूएन महासभा व प्रमुख निकायों में भी आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सुधार पूरा नहीं होगा। संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठकर अमेरिका, चीन, रूस आदि स्थाई सदस्य देशों को यूएन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

# प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व चौधरी मित्रसेन आर्य




स्मृति
सत्यवान आर्य

> चौधरी मित्रसेन आर्य ने ऐसे कार्य किए जो हमेशा मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। चौधरी मित्रसेन आर्य ने इस उक्ति को अक्षरशः चरितार्थ किया है। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं, जो अपने सत्कर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य को करने से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। वे हंसते-हंसते पुरुषार्थ करने में विश्वास रखते थे।

15 दिसंबर 1931 को उनका जन्म हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीयो देवी की कोख से हुआ। आपके परदादा चौ. शादीराम के भाई चौ. राजमल जैलदार स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के सहयोगी थे। शहीदे आजम भगतसिंह उनके यहां आया करते थे। चौ. मित्रसेन आर्य के पिता चौ. शीशराम आर्य ने भी आर्यसमाज को पोषित किया। कर्म में उनका गहरा विश्वास था। उन्होंने यही संस्कार चौ. मित्रसेन आर्य को भी दिए। इनका असर जीवनभर उनके ऊपर रहा। जब चौ. मित्रसेन आर्य केवल 8-9 वर्ष के थे तभी परिवार विपत्तियों से घिर गया। उनके पिता की काला मोतिया के कारण आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। नतीजतन चौ. मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य को गोमाता से विशेष लगाव था। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज की रचना गोमाता के द्वारा ही संभव है। युवावस्था में पहुंचते-पहुंचते उन्होंने वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य, सत्यार्थ प्रकाश और रामायण का अध्ययन कर लिया था। वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का उन पर विशेष प्रभाव रहा। 1948 में आर्य जी का विवाह जींद जिले में स्थित गांव जुलानी के चौ. अमृत सिंह सहारण की बेटी परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। कहते हैं हर सफल व्यक्ति के पीछे स्त्री का हाथ होता है। श्रीमती परमेश्वरी देवी ने हर कदम पर चौ, मित्रसेन आर्य का साथ दिया। जिस कारण सफलता की राह उनके लिए आसान होती चली गई। चौ. मित्रसेन आर्य खुशी-खुशी पुरुषार्थ में विश्वास रखते थे। शुरू से ही वे अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए अनुभव जरूरी था। इसलिए उन्होंने करीब नौ साल तक रोहतक, उदयपुर, हिसार, सोनीपत आदि में नौकरी को और तकनीकी ज्ञान हासिल किया। शुरू में साझे में और फिर 1957 में उन्होंने रोहतक में अपना व्यवसाय शुरू किया। 1957 में हिन्दी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन में चौ. मित्रसेन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा




लिया। इसी कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जेल जाने के कारण काम बिखर गया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार आगे बढ़ते रहे। इस आन्दोलन के क्रान्तिकारी बनकर साढ़े चार महीने कारावास में बिताए। आर्यसमाज के आन्दोलन के कारण पंजाब सरकार के मंसूबे निष्फल हो गये तथा हरियाणा में हिन्दी भाषा राजकीय भाषा बन गई। सातवें दशक के शुरू में उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से बाहर का रुख किया। 1961 में उड़ीसा के एक व्यवसायी के साथ उन्होंने वर्कशाप लगाई। इसके बाद 1964 को बड़बिल में वर्कशाप शुरू की। यह उनकी लग्न और अथक परिश्रम का नतीजा था कि 1967 आते-आते चौ. मित्रसेन देश के बड़े कारोबारियों में शुमार हो गए। आधुनिक खेती में योगदान के कारण भारत सरकार उन्हें दिसंबर 2003 में कृषि विशारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने ही उन्हें 2002-03 में चौधरी देवीलाल किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

वेद के आदशों को अपनाने वाले चौधरी मित्रसेन ने इस सूत्र को चरितार्थ किया-मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। उनका व्यवहार सबके लिए मित्र के समान ही था। वे कहते थे कि मनुष्य के पांच शत्रु हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार। वे अज्ञानता, आलस्य, अन्याय और अभाव को बाह्य शत्रु मानते थे। 1962 में स्वामी धर्मानन्द के सम्पर्क में आने के बाद चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की परम्परा को मूर्तरूप प्रदान किया। इनमें मुख्य है गुरुकुल वेदव्यास राउकूल, गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा झारखंड, श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमउधारा छत्तीसगढ़। इस तरह करीब 30 से ज्यादा गुरुकुल और स्कूलों को चौ. मित्रसेन आर्य द्वारा सहायता निरन्तर जारी है।

चौधरी साहब वेद और महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर अटल विश्वास रखते थे। जीवनपर्यन्त उनका दृढ़ विश्वास रहा कि कर्मयोग के द्वारा शान्तिदायक, सुखद, समृद्धि सम्भव है। इसी का परिणाम था कि चौधरी साहब ने शून्य से यात्रा शुरू करके शिखर तक पहुंचाया। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग था। जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने श्री साहिब सिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इस नगर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। उन्होंने देश के रक्षा कोष में भी बहुत बड़ी धनराशि दी। राजनीति में चौधरी मित्रसेन आर्य की रुचि नहीं थी, लेकिन उनका मानना था कि राजा को सर्वहितकारी होना चाहिए। उनका कहना था कि जाति का निर्धारण जन्म से नहीं, कर्म से होता है।

वह एक ऐसे मनस्वी थे जिन्होंने अपने कर्मबल से अपने निवास को किसी भी देवालय जितना पूज्य और पवित्र बना लिया था। जिस किसी ने भी उनके रोहतक स्थित आवास का भ्रमण किया है वह कथ्य से किंचित मात्र भी असहमत नहीं हो सकता। चौ. मित्रसेन की सरल, साफ-सुथरी तथा संघर्ष भरा जीवन किसी के लिए भी पथ-प्रदर्शक हो सकती है। उनका व्यक्तित्व आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## सुरक्षा चूक
अवधेश कुमार



# संसद धुआं कांड बेहद गंभीर

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारे लगाना, धुआं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है, क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है, जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतने जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना ली और पूरा किया तो इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं, जिन्होंने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारे लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है? जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटका और फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिन्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा। ऐसा माहौल न बना दिया जाए कि आम लोगों को दर्शक के रूप में भी संसद भवन को देखने के रास्ते बंद हो जाए। किसी एक घटना का तात्पर्य नहीं कि सारे दर्शक संदिग्ध ही होंगे। सुरक्षा मजबूत करिए और उसके साथ-साथ देश का वातावरण ऐसा बनाइए कि पक्ष और विपक्ष की लड़ाई लोकतांत्रिक सहमति और असहमति की हो नफरत और दुश्मनी की नहीं। नफरत और दुश्मनी की राजनीति से ही इस तरह की भयानक घटनाओं की पुनरावृति होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
**दर्शन**

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *- स्वामी विवेकानंद*

## समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
**प्रेरणा**

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### फर्जीवाड़े से आर्थिक बोझ बढ़ेगा


केंद्र सरकार ने एक बार फिर देश के गरीबों को राहत देते हुए, उनके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का राशन देने की अवधि को लगभग पांच वर्ष तक बढ़ाकर अच्छा प्रयास किया है। लेकिन अगर इसकी निष्पक्ष और उचित जांच की जाए तो यह तय है कि इस पर भी समृद्ध लोग कुंडली मारे बैठे होंगे। मीडिया में ऐसे फर्जीवाड़ों की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि सरकारी खजाने में विभिन्न रूपों में जो कर जमा होता है या किया जाता है, उसे देश के गरीबों की भलाई के लिए लगाया जाए, लेकिन हमारे देश में गरीबों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मुफ्त की सेवाओं में पारदर्शिता न होने के कारण इसमें भी भ्रष्टाचार होता है, फर्जीवाड़े होते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

*-सूरज वर्मा, दंतेवाड़ा*

## करंट अफेयर

# लक्ष्य हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी


रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा', 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। पुतिन ने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था। रूस का आरोप है कि यूक्रेन सरकार पर कट्टर राष्ट्रवादी और नव-नाजीवादी समूहों का प्रभाव है, जिसे खत्म करने को वह 'नाजीवाद का खात्मा' बताता है। हालांकि, यूक्रेन और पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन को तटस्थ रहना चाहिए और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं होना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'जब हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे तब शांति कायम हो जाएगी।' उन्होंने बताया कि फिलहाल लगभग 2,44,000 रूसी सैनिक यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं।



## ऑफ बीट

# कोशिकाओं में छिपे कोरोना वायरस का लगाया पता

अनुसंधानकर्ताओं ने शरीर की कोशिकाओं के अंदर कोरोना वायरस (सार्स कोव-2 वायरस) के छिपे संभावित भंडार की पहचान की है जो कोविड-19 की निरंतरता और इससे फिर से संक्रमित होने पर प्रकाश डाल सकता है। नयी दिल्ली के यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने बाह्यकोशिकीय पुटिकाओं (ईवी) यानी कोशिकाओं से निकले सूक्ष्मकणों का अध्ययन किया और महत्वपूर्ण जानकारी सामने लायी। उन्होंने कहा कि मानक आरटी-पीसीआर प्रक्रिया में जो व्यक्ति 'निगेटिव'' पाये गये उनके ईवी में सार्स कोव-2 के आरएनए या आनुवांशकीय सामग्री पायी गयी। इस अध्ययन की मुख्य लेखिका सुकृति बावेजा ने कहा, 'ईवी में सार्स -कोव-2 आरएनए की पहचान एक ऐसी वैकल्पिक नैदानिक प्रविधि ढूंढ़ने की जरूरत पर बल देती है जो इस खोज का फायदा उठाये तथा कोविड-19 संक्रमण का और प्रभावी तरीके से पता लगाने एवं कोविड-19 से संक्रमण का प्रबंधन करने की हमारी क्षमता में संभावित क्रांति लाए।' अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि पारंपरिक जांच में जो लोग इस वायरस (विषाणु) से मुक्त समझे जाते हैं।



## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर महामहिम डोनाल्ड टस्क को बधाई हो। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बिल्कुल अपमानजनक



किसी भी महिला को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन रिपब्लिकन निर्वाचित अधिकारियों की बदौलत टेक्सास में ठीक वैसा ही हुआ, और यह बिल्कुल अपमानजनक है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### आर-पार देखने में सक्षम हो



जब हार्मोन सक्रिय होते हैं, तो वे आपकी पूरी दृष्टि को विकृत कर देते हैं। आपको किसी गुफा की ओर जाने की ज़रूरत नहीं है, लेकिन आपको इसके आर-पार देखने में सक्षम होना चाहिए।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एक साझा विरासत



इतिहास व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए नहीं है- यह एक सबक है। यदि यह आपको चुनौती देता है, तो यह अच्छा है, क्योंकि इससे पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। इसे मिटाना नहीं है. यह हम सभी के लिए एक साझा विरासत है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण जोरों पर

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दो मुस्लिम मूर्तिकारों ने उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के आगामी भव्य उद्घाटन के लिए भगवान राम की मूर्तियां तैयार की हैं। मोहम्मद जमालुद्दीन और उनके बेटे बिट्टू इन भव्य मूर्तियों को बनाने में लगे हुए हैं, जो राम मंदिर परिसर की शोभा बढ़ाएंगी। बाप और बेटे की इस जोड़ी के काम को पहले ऑनलाइन देखा गया। इसके कारण उन्हें अयोध्या से भगवान राम की मूर्तियां बनाने का एक ऑर्डर मिला। जमालुद्दीन ने बताया कि मिट्टी की तुलना में फाइबर की मूर्तियों की लागत अधिक होती है, मगर फाइबर की मूर्तियां हर तरह के मौसम का सामना कर सकती हैं और उनका जीवन काल अधिक होता है।

# भगवान राम की मूर्तियां बनाकर जलालुद्दीन बेहद खुश


**मुस्लिम कलाकार बना रहे अयोध्या के मंदिर के लिए मूर्तियां**

» मिट्टी व फाइबर की बनाते हैं मूर्तियां

» मोहम्मद जमालुद्दीन और उनके बेटे बिट्टू बना रहे

### धर्म एक निजी चीज,सभी मिलकर रहें

जमालुद्दीन ने बताया कि यही सब खूबियां मिलकर उनको आउटडोर में लगाने के लिए सबसे पसंदीदा विकल्प बनाता है। एक आदमकद फाइबर मूर्ति की कीमत लगभग 2.8 लाख हो सकती है। वे इस परियोजना को लेने के बारे में असमंजस में थे, तो जमालुद्दीन ने कहा कि धर्म एक निजी चीज है। यहां विभिन्न धर्मों के लोग हैं। हम सभी को एक साथ रहना होगा।





### हम सांस्कृतिक सद्भाव को संजोते हैं

जमालुद्दीन ने कहा कि 'न केवल राम की, बल्कि मैंने मां दुर्गा और जगधात्री की भी विशाल मूर्तियां बनाई हैं, जिन्हें काफी लोकप्रियता भी मिली है। उन्होंने गर्व से कहा कि वह वर्षों से विभिन्न हिंदू देवताओं की फाइबर मूर्तियां बना रहे हैं और वे जिस सांस्कृतिक सद्भाव का प्रतिनिधित्व करते हैं, उसे संजोते हैं। बिट्टू ने बताया कि एक आदमकद प्रतिमा बनाने में 30 से 35 लोगों की टीम और लगभग एक से डेढ़ महीने का समय लगता है।



## खबर संक्षेप

### सीजेआई ने ठुकराई सत्येंद्र की जमानत अर्जी



**नई दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश ने दूसरी पीठ के समक्ष सूचीबद्ध आप नेता सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर सुनवाई टालने से इनकार किया। जैन की याचिका दूसरी बेंच के सामने पेंडिंग होने की दलील देकर अपील को खारिज करते हुए चीफ जस्टिस ने कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट में सूचीबद्ध किसी केस में जज को निर्देश नहीं देंगे कि उन्हें क्या करना चाहिए? इस तरह मामला लटक गया है।

### अफजाल की लोकसभा सदस्यता होगी बहाल



**नई दिल्ली।** माफिया मुख्तार अंसार के भाई और लोकसभा सांसद रहे अफजाल अंसरी को सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी राहत दी है। गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में उन्हें मिली 4 साल की सजा पर सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम रोक लगा दी है। गाजीपुर की एमपी एमएलए कोर्ट ने उन्हें दोषी करार दिया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने गाजीपुर सीट पर उपचुनाव पर की रोक लगा दी है।

### गद्दाम प्रसाद कुमार चुने गए तेलंगाना के स्पीकर



**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद कुमार तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर चुने गए हैं। गद्दाम का चुनाव निर्विरोध हुआ। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गद्दाम के नाम का ऐलान किया। प्रोटेम स्पीकर के एलान के बाद सीएम रेवंत रेड्डी, डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्का और विधायक केटी रामाराव उन्हें आसन तक ले गए।

### विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल में लगी आग



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के इंडस अस्पताल के दूसरी मंजिला में आग लग गई। दमकल की गाड़ियां आग बुझाने के लिए घटनास्थल पर पहुंची। सभी मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस आयुक्त रवि शंकर अय्यनर ने बताया कि आग दोपहर के 12 बजे लगी। जिस मंजिल में आग लगी, वहां 50 से 70 मरीज थे। सभी को निकाला गया।

### कराची बेकरी में सिलेंडर विस्फोट,15 लोग घायल



**हैदराबाद।** हैदराबाद में गुरुवार को एक बेकरी में गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ। हादसे में कराची बेकरी शॉप में काम करने वाले पंद्रह कर्मचारी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनमें से छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। गगन पहाड़ इलाके में कराची बेकरी की रसोई में हुआ। बताया जा रहा है कि घायलों को अपोलो के डीआरडीओ में भर्ती कराया गया है।

कांग्रेस के रात्रिभोज में भाजपा के 3 विधायक

## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उनसे मांगा स्पष्टीकरण



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आयोजित रात्रिभोज में भाजपा के तीन विधायक शामिल हुए। इसके बाद से कर्नाटक की राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

कर्नाटक के भाजपा अध्यक्ष बी वाई विजयेंद्र ने कांग्रेस के रात्रिभोज में अपने तीन विधायकों के शामिल होने को गंभीर मामला करार दिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वह उन विधायकों से स्पष्टीकरण मांगेंगे, जो कांग्रेस के रात्रिभोज में शामिल हुए थे। वहीं मामले पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने कहा कि भाजपा के विधायकों ने कांग्रेस विधायक दल की बैठक में हिस्सा नहीं लिया था। वे उनके निमंत्रण पर बुधवार रात सिर्फ रात्रिभोज में ही शामिल हुए थे। वे कांग्रेस विधायक दल की बैठक में क्यों आएंगे? वे हमारी पार्टी के विधायक नहीं हैं।

### कौन-कौन विधायक हुए शामिल?

*भाजपा के एमटी सोमशेखर, शिवराम हेब्बार और एमएलसी एच विश्वनाथ कांग्रेस की आयोजित पार्टी में शामिल हुए थे। इसके बाद से कर्नाटक की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं चल रही है कि 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले ये सभी सत्तारूढ़ कांग्रेस दल में शामिल हो सकते हैं। मई में विधानसभा चुनाव हारने के बाद से ही उन्होंने भाजपा और उसके आंतरिक मामलों से अपने मोहभंग को छिपाया नहीं था। बता दें ये तीनों विधायक 2019 में भाजपा में शामिल हो गए थे। इन्हीं विधायकों ने भाजपा एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली सरकार को गिराकर भाजपा के सत्ता में आने का मार्ग प्रशस्त किया था।*

### » विधायकों से चर्चा करूंगा: विजयेंद्र



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र ने कहा कि सुबह मुझे इसकी जानकारी मिली। मैं तत्काल ही उनसे बात करूंगा, चर्चा करूंगा कि उनकी मंशा क्या है, यह एक गंभीर मामला है। उन लोगों को स्पष्टीकरण देना होगा।

राज्यसभा में कांग्रेस सांसद शुक्ला ने ली चुटकी तो अध्यक्ष धनखड़ ने दिया जवाब

# सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात करें डिजिटल धोखाधड़ी का समाधान हो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद राजीव शुक्ला ने बुधवार को राज्यसभा में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ से चुटकी ली।

शुक्ला ने धनखड़ से कहा कि सारी मलाई तो आप ही खा रहे हैं। इस बात पर उपराष्ट्रपति मुस्कुराते नजर आए। शुक्ला ने राज्यसभा में सोशल मीडिया के जरिए किए जा रहे डिजिटल धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया था। धनखड़ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, आप जरा सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात कीजिए, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी से निपटा जा है।

शुक्ला ने अपना वक्तव्य खत्म करने से पहले धनखड़ को सोशल इंजीनियरिंग वाली बात पर जवाब दिया। शुक्ला ने कहा सभापति जी ने सोशल इंजीनियरिंग की बात की। सोशल इंजीनियरिंग का इनसे बड़ा उदाहरण कौन हो सकता है? राजस्थान के जाट होने के बावजूद उपराष्ट्रपति हो गए। सोशल इंजीनियरिंग की। दूसरी कौन खा रहा है? उपराष्ट्रपति तक कोई पहुंचा वहां से? माननीय मिर्धा जी डिप्टी चेयरमैन तक पहुंचे थे। आप से अच्छा उदाहरण और कौन हो सकता है।

### कांग्रेसी प्रमोद तिवारी से कहा- अब आप ही कुछ कहिए



भाजपा सांसद घनश्याम बोले

#### हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे...

*शुक्ला की बात सुनकर धनखड़ हंसते रहे। इतने में भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी खड़े हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तारीफ करते हुए कहा कि हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे, जिन्होंने आपको यहां पर बैठा दिया। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आप शेखावाटी के हैं और यहां तक पहुंच गए हैं।*

#### तिवारी बोले: इसे अन्यथा ही लें तो ठीक रहेगा

धनखड़ ने मुस्कुराते हुए कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को कहा कि मैं आपको राजस्थान का ही मानता हूं। आप वहीं से चुनकर आए हैं। आप कुछ कहना चाहेंगे, मुझ पर मक्खन खाने का आरोप लगा है। मुझे लगता है प्रमोद तिवारी जी मुझे प्रोटेक्शन देंगे। उपराष्ट्रपति की बात सुनकर प्रमोद तिवारी खड़े हुए और सम्मानपूर्वक कहा कि सर इस बात को अन्यथा ही लिया जाए तो ठीक रहेगा।

## संसद में लापरवाही का मामला: विपक्षी सदस्यों ने साधा सरकार पर निशाना, निलंबन को बताया तानाशाही

**हरिभूमि ब्यूरो नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में गहरी और चिंताजनक चूक के उपरांत विपक्षी दलों में रोष व्याप्त है। बृहस्पतिवार को लोकसभा से 14 और राज्यसभा से एक सदस्य के निलंबन के बाद विपक्ष आरोप लगा रहा है कि सरकार इस मसले पर सदन में बयान देने की बजाय लीपा-पोती कर रही है।

संसद परिसर में गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए डीएमके सांसद कनिमोझी करुणानिधि को भी शीतकालीन सत्र की बाकी अवधि के लिए निलंबित किया है। उन्होंने लोकसभा के स्पीकर की तरफ से दिखाई गई सख्ती पर कहा कि संसद में सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने के आरोपियों को एक सांसद के कहने पर विजिटर पास दिए गए। 24 घंटे से अधिक समय बीतने के बावजूद इस मामले में सांसद के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। कनिमोझी ने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के मामले पर हुई कार्रवाई का जिक्र करते हुए कहा, हमने देखा है कि महुआ के मामले में क्या कार्रवाई हुई है। जांच पूरी हुए बिना ही उन्हें सदन के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया। लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो लोगों के कूदने के मामले में पास जारी करने वाले सांसद को निलंबित भी नहीं किया गया है। डीएमके सांसद ने कहा, जब हमने विरोध किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मोदी या गृह मंत्री के बयान की मांग की तो सरकार ऐसा करने के लिए तैयार नहीं हैं।

जेडीयू सांसद राजीव रंजन (ललन) सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि15 सांसदों के निलंबन पर कहा, सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए निलंबन कर रही है। ऐसी कार्रवाई से सत्ताधारी दल विपक्ष को डराना चाहती है। आप खौफ का माहौल बनाकर शासन नहीं कर सकते। अगर विपक्षी सांसद लोकसभा और पूरे संसद की सुरक्षा मे हुई चूक, खुफिया विफलता के संबंध में गृह मंत्री से बयान की मांग कर रहे हैं, तो इसमें गलत क्या था? ललन सिंह ने कहा, गृह मंत्री शाह को खुद पहल करनी चाहिए। उन्हें सदन में आकर बयान देना चाहिए। उन्होंने कहा, सरकार निलंबित करा सकती है, उनके पास बहुमत है और वे जो चाहें कर सकते हैं। जदयू सांसद ललन सिंह के मुताबिक अगर चकमा देकर संसद में घुसने वाले दोनों व्यक्ति मुस्लिम होते या विजिटर पास किसी कांग्रेस सांसद ने जारी किया होता तो सरकार का आचरण बिल्कुल अलग होता। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने मीडिया से कहा, कल जो हुआ वह बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी। उन्होंने कहा कि सरकार सदन में बयान नहीं देने पर अड़ी हुई है। पीएम मोदी या गृह मंत्री शाह के बयान की मांग करने और सदन के भीतर विरोध दर्ज कराने के कारण सरकार विपक्षी सांसदों की आवाज दबा रही है। 14 सांसदों को शेष शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है। विपक्षी पार्टियां पीएम या गृह मंत्री से सदन के पटल पर स्पष्ट बयान देने की मांग कर रही हैं।

## आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिज़ाइन



### विलुप्त कलाओं को फिर से संजो रहे

*नई दिल्ली। दिल्ली में बुधवार को लाल किला परिसर में ब्रिटिश काल के बैरक में स्थित 'आत्मनिर्भर भारत सेंटर फॉर डिजाइन' में एक कर्मचारी एक डिजाइन दिखाता है। भारत की पारंपरिक कला, देश-दुनिया के सामने विलुप्त होती कला को नई पहचान देने की पहल की जा रही है। आत्मनिर्भर भारत के तहत देश से वे कारीगर, जिनकी कला विलुप्त होती जा रही है। उन्हें डिजाइनर के साथ जोड़कर उनकी विलुप्त होती कला को दुनिया के सामने नई पहचान देने की शुरुआत की गई है। यहां 17 अलग-अलग कलाओं को एक साथ लाया है। 10 से ज्यादा राज्यों से कारीगर डिजाइन कर रहे हैं।*

नॉलेज गाइड: श्रीकृष्ण जन्मभूमि-ईदगाह मामला

## ढाई रुपए के स्टांप पेपर पर किया गया था समझौता तत्कालीन डीएम और एसपी ने रखी थी इसकी नींव

» *श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था*

एजेंसी ▶▶ मथुरा

श्रीकृष्ण जन्मस्थान की जिस ढाई एकड़ जमीन को ईदगाह कमेटी को ढाई रुपये के स्टांप पर समझौते के आधार पर देने का विरोध हो रहा है। उसकी नींव मथुरा में 1968 में तैनात रहे डीएम और एसपी ने रखी थी। उस वक्त शायद उन्होंने सोचा भी न होगा कि जिस समझौते को वह विवाद का निपटारा मान रहे हैं, वह खुद ही भविष्य में विवाद बन जाएगा।



### श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष ने बताया

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह बताते हैं कि 15 मार्च 1832 को अताउल्ला खातिब ने कलेक्टर कोर्ट में एक मुकदमा दर्ज कराया था। 1815 में पटनीमल के नाम पर कटरा केशव देव की जमीन की नीलामी की गई थी, उसको रद्द कर मस्जिद की मरम्मत कराने की मांग की गई। 1968 में डीएम आरके गोयल,एसपी गिरीश बिहारी तैनात थे।

### 136 वर्ष पुराने प्रकरण को खत्म करने का रास्ता निकाला

उन्होंने 136 वर्ष पुराने केस को खत्म करने का रास्ता समझौते के तौर पर निकाला। डीएम और एसएसपी की मध्यस्थता पर 10 अगस्त 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह कमेटी ने 10 बिंदुओं का समझौता किया था। सह सचिव देवधर शर्मा और फूलचंद गुप्ता ने हस्ताक्षर किए। ईदगाह कमेटी की ओर से शहमर मलीह, डॉ. शाहबुद्दीन, आबिदुल्ला खां, मो. आकूल ने हस्ताक्षर किए थे। अधिवक्ता रज्जाक हुसैन थे। मुकदमों को एक किताब में संजोया गया है।

महिलाओं के लिए योजनाओं पर संवाददाता सम्मेलन में बोले डॉ.मांडविया

देश में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, सुरक्षा और समान अवसर देने में तेजी से हुआ काम

## आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से 'लिंगानुपात' सुधरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। इस नए भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, उन्हें सुरक्षित और समान अवसर देने की दिशा में तेजी से काम हुआ है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीएम मोदी ने सात विषयों पर विशेष रूप से काम किया है।

पहला उन्हें सुरक्षा दी गई, उन्हें संबल बनाने के साथ उनकी समृद्धि के लिए काम किया, आधी आबादी के अस्तित्व को स्वीकार करके उन्हें सुविधा उपलब्ध करना, महिलाओं की चिंता करने के साथ उन्हें निर्णायक भूमिका में लाने का काम किया गया है।बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के कारण आज लिंगानुपात में सुधार होकर प्रति 1000 पुरुषों के मुकाबले 934 महिला हो गई है।



### महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए मिशन

*उन्होंने बताया कि महिला के सशक्तिकरण के लिए मिशन शक्ति चलाया गया। नारी अदालत की स्थापना की गई, मातृ वंदना योजना से सेहत पर ध्यान दिया गया। आज महिलाएं दस लाख तक बैंक से ऋण ले पा रही हैं और अपना काम शुरू कर रही हैं। सरकार की इस योजना के लाभार्थियों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं।*

### 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर

डॉ. मांडविया ने कहा कि पीएम मोदी के लगभग दस साल के कार्यकाल में लोगों को चार करोड़ आवास दिए गए जिसमें 70 प्रतिशत आवास महिलाओं के नाम पर है।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति बना रहे

सरकार की लखपति दीदी योजना के तहत दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की तरफ काम तेजी से चल रहा है। आज लोगों के पास बैंक अकाउंट है।

### महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग

भारत सरकार की फर्टिलाइजर कंपनियां नमो ड्रोन दीदी को ट्रेनिंग दे रहे हैं। आने वाले दिनों में 15 हजार महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप अपनी आमदनी बढ़ा पाएंगी।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम

*मांडविया ने कहा यह जरूरी हैं कि महिलाओं को देश के विकास में भागीदार बनाया जाए इसके लिए ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित करके महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित किया गया है।*

### महिलाओं को जीवन की जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई

मांडविया ने कहा यह जरुरी हैं कि सरकार ने दस करोड़ से अधिक गैस सिलेंडर महिलाओं को उपलब्ध कराया है। इसके साथ उनके घरों में पानी के नल लगा कर उन्हें सुविधा दी है। 12 करोड़ से अधिक महिलाओं को इज्जत घर उपलब्ध कराया गया है।जन औषधि केंदरो पर एक रुपए में सेनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराया गया है।

रसगुल्ले को गुलाब जामुन ने छोड़ा पीछे!

## लगातार 8वें साल भी बिरयानी स्विगी पर सबसे ज्यादा ऑर्डर



**नई दिल्ली।** लोगों को यह जानकर हैरानी होगी कि 2023 के पहले दिन एक जनवरी को ऑनलाइन फूड डिलिवरी एप स्विगी पर 4.3 लाख बिरयानी का आर्डर किया गया जबकि 83.5 नूडल्स आर्डर किए गए। 19 नवंबर, 2023 को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए वर्ल्ड फाइनल मैच वाले दिन देश में हर मिनट स्विगी पर 188 पिज्जा का आर्डर किया गया। स्विगी ने 2023 में अपने ऐप पर यूजर्स की ओर से आर्डर किए गए फूड के ट्रेंड को लेकर एक डेटा जारी किया है जिससे ये जानकारी सामने आई है।

### मुंबई के यूजर ने किया 42.3 लाख का फूड ऑर्डर

मुंबई के एक यूजर ने पहली जनवरी से लेकर 23 नवंबर के बीच अब तक 42.3 लाख का फूड आर्डर किया है। सबसे ज्यादा आर्डर चेन्नई, दिल्ली और हैदराबाद के यूजर अकाउंट्स से किया गया। रसगुल्ला से ज्यादा भारतीयों को अब गुलाब जामुन रास आ रहा है।

**खबर संक्षेप**




## क्रेडो ब्रांड्स ने आईपीओ का मूल्य दायरा किया तय

**नई दिल्ली।** क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड ने 550 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 266-280 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के पास डेनिम ब्रांड मुफ्ती का स्वामित्व है। क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड के अनुसार, आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा और 21 दिसंबर को बंद होगा।

## भविष्य के अभियंताओं, प्रबंधकों ने संबलपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के लिए सुझाव दिए

**संबलपुर।** रेल मंत्रालय संबलपुर रेलवे स्टेशन को विश्व स्तरीय स्टेशन बनाने के लिए इसके प्रमुख उन्नयन की योजना बना रहा है। इसमें स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार लाने के लिए मास्टर प्लान तैयार करना और चरणों में उनका कार्यावयन करना शामिल है, जैसे स्टेशन पहुंच मार्ग, परिसंचारी क्षेत्रों, प्रतीक्षालयों, शौचालयों में सुधार, आवश्यकतानुसार लिफ्ट, एस्केलेटर उपलब्ध कराना, 'वन स्टेशन वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली और प्रदर्शन, भूनिर्माण, भावी वाणिज्यिक स्थान की पहचान आदि का समावेश है। इस योजना में भवन में सुधार, शहर के दोनों ओर से स्टेशन को एकीकृत करने, मल्टीमॉडल एकीकरण, दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएँ, टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल ग्रीन बिल्डिंग समाधान, रूफ प्लाजा, चरणबद्ध और व्यवहार्यता और लंबी अवधि में स्टेशन पर सिटी सेंटर के निर्माण की भी परिकल्पना की गई है।

# मारुति 800 के 40 साल : जिसने बदली देश के वाहन क्षेत्र की तस्वीर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के मुख्यालय के ब्रांड सेंटर में खड़े कई आधुनिक वाहनों के बीच 40 साल पुरानी एक छोटी सफेद कार की मोटर वाहन जगत में अपनी ही चमक है। यह कोई साधारण कार नहीं बल्कि लोकप्रिय 'मारुति 800' या एम800 मॉडल की पहली इकाई है। 'मारुति 800' को 14 दिसंबर, 1983 को जब पेश किया गया भारत तब भी लाइसेंस राज के अधीन था। एम800, 1991 में आर्थिक उदारीकरण का गवाह भी बनी। यह भारत के पुराने से नए दौर में प्रवेश तक के सफर की साक्षी रही। मारुति 800 को 'आम जन की कार' कहा जाता है।

## 'मारुति 800' को 14 दिसंबर, 1983 को पेश किया गया था

### घरेलू बाजार में बिकी 26.8 लाख इकाइयां

घरेलू बाजार में इस मॉडल की कुल 26.8 लाख इकाइयां बिकीं और 2.4 लाख इकाइयों का निर्यात हुआ। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर. सी. भार्गव ने एक बार कहा था कि जब मौजूदा कार निर्माताओं हिंदुस्तान मोटर्स और प्रीमियर को प्रौद्योगिकी आयात करने की भी अनुमति नहीं थी।




### उत्पादन में हुई लगातार बढ़ोतरी

*1992-93 में इसका संचयी उत्पादन रिकॉर्ड पांच लाख इकाई रहा। इसके बाद 1996-97 तक यह दोगुना होकर 10 लाख इकाई हो गया और 1999-2000 में 15 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर गया। यह छोटी कार लगातार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करती गई और एम800 का उत्पादन 2002-03 में 20 लाख इकाई और 2005-06 में 25 लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी ने 18 जनवरी, 2014 से एम800 का उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दिया। तब एम800 का संचयी उत्पादन 29.2 लाख इकाई था। इससे पहले एमएसआई ने अप्रैल, 2010 से हैदराबाद, बेंगलुरु, कानपुर और पुणे सहित 13 शहरों में मारुति 800 की बिक्री बंद कर दी थी।*

### भारत के सुस्त बाजार में मचाई हलचल

*इसने हिंदुस्तान मोटर की एंबैस्डर कार और प्रीमियर पद्मिनी के एकाधिकार को चुनौती देते हुए उस समय भारत के सुस्त पड़े यात्री वाहन बाजार में हलचल मचा दी थी। पेश किए जाने के कुछ ही समय में यह लाखों मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की पहली पसंद बन गई।*

### सुजुकी रही बेहतर प्रौद्योगिकी से लैस

*हरपाल सिंह को 1983 इसकी पहली इकाई की चाबियां सौंपे जाने के बाद से एम800 के 1986-87 में संचयी रूप से एक लाख इकाइयों का उत्पादन किया। हरपाल सिंह ने 1983 में एक लकी ड्रॉ में इसे जीता था। उस समय बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों की तुलना में सुजुकी कहीं बेहतर प्रौद्योगिकियों से लैस थी।*

## रिजर्व बैंक की आशंका सही साबित हो रही

# खाद्य वस्तुओं के महंगे होने से थोक महंगाई दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सात महीने तक शून्य से नीचे रहने वाली थोक महंगाई या डब्ल्यूपीआई इंफ्लेशन (डब्ल्यूपीआई) की दर में अब बढ़ोतरी होनी शुरू हो गई दिखती है। बीते नवंबर महीने के दौरान देश में थोक महंगाई की दर में 0.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बढ़ोतरी की वजह खाने-पीने के सामनों में बढ़ोतरी होना है। इसमें लहसून और प्याज की कीमत भी शामिल है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार बीते नवंबर महीने में थोक महंगाई की दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। हाल के सात महीने तक यह शून्य से नीचे ही बनी रही थी। अक्टूबर महीने में भी यह शून्य से 0.52 फीसदी नीचे थी। इससे पहले इसी साल मार्च में डब्ल्यूपीआई इंफ्लेशन की दर 1.41 फीसदी थी।

- बीते नवंबर महीने के दौरान थोक मूल्य की महंगाई की दर बढ़ गई है

- यह बीते आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है
- थोक महंगाई की दर में 0.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई




### सब्जियों की मुद्रास्फीति 10.44 फीसदी रही

*प्याज में मूल्यवृद्धि की वार्षिक दर नवंबर में बढ़कर 101.24 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 62.60 प्रतिशत थी। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा बाजार में कीमतों पर अंकुश के लिए सरकार ने पिछले सप्ताह अगले साल मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सब्जियों की मुद्रास्फीति 10.44 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में शून्य से नीचे 21.04 प्रतिशत थी।*

### कौन से सामान हुए महंगे

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार बीते नवंबर महीने के दौरान मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, खनिनों, मशीनरी व उपकरण, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पादों, मोटर वाहनों, अन्य परिवहन उपकरणों और अन्य विनिर्माण वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण सकारात्मक दायरे में रही। उल्लेखनीय है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति नवंबर में 8.18 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 2.53 प्रतिशत थी।

### धान और फलों में भी तेजी रही

*धान और फलों में नवंबर में मुद्रास्फीति क्रमशः 10.44 प्रतिशत और 8.37 प्रतिशत रही। आलू की मूल्यवृद्धि दर शून्य से 27.22 प्रतिशत नीचे रही। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से 0.64, ईंधन व बिजली की मुद्रास्फीति शून्य से 4.61 प्रतिशत नीचे और गैर-खाद्य वस्तुएं की शून्य से 3.20 प्रतिशत नीचे रही। बार्कलेज रिसर्च के अनुसार, थोक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी खुदरा कीमतों की तुलना में अधिक रहीं।*

### खुदरा महंगाई की दर भी बढ़ी

*इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के कारण खुदरा या उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है।*

### रिजर्व बैंक ने भी दिया था संकेत

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा में ब्याज दरों को स्थिर रखा था। इसके साथ ही नवंबर और दिसंबर महीने के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने के संकेत दिए थे।*

# सोना 1,130 रुपए उछला, चांदी ने लगाई 2,350 रुपए की छलांग

## मजबूती से सोना 62,950 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,130 रुपये उछलकर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 2,350 रुपये की छलांग के साथ 77,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले कारोबार में यह 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतें 1,130 रुपये बढ़कर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 1,381 रुपये बढ़कर 62,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 3,393 रुपये उछलकर 74,925 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,032 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,032 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 51 डॉलर की मजबूती को दर्शाता है।

- चांदी बढ़कर हुई 77,400 रुपए प्रति किलो ग्राम



### अमेरिकी बांड में गिरावट से सोने में तेजी

*गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह संकेत दिए जाने के बाद कि उसका आक्रामक मौद्रिक रुख का अभियान समाप्त हो गया है, कॉमेक्स सोना 2.5 प्रतिशत तक उछल गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, अमेरिकी बांड प्रतिफल और डॉलर इंडेक्स में गिरावट से भी सोने की कीमतों में तेजी आई।*

## सर्दियों में प्रदूषण से बचने के लिए प्रेग्नेंट महिलाएं क्या खाएं: डॉ. चंचल शर्मा

**नई दिल्ली।** प्रेगनेंसी के दौरान महिलओं को अपना बेहद खास ख्याल रखने की जरूरत होती है। किसी भी महिला के लिए गर्भावस्था सबसे खूबसूरत और बेहतरीन लम्हों में से एक होता है। इस दौरान उनको मौसम के हिसाब से अपनी सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। वहीं राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर के कई हिस्सों में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच गया है। प्रदूषण के कारण लोगों को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस प्रदूषण का असर लोगों की प्रजनन क्षमता पर भी पड़ रहा है। आशा आयुर्वेदा की सीनियर फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट डॉ. चंचल शर्मा बताती है कि एक प्रेग्नेंट महिला के लिए गर्मी हो या सर्दी दोनों ही मौसम में ध्यान रखना जरुरी है। उनका कहना है कि खासतौर पर सर्दियों में प्रेग्नेंट महिला को ध्यान रखना जरूरी है, क्योंकि आयुर्वेद में माना गया है कि इस समय पित का प्रकोप ज्यादा होता है।

## राशिफल

**मेष** — परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। कारोबार के लिए विदेश जा सकते हैं। यात्रा से कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मिथुन** — आत्मविश्वास बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** — मन में निराशा एवं असन्तोष भी रहेगा। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**सिंह** — परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी।

**कन्या** — कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। आय में वृद्धि होगी।

**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। जीवनसाथी से मनमुटाव रहेगा।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिश्रम अधिक रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती है। सचेत रहें। लाभ के अवसरों में बढ़ोतरी होगी।

**धनु** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर समुचित ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं से चिंतित रहेंगे।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु आलस्य की अधिकता भी हो सकती है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी।

**मीन** — संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। किसी क्षेत्र में निवेश के अवसर प्राप्त होंगे।

### किआ इंडिया अगले साल देश में बढ़ाएगी उत्पादन

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता किआ बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक कारोबारी योजना के तहत अगले साल भारत में उत्पादन, बिक्री नेटवर्क और अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी।

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूंगा
खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

## चौतरफा तेजी से सेंसेक्स, निफ्टी नए शिखर पर



**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को चौतरफा तेजी से लगातार दूसरे दिन मजबूती आई और बीएसई सेंसेक्स 929 अंक से अधिक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने और अगले साल इसमें कटौती किये जाने के संकेत के बाद मुख्य रूप से आईटी, प्रौद्योगिकी और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 929.60 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 70,514.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,018.29 अंक तक चढ़ गया था।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवीं बार सबसे बड़ी वेल्थ क्रिएटर बनी

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) पांच साल (2018-2023) की अवधि में लगातार पांचवीं बार अपने निवेशकों के लिए सबसे बड़ी वेल्थ क्रिएटर कंपनी के रूप में उभरी है। मुंबई बेस्ड ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने 14 दिसंबर को जारी अपनी 28वीं एनुअल वेल्थ क्रिएशन स्टडी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। मोतीलाल ओ बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2018 से 2023 की अवधि (31 मार्च 2023 तक) में 9.63 लाख करोड़ रुपए जोड़े हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, लिस्ट में टॉप 100 कंपनियों द्वारा बनाई गई टोटल वेल्थ में रिलायंस का योगदान 13.7 प्रतिशथ है।

- टॉप 100 कंपनियों की टोटल वेल्थ में रिलायंस का योगदान 13 .7 प्रतिशत

**फास्टेस्ट वेल्थ क्रिएटर्स में लॉयड्स मेटल्स टॉप पर रही:** 2018-2023 की अवधि में बेंचमार्क सेंसेक्स में 95% की तेजी देखने को मिली। वहीं, पांच साल की अवधि में फास्टेस्ट वेल्थ क्रिएटर्स कंपनियों की लिस्ट में लॉयड्स मेटल्स टॉप पर रही, जिसका पांच साल का प्राइस सीएजीआर 79% रहा।

## देश की 95 प्रतिशत आबादी के पास बीमा नहीं : रिपोर्ट

**मुंबई।** सरकार और बीमा नियामक के प्रयासों के बावजूद देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी का बीमा नहीं है। राष्ट्रीय बीमा अकादमी ने बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन देवाशीष पांडा ने यह रिपोर्ट जारी की। इस मौके पर उन्होंने उद्योग से उन कदमों का अनुकरण करने का आग्रह किया।

**EICHER MOTORS LTD**

Registered Office: 3rd Floor-Select City Walk A-3 District Centre, Saket, New Delhi – 110017

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the certificate[s] for the undermentioned securities of the Company has/have been lost/ misplaced and the holder[s] of the said securities / applicant[s] has/ have applied to the Company to issue duplicate certificate[s].

Any person who has a claim in respect of the said securities should lodge such claim with the Company at its Registered Office within 15 days from this date, else the Company will proceed to issue duplicate certificate[s] without further intimation.

| Name[s] of holder[s] [and Jt. holder[s], if any] | Kind of Securities and Face Value | No. of Securities | Folio No. Distinctive No. Certificate No. |
|---|---|---|---|
| Rohit Kakar | Equity Shares of Face Value ₹ 10/- of Eicher Tractors Ltd., Regd Office : 3rd Floor- Select City Walk A-3 District Centre, Saket, New Delhi-110017 | 120 Nos. | F.No:0087892 Dist No:25330034 - 25330153 Cert No: 116596-116597 |

Bhubaneswar
14.12.2023

Rohit Kakar

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सेवा पहुँचाना सरकार की कोशिशः एसपी सिंह बघेल




नई दिल्ली। वर्ल्डवाइड अचीवर द्वारा आयोजित हेल्थ केयर अवार्ड्स और समिट में बोलते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि सरकार दूरदराज के इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अंतिम मील तक कवरेज प्रदान करने की दिशा में काम कर रही है। श्री बघेल ने कहा कि आयुष्मान भारत देश में चल रही सबसे महत्वपूर्ण सरकारी कल्याणकारी योजना है। इस योजना की वजह से अमीरों की तरह गरीबों का भी निशुल्क इलाज सुनिश्चित हो पा रहा है जो पहले संभव नहीं हुआ करता था। इस दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, प्रो.एस.पी.सिंह बघेल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास अठावले और डॉक्टर सुभाष रामराव भामरे लोकसभा सदस्य और पूर्व कैबिनेट मंत्री ने हेल्थकेयर सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले हॉस्पिटल, डॉक्टर और इस क्षेत्र से जुड़े अन्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शांगरिला होटल में गया।

- आयुष्मान भारत देश में चल रही सबसे महत्वपूर्ण सरकारी कल्याणकारी योजना : एसपी सिंह बघेल

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान : दिल्ली मुख्य स्टेशन पर मौजूदा वाशिंग लाइन नंबर 18, 19, 20 और 21 के विद्युतीकरण के संबंध में 25 केवी एसी ओएचई का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत : रु. 1,20,25,793.71/- |
| 3 | बयाना राशि : रु. 2,10,100/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि : 26.12.2023 (10.30 बजे) से 09.01.2024 (15.00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय : 09.01.2024 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत : Capital (20427103) |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है : www.ireps.gov.in |

सं.: 24B-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक: 13.12.2023 3926/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## शब्द पहेली - 5364



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवासा, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौंडी पीटना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टौंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इतराना-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5363 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | रा | द | री | ■ | ज | य | मा | ला | ■ |
| बि | ल | ■ | श | ■ | का | य | म | ■ | श | व |
| रा | ■ | म | ह | क | ना | ■ | ज | रा | ■ | र्त |
| द | र | द | रा | ■ | ■ | सा | ■ | ग | रि | मा |
| र | ■ | हो | ■ | व | सु | ध | र | ■ | या | न |
| ■ | कु | श | ल | ■ | दा | ■ | जा | य | ज | ■ |
| मि | ली | ■ | क | रा | मा | त | ■ | म | ■ | अ |
| ला | न | त | ■ | त | ■ | ■ | प | रा | धी | न |
| ब | ■ | ल | ता | ■ | अ | च | र | ज | ■ | ब |
| ट | ब | ■ | ली | न | ता | ■ | तं | ■ | मी | न |
| ■ | स | ला | म | त | ■ | मि | त्र | व | त | ■ |

## सूडोकू नवताल - 5374

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकू नवताल - 5373 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# सूर्या का तूफानी शतक, दक्षिण अफ्रीका को 106 रनों से रौंदा

भाषा ⏭ जोहानिसबर्ग

भारत ने टी20 सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में साउथ अफ्रीका को हरा दिया है। जोहानिसबर्ग के न्यू वांडरर्स स्टेडियम पर भारत ने 106 रनों से जीत हासिल की। कप्तान सूर्यकुमार यादव के आक्रामक शतक की मदद से भारत ने टॉस हारकर पहले खेलते हुए सात विकेट पर 201 रन बनाये। साउथ अफ्रीका ने लगातार विकेट खोए और 95 रनों पर उनकी पारी सिमट गई। बर्थडे बॉय कुलदीप यादव ने 5 शिकार किए। भारत की इस जीत के साथ ही तीन मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर खत्म हो गई।

## कुलदीप का चला जादू, सीरीज एक-एक से बराबर



### सूर्या का चौथा टी20 शतक

दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिये भेजा। सूर्यकुमार ने 56 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से 100 रन बनाये जो उनका चौथा टी20 शतक है। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 41 गेंद में 60 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिये 112 रन की साझेदारी की। शुभमन गिल और जायसवाल ने पारी का आगाज करते हुए 14 गेंद में ही 29 रन जोड़ लिये लेकिन बायें हाथ के स्पिनर केशव महाराज ने इस साझेदारी को बड़ा नहीं होने दिया। उन्होंने दो गेंद में दो विकेट लेकर गिल और तिलक वर्मा को पवेलियन भेजा।

### यशस्वी की भी दमदार पारी

पावरप्ले के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 62 रन था। अगले चार ओवर में 25 रन ही बने और दस ओवर के बाद स्कोर दो विकेट पर 87 रन था। इसके बाद दोनों ने आक्रामक तेवर अख्तियार कर लिये। सूर्यकुमार ने दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर शॉट खेले। तेज गेंदबाज एंडिले फेलुकवायो की उन्होंने सबसे ज्यादा धुनाई की। उन्होंने फेलुकवायो के 13वें ओवर में 22 रन निकाले जिसमें तीन छक्के और एक चौका शामिल था। उन्होंने छक्के के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया। जायसवाल ने भी लिजाड विलियम्स को मिडविकेट पर छक्का लगाया।

वह कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी को लांग आफ पर ऊंचा शॉट खेलने के प्रयास में रीजा हेंड्रिक्स को कैच दे बैठे। सूर्यकुमार ने विलियम्स की गेंद पर दो रन लेकर अपना शतक पूरा किया। इसके तुरंत बाद वह विलियम्स की गेंद पर सीमारेखा पर मैथ्यू ब्रीज्के को कैच देकर लौटे। आखिरी ओवर में जितेश शर्मा हिट विकेट हो गए।

### पावरप्ले में गिरे 3 विकेट

साउथ अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। पहले ओवर में मोहम्मद सिराज ने कोई रन नहीं दिया। दूसरे ओवर में मुकेश कुमार ने मैथ्यू ब्रीज्के (04) को बोल्ड कर दिया। फिर सिराज की डायरेक्ट हिट पर रीजा हेंड्रिक्स (8) भी रन आउट हो गए। लेकिन एडेन मार्करम एक तरफ से अटैक कर रहे थे। पावरप्ले के आखिरी ओवर में क्लासेन भी आउट हो गए। अर्शदीप सिंह ने उनका शिकार किया।

**भारत-201/7 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का हेंडरिक्स बो शम्सी | 60 |
| शुभमन गिल पगबाधा बो महाराज | 8 |
| तिलक वर्मा का मार्कराम बो महाराज | 0 |
| सूर्यकुमार का ब्रीज्के बो विलियम्स | 100 |
| रिंकू सिंह का स्टब्स बो बरगर | 14 |
| जितेश शर्मा हिट विकेट बो विलियम्स | 4 |
| रविंद्र जडेजा रन आउट | 4 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : नौ रन
कुल योग : 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन
विकेट पतन : 1-29, 2-29, 3-141, 4-188, 5-194, 6-199, 7-199
गेंदबाजी: बरगर 4-0-39-1, मार्कराम 1-0-15-0, महाराज 4-0-26-2, विलियम्स 4-0-46-2, फेलुकवायो 3-0-33-0, शम्सी 4-0-38-1

**अफ्रीका- 95/10(13.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रीजा हेंडरिक्स रन आउट | 8 |
| मैथ्यू ब्रीज्के बो मुकेश | 4 |
| मार्कराम का जायसवाल बो जडेजा | 25 |
| हेनरिच का सिंह बो अर्शदीप | 5 |
| डेविड मिलर बो कुलदीप | 35 |
| डोनोवन फेरेइरा बो कुलदीप | 12 |
| फेलुकवायो का और बो जडेजा | 0 |
| केशव महाराज बो कुलदीप | 1 |
| नांद्रे बरगर पगबाधा बो कुलदीप | 1 |
| विलियम्स पगबाधा बो कुलदीप | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 1 |

अतिरिक्त : तीन रन
कुल योग : 13.5 ओवर में 95 रन
विकेट पतन : 1-4, 2-23, 3-42, 4-42, 5-75, 6-82, 7-89, 8-94, 9-94
गेंदबाजी: सिराज 3-1-13-0, मुकेश 2-0-21-1, अर्शदीप 2-0-13-1, जडेजा 3-0-25-2, वर्मा 1-0-4-0, कुलदीप 2.5-0-17-5

### कुलदीप ने किए 5 शिकार

इसके बाद भारतीय स्पिनर का जादू चला। रविंद्र जडेजा ने दो विकेट लिए जबकि कुलदीप यादव ने 5 विकेट लेकर साउथ अफ्रीका को कोई मौका नहीं दिया। कुलदीप यादव ने सिर्फ 17 रन खर्च किए और टी20 इंटरनेशनल में यह उनका बेस्ट प्रदर्शन है। 75 के स्कोर पर 5वां विकेट खोने वाले मेजबान टीम 95 पर ऑलआउट हो गई। उनके अंतिम 5 बल्लेबाज मिलकर सिर्फ 3 रन ही बना सके। आखिरी विकेट के रूप में आउट हुए डेविड मिलर ने सबसे ज्यादा 35 रनों का योगदान दिया।

## खबर संक्षेप



### बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी गई जिस पर उन्होंने 'सभी जीवन समान हैं' का संदेश लिखा था जिससे वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बांह पर का काली पट्टी बांधकर उतरे। आईसीसी ने बुधवार को ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी जिस पर उन्होंने जाहिर तौर पर गाजा के संदर्भ में कुछ संदेश लिखे थे। आईसीसी के नियम टीम की पोशाक या उपकरणों पर राजनीति या धार्मिक बयान के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देते हैं।

### बशीर ने मैकुलम को नजरअंदाज किया

**लंदन।** इंग्लैंड के युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने कुछ दिन पहले न्यूजीलैंड के 'डायलिंग कोड नंबर' से एक 'मिस्ड कॉल' देखी और उन्होंने इसे यह समझते हुए नजरअंदाज किया कि यह किसी ने ऐसे ही कर दिया होगा। छह प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके बशीर ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह नंबर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का हो सकता है और इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच उन्हें टीम में चुने जाने की रोमांचक खबर देने के लिए फोन कर रहा था। बशीर ने बताया, 'मैंने नंबर देखकर सोचा, 'ये कौन है'? यह कोई ऐसा ही कोई नंबर हो सकता है।'

### 'क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित हैं कैमरन

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया के आल राउंडर कैमरन ग्रीन ने खुलासा किया कि जब वह पैदा हुए थे तो वह 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित थे। आस्ट्रेलिया के इस दुबले पतले हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि एक समय उनके 12 साल से ज्यादा जीने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते और इसमें किडनी को ठीक भी नहीं किया जा सकता। ग्रीन ने कहा, 'जब मेरा जन्म हुआ तो मेरे माता पिता को बताया गया कि मुझे 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' बीमारी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते लेकिन अल्ट्रासाउंड के जरिए इसका पता चला।'

### भारत की दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीती श्रृंखला

**मुंबई।** सुषमा पटेल की 37 गेंद में 45 रन की पारी की बदौलत भारत ने गुरुवार को चौथे टी20 मुकाबले में नेपाल को यहां सात विकेट से हराकर दृष्टिबाधित महिलाओं की पांच मैच की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। नेपाल की टीम टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी। मेहमान टीम ने कप्तान बिंता पुन की 69 रन की पारी और मानकेशी चौधरी के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया।

## क्रिकेट : शुभा, जेमिमा, यास्तिका और दीप्ति का शानदार अर्धशतक

# टेस्ट में भारतीय महिला टीम का धमाका स्टंप तक सात विकेट पर बनाए 410 रन

एजेंसी ⏭ नवी मुंबई

भारतीय महिला टीम ने बल्ले से आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 410 रन का विशाल स्कोर बना लिया। करीब दो साल में पहला टेस्ट और अपनी सरजमीं पर नौ साल में लाल गेंद का अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम ने डीवाई पाटिल स्टेडियम की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दमदार खेल दिखाया और प्रति ओवर लगभग पांच रन जोड़े। पदार्पण कर रही चौबीस साल की शुभा सतीश ने शानदार फुटवर्क के साथ गेंदबाजों की लाइन एवं लेंथ को अच्छी तरह पढ़ते हुए 76 गेंद में 13 चौकों से 69 रन की पारी खेली। उन्होंने करीब 91 के स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। इस तरह शुभा पदार्पण में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 12वीं बल्लेबाज बन गईं। सोफी एक्लेस्टोन ने उन्हें नैट साइवर ब्रंट के हाथों कैच आउट कराया। डेब्यू में जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपने अनुभव के दम पर 68 रन की पारी के दौरान 11 चौके जमाए।


शुभा सतीश 69 रन
जेमिमा रोड्रिग्स 68 रन


दीप्ति शर्मा 60* रन

यास्तिका भाटिया : 66 रन



### हरमनप्रीत और यास्तिका का तूफान

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीप शॉट से शुरुआत की और वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन एक रन लेने के प्रयास में डैनी वियाट के थ्रो ने उन्हें रन आउट कर दिया। हरमनप्रीत ने 81 गेंद में छह चौकों की मदद से 49 रन बनाए। पर उन्होंने और यास्तिका भाटिया (66 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की जो भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी है। यास्तिका ने भी तेजी से रन जुटाए और वह कभी भी जोखिम लेती हुई नहीं दिखीं। बायें हाथ की विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और पारी का एकमात्र छक्का भी जड़ा।*

## छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा सुपर कप

***नई दिल्ली।*** *अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने गुरुवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप टूर्नामेंट एएफसी के छह विदेशी खिलाड़ियों के नियम का पालन करेगा। इसमें भाग लेने वाली 16 प्रतिभागी टीम अपने शुरुआती लाइनअप में छह विदेशी खिलाड़ियों को शामिल कर सकती हैं जिसमें से एक एशिया से हो। यह एएफसी क्लब प्रतियोगिता के दिशानिर्देशों के अनुसार ही है। एआईएफएफ ने कहा, 'यह फैसला इस बात को ध्यान में रखते हुए लिया गया है कि कलिंगा सुपर कप की विजेता टीम 2024-25 एएफसी चैंपियंस लीग 2 के लिए क्वालीफाई करेगी।' इंडियन सुपर लीग 'तीन प्लस एक' नियम का पालन करती है लेकिन शीर्ष स्तर की लीग छह विदेशी खिलाड़ियों को रखने की अनुमति देती है। इंडियन सुपर लीग के 12 क्लबों को सीधे प्रवेश मिला है जबकि बची हुई चार टीम के निर्धारण के लिए आई लीग फ्रेंचाइजी क्वालीफायर खेलेंगी। टीम को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है जिसमें से शीर्ष चार सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी।*

## रॉयल्स टीम पर जुर्माने की कटौती बरकरार

***मुंबई।*** *बॉम्बे उच्च न्यायालय ने इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स के मालिकों पर कथित वित्तीय अनियमितताओं के लिए लगाए गए जुर्माने को कम करने के एक न्यायाधिकरण के आदेश को बरकरार रखा है। न्यायाधिकरण ने जुर्माने की 98 करोड़ रुपए की राशि को घटाकर 15 करोड़ रुपये करने का आदेश पारित किया था। न्यायमूर्ति के आर श्रीराम और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दायर की गई अपील को खारिज कर दिया जिसमें उसने 11 जुलाई 2019 को न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश को चुनौती दी थी।*

# वॉर्नर ने बनाया 26वां टेस्ट शतक आलोचकों के मुंह पर जड़ा तमाचा



एजेंसी ⏭ पर्थ

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को शानदार शतक जमा दिया है। वॉर्नर का टेस्ट में यह 26वां शतक है। वॉर्नर का पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में यह छठा शतक है। ऐसा कर वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट किकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में जावेद मियांदाद, एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल की बराबरी कर ली है। वहीं, रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में 5 शतक लगाए थे। यानी वॉर्नर ने 6 शतक लगाकर पोंटिंग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

### 49वीं इंटरनेशनल सेंचुरी

इंटरनेशनल क्रिकेट में वॉर्नर का यह 49वां शतक है। वॉर्नर ने अबतक पाकिस्तान के खिलाफ 11 टेस्ट मैच ही खेले हैं और 6 शतक लगाकर धमाका कर दिया है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे इस मामले में सुनील गावस्कर (33), एलिस्टेयर कुक, मैथ्यू हेडन (30), ग्रीम स्मिथ (27) हैं। वॉर्नर ने बतौर ओपनर यह 26वां शतक लगाया है। वहीं, वॉर्नर दुनिया के इकलौते ऐसे ओपनर बल्लेबाज हैं जिनके नाम टेस्ट और वनडे में 20 से ज्यादा शतक दर्ज है।

### चयन पर हुआ था हंगामा

बता दें कि वॉर्नर के टेस्ट कॅरियर का यह आखिरी सीरीज है। टेस्ट सीरीज से पहले उनके चयन को लेकर काफी हंगामा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने बरपाया था लेकिन डेविड वॉर्नर ने शतकीय पारी खेलकर आलचना करने वाले सभी लोगों के मुंह में ताला लगा दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर बनाए 346 रन

*सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी विदाई टेस्ट श्रृखंला में शानदार शतक जड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने गुरुवार का यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के शुरुआती दिन पाकिस्तान के कम अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ स्टंप तक पांच विकेट पर 346 रन बना लिए। वॉर्नर ने 211 गेंद में 164 रन की शतकीय पारी खेली और यह उनका साल का पहला टेस्ट शतक था जिससे उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। सैंतीस साल के वॉर्नर अपने गृहनगर सिडनी में अंतिम टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे।*

## केकेआर की कप्तानी के लिए अय्यर की वापसी, राणा होंगे उप कप्तान

एजेंसी ⏭ कोलकाता



कोलकाता नाइटराइडर्स के टीम प्रबंधन ने गुरुवार को घोषणा की कि भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में टीम की अगुवाई करेंगे। अय्यर पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पूरे 2023 चरण में नहीं खेल पाए थे जिससे कोलकाता नाइटराइडर्स को कप्तानी की जिम्मेदारी नीतिश राणा को सौंपनी पड़ी थी। अय्यर ने फिर अप्रैल में लंदन में सर्जरी कराई थी।

केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने यह घोषणा करते हुए कहा, 'हमें खुशी है कि वह वापस आ गए हैं और कप्तानी की जिम्मेदारी उठाएगे।' श्रेयस ने सितंबर में एशिया कप में वापसी की थी और आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मोहाली में 86 गेंद में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की थी। हाल में समाप्त हुए विश्व कप में वह महत्वपूर्ण चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे और उन्होंने 11 पारियों में दो शतक और तीन अर्धशतकों से 66.25 के औसत से 530 रन बनाए थे।

## सेमीफाइनल में जर्मनी से हारा भारत, अब कांस्य की उम्मीद

एजेंसी ⏭ कुआलालंपुर

पिछले मैच में नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम उस लय को सेमीफाइनल में कायम नहीं रख सकी और जर्मनी ने कमोबेश एकतरफा मुकाबले में उसे 4-1 से हराकर तीसरी बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया। क्वार्टर फाइनल में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करने वाली भारतीय टीम के पास जर्मनी के मजबूत डिफेंस और चुस्त आक्रमण का जवाब नहीं था।

जर्मनी ने चारों क्वार्टर में एक एक गोल किया जबकि भारत के लिए एकमात्र गोल चिरमाको सुदीप ने 11वें मिनट में दागा। जर्मनी के लिए हेसबाक बेन ने आठवें मिनट में मैदानी गोल और 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि ग्लेंडर पॉल ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। स्पर्लिंग फ्लोरियन ने आखिरी सीटी बजने से दो मिनट पहले मैदानी गोल करके 4-1 से जीत पर मुहर लगाई। अब भारत को कांस्य पदक के लिए फ्रांस या स्पेन से खेलना होगा।



## 25 जनवरी से इंग्लैंड के खिलाफ कर सकते हैं वापसी

# शमी का अफ्रीकी दौरे तक फिट होना मुश्किल

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

टखने की चोट से उबर रहे भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से संेचुरियन में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के लिए समय पर फिट होने की राह आसान नहीं होगी।

शमी को 30 नवंबर को घोषित भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था लेकिन इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज की उपलब्धता चोट से उनके उबरने पर निर्भर करेगी। इस संदर्भ में एजेंसी का अनुमान है कि शमी कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली, साथी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों के साथ शायद दक्षिण अफ्रीका रवाना नहीं हो पाएंगे। इन सभी को शुक्रवार को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होना है।



### शमी के लिए खुशखबरी

*इस बीच शमी के लिए खुशखबरी है क्योंकि बुधवार को उन्हें प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार के लिए नामित किया गया। खेल मंत्रालय से मिली सूचना के अनुसार भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने मंत्रालय से शमी के नाम को शामिल करने का विशेष आग्रह किया क्योंकि शुरुआती सूची में उनका नाम नहीं था।*

### भारत 'ए' टीम से विकल्प का चुनाव

*शमी के उबरने की प्रक्रिया को अपने घर में जारी रखने की उम्मीद है और यह तेज गेंदबाज इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही घरेलू टेस्ट श्रृंखला के साथ वापसी कर सकता है। अगर शमी के विकल्प की जरूरत पड़ी है तो अजित अगरकर के नेतृत्व वाली चयन समिति के पास भारत 'ए' टीम से गेंदबाज को सीनियर टीम में शामिल करने का विकल्प होगा। भारत ए टीम भी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच से पूर्व टेस्ट टीम के सदस्य 20 दिसंबर से आपस में टीम बनाकर तीन दिवसीय मैच खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा टेस्ट तीन जनवरी से केपटाउन में खेला जाएगा।*

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में बोले प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर

# एआई के भविष्य पर सभी देशों ने मिलाया हाथ, भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी जनता को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था। सम्मेलन के बाद केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एआई के लिए भविष्य को निर्धारित करने के लिए सभी देशों ने एक साथ मिलकर काम करने की समहति जताई है।

उन्होंने कहा कि सभी देशों ने निर्णय लिया कि एआई का भविष्य समावेशी होना चाहिए, इसे किसी एक या देश पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अकेले एक या दो देश मिलकर एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते। आप एक्सपो में देख सकते हैं भारत से सैकड़ों स्टार्टअप हैं जो पहले से ही दुनिया को यह बता रहा है कि भारतीय एआई कितना परिपक्व है। एआई के भविष्य को एक आकार देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

> देश की राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशों को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था।

**खास बातें**

- भारत में तेजी से विकसित हो रहा एआई स्टार्टअप
- एआई समिट में 27 देशों ने हिस्सा लिया
- 150 से अधिक स्पीकर्स ने रखे अपने विचार

सभी देशों का निर्णयः एआई का भविष्य समावेशी हो

एक या दो देश एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते



### पीएम ने दिया था सभी को आमंत्रण

बता दें कि 8 दिसंबर को ही पीएम मोदी ने इस सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था और लोगों को इनवाइट किया था। इस एआई समिट में दुनिया के करीब 27 देशों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा इसमें 150 से अधिक स्पीकर्स ने अपने विचार साझा किए हैं। इस इवेंट में 150 से अधिक एआई स्टार्टअप भी शामिल हुए हैं और एआई प्रोडक्ट का एक्सपो भी हुआ है।

## एआई की चुनौतियां गंभीर, अंतरराष्ट्रीय संधि जरूरीः पोप

**लंदन।** बदलते दौर के साथ अत्याधुनिक तकनीक अपने साथ कई खतरे लेकर भी आती है। डीपफेक जैसी तकनीक का शिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी शख्सियत भी हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी मानवता के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। तकनीकी चुनौतियों की गंभीरता को देखते हुए ताजा घटनाक्रम में पोप फ्रांसिस ने विश्व शांति दिवस के लिए अपना वार्षिक संदेश जारी किया है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को विनियमित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संधि का आह्वान किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीक में आए दिन हो रहे बदलाव और विकास के बीच पोप फ्रांसिस ने इस तकनीक के



नैतिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा, करुणा, दया, नैतिकता और क्षमा जैसे मानवीय मूल्य कम होते जा रहे हैं। पोप ने एआई के इस्तेमाल के दौरान मौलिक मानवाधिकारों की गारंटी, शांति को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने गलत सूचना फैलाने की साजिश, भेदभाव को बढ़ावा के साथ-साथ सूचना, तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने की प्रवृत्ति को सबसे महत्वपूर्ण चिंता करार दिया।

### अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा

बता दें कि आईटी वर्ल्ड में ओपनएआई के चैटजीपीटी जैसे अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ भी दुनिया तेजी से खिंची जा रही है। इन तकनीकों का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स लोगों की तस्वीरों के अलावा टेक्स्ट और गानों के नए वर्जन से दुनिया को चौंका रहे हैं। हालांकि, ऐसी तकनीकों को नौकरियों, गोपनीयता और कॉपीराइट के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी बेहद खतरनाक माना जा रहा है। लोगों के मन में आशंकाएं लगातार बढ़ रही हैं।

**खबर संक्षेप**

### अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद लड़ाई जारी रहेगी

**तेल अवीव।** इजराइल के पीएम नेतन्याहू ने साफ कर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद



हमास के खिलाफ लड़ाई को कोई नहीं रोक सकता। इजराइल इस लड़ाई को अंत तक जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि अपने सैनिकों को खोने की भारी पीड़ा और अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद हम आखिर तक और जीत तक लड़ेंगे।

### हमास के 8 पर प्रतिबंध अमेरिका का चौथा वार

**वॉशिंगटन।** इजराइल और हमास के बीच जारी युद्ध के बीच अमेरिका ने हमास के खिलाफ कठोर



कार्रवाई है, जिससे माना जा रहा है कि आर्थिक और वैश्विक स्तर पर हमास की कमर टूट सकती है। अमेरिका के विदेश विभाग ने हमास के 8 अधिकारियों और मददगारों पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध का लक्ष्य हमास को फंडिग करने वाले नेटवर्क को खत्म करना है।

### दो सीआईएसएफ अफसरों के ठिकानों पर छापा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कोयला चोरी मामले की जांच के सिलसिले में गुरुवार



को पश्चिम बंगाल में सीआईएसएफ के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। राज्य की राजधानी कोलकाता के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, कुल्टी और मालदा समेत 12 स्थानों पर छापेमारी की गई।

### एयर डिफेंस गन से ढेर होंगे ड्रोन और यूएवी

**कानपुर।** पीएसयू एडवांस वेपन्स एंड इक्विपमेंट कानपुर आयुध निर्माणी तिरुचिरापल्ली ने हवाई रक्षा खतरों से निपटने के लिए 25 किलो वजन की 12.7 मिमी कैलिबर एयर डिफेंस गन विकसित की है। यह सरहद पार से आने वाले ड्रोन और मानव रहित विमान (यूएवी) को डेढ़ किमी के दायरे में आते ही प्रति मिनट 800 राउंड गोलियां नष्ट करने में सक्षम है।

संसद में घुसैपठ के आरोपियों ने सात दिन पहले की थी रैकी

# सेना में भर्ती होने निकले थे दोनों, सागर रिक्शाचालक था.. अमोल करता था मजदूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में घुसपैठ के आरोपी अमोल शिंदे सेना में भर्ती होना चाहता था। इसके लिए उसने सेना की कई भर्तियों में हिस्सा भी लिया था, लेकिन उसका चयन नहीं हो पाया। अमोल के माता-पिता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि अमोल आगे पढ़ना चाहता था और इसके लिए वह 4000 रुपए प्रति महीना मांग रहा था, लेकिन हम दे नहीं सके। परिजनों ने बताया कि अमोल ने दिहाड़ी मजदूर के तौर पर भी काम किया है।

अमोल शिंदे (25 वर्षीय) लातूर की चकूर तहसील के जारी गांव का निवासी है। संसद पर हमले के बाद लातूर पुलिस की एक टीम जारी गांव पहुंची और अमोल के बारे में पूछताछ की। अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला। पुलिस उसके स्पोर्ट्स संबंधी दस्तावेज अपने साथ लेकर गई है।



नीलम मनोरंजन सागर अमोल शिंदे

> अमोल की मां केसर बाई ने बताया कि वह हमेशा सेना में जाना चाहता था लेकिन मैंने उसे नौकरी करने को कहा था। जब पुलिस हमारे घर पहुंची, तभी हमें घटना के बारे में पता चला।

## पुलिस ने जब्त किए अमोल के दस्तावेज

***धरना-प्रदर्शन का कहकर दिल्ली गया था सागर शर्मा***

लखनऊ के आलमबाग निवासी रानी शर्मा ने बताया कि बेटे सागर शर्मा ने कुछ काम के लिए दोस्तों के साथ जाने की बात कही थी। मां रानी शर्मा ने बताया कि उनकी सागर से कल बात हुई थी, आज बात नहीं हुई है। वहीं सागर की बहन ने बताया कि उसका



### दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है अमोल

अमोल दलित वर्ग से ताल्लुक रखता है और उसने स्नातक की पढ़ाई की है। उसके परिवार में माता-पिता और दो भाई और हैं। वो भी दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। अमोल के परिजनों ने बताया कि अमोल 9 दिसंबर को घर से यह कहकर गया था कि वह सेना की भर्ती में शामिल होने जा रहा है। बता दें कि बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक के आरोप में अमोल और नीलम के साथ सागर शर्मा और मनोरंजन डी को गिरफ्तार किया गया है।

### विक्की शर्मा को लंदन से आते थे पैसे

आरोपी गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मकान नंबर 67 में ठहरे थे। आरोपी यहां विक्की शर्मा के मकान में रुके थे। आरोपियों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें विक्की की बेटी सागर शर्मा को जानती है। संसद में धुआं करने वाले सागर शर्मा और विक्की शर्मा का आपस में कनेक्शन सामने आने के बाद दिल्ली पुलिस विक्की को अपने साथ पूछताछ के लिए लेकर गई है। विक्की का कनेक्शन लंदन में रहने वाले परिवार से भी है। विक्की का परिवार जिस मकान में रहता है, उसके मालिक लंदन में रहते हैं। मकान मालिक उसके खाते में पैसे भी डालते हैं। मकान मालिक की ओर से मिलने वाला पैसा ही विक्की की आमदनी का जरिया है।

#### विक्की उर्फ जंगली ने पाल रखे दो कुत्ते

विक्की ने दो कुत्ते पाल रखे हैं, जिन्हें घुमाने के लिए घर से बाहर निकलता था। उसे लोग जंगली भी बोलते थे। उसका बचपन यहीं बीता है। उसके घर कौन आ रहा है, कौन जा रहा है इससे किसी का कोई लेना देना नहीं होता था। फिलहाल विक्की की आमदनी का कोई जरिया नहीं है, पहले वह एक्सपोर्ट गारमेंट कंपनी में काम करता था। अब लंदन से आने वाले पैसों को ही खर्च करता। बेटी के नंबर अच्छे देखकर उसके रिश्तेदार उसे पढ़ाना चाहते थे। घर के खर्चे को लेकर विवाद होता था।

**कमरे से भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव की मिली किताबें**
संसद में हड़कंप मचाने वालों के बैग विक्की के घर में मिले हैं। आरोपी अपना बैग वहां पर छोड़कर गए हैं। वहां पर मंगलवार की रात पांच लोग ठहरे थे, जिसमें उनकी बेटी सागर शर्मा को जानती है। सागर शर्मा उसके पिता के साथ पहले कंपनी में भी काम करता था।

चीन के खिलाफ भारत की जंगी तैयारी तेज

# निर्भय, ब्रह्मोस खतरनाक भारत ने झोंकी लंबी दूरी की मिसाइलों पर ताकत



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीनी नौसेना की बढ़ती मौजूदगी भारत के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रही है। इस कारण भारत ने भी अपनी रक्षात्मक तैयारियों को तेज कर दिया है।

भारतीय नौसेना तेजी से लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है। भारतीय नौसैनिक मिसाइल प्रोग्राम में निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल के डेरिवेटिव, एक नई सबसोनिक नेवल एंटी-शिप मिसाइल सीरीज का विकास, सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल के लिए रेंज एक्सटेंशन प्रोग्राम, ब्रह्मोस एनजी का विकास और बैलिस्टिक लॉन्ग रेंज एंटी शिप मिसाइल शामिल हैं। अगर भारतीय नौसेना को ये हथियार मिल जाते हैं, तो हिंद महासागर में उसकी रेंज काफी ज्यादा बढ़ जाएगी।

### मिसाइल डेरिवेटिव बना रही नौसेना

निर्भय सबसोनिक क्रूज मिसाइल की घोषित रेंज 1000 किमी तक है। इसे डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (एडीई) ने विकसित किया है। जनवरी 2023 तक इस मिसाइल के आठ सफल उड़ान परीक्षण किए जा चुके थे। उड़ान के दौरान विंग डिप्लॉयमेंट और उड़ान के दौरान इंजन स्टार्ट करने पर मिसाइल को लक्ष्य विमान की ओर घुमाने के लिए थ्रस्ट वेक्टर कंट्रोल जैसी तकनीकें सिद्ध हो चुकी हैं। 5 मीटर तक की बहुत कम ऊंचाई वाली उड़ान और नेविगेशन प्रणाली को भी प्रौद्योगिकी विकास के हिस्से के रूप में सिद्ध किया गया है। एडीई का इरादा मिसाइल और उसके वेरिएंट के साथ 100% स्वदेशीकरण हासिल करने का है जो इन सिद्ध प्रौद्योगिकियों को विरासत में मिलेगा।

### हर साल 18 इंजन बना रहा डीआरडीओ

डीआरडीओ के जीटीआरई द्वारा विकसित छोटा टर्बो फैन इंजन इस स्वदेशी प्रयास का एक प्रमुख हिस्सा है। वपरीक्षण के लिए कई इकाइयों के निर्माण के साथ एसटीएफई सिद्ध हो गया है। ब्रह्मोस एयरोस्पेस तिरुवनंतपुरम में अपनी इकाई के साथ एसटीएफई के लिए एक उत्पादन एजेंसी रही है, जो अपनी उत्पादन क्षमता को प्रति वर्ष 18 इंजन तक बढ़ा रही है।

कॉप वार्ता में तलाशे तरीके

## अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर जोर

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दक्षिण चीन सागर और ताइवान को लेकर चीन और अमेरिका में चल रहे तनाव के बीच बुधवार को यूएस-ताइवान वार्ता हुई है। इस वार्ता के दौरान सभी प्रतिभागियों ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों में ताइवान की भागीदारी के विस्तार पर जोर दिया। अमेरिकी विदेश विभाग ने इस वार्ता को लेकर एक बयान भी जारी किया है।

इसमें यह भी बताया गया है कि अमेरिका और ताइवान साथ मिलकर सार्वजनिक स्वास्थ्य, विमानन सुरक्षा और जलवायु सहित कई वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के तरीके तलाश रहे हैं।



गौरतलब है कि हाल ही में दुबई में आयोजित कॉप28 के दौरान में चीनी प्रतिनिधिमंडल द्वारा संयुक्त राष्ट्र जलवायु वार्ता में ताइवान को शामिल करने के आह्वान का विरोध करने के कुछ दिनों बाद बुधवार को यूएस-ताइवान नियमित परामर्श हुआ। इसमें सभी प्रतिभागियों ने समान विचारधारा वाले भागीदारों के साथ मिलकर काम करने के महत्व पर जोर दिया।

248 वोट से सदन में चुने गए पीएम

## पीएम मोदी ने पॉलेंड के पीएम डोनाल्ड टस्क को दी बधाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

माट्यूज़ मोराविकी के संसद में विश्वास मत हारने के बाद हुए मतदान के दौरान डोनाल्ड टस्क के पक्ष में 248 पड़े, जबकि 201 सांसदों ने उनके विरोध में वोट किया। पोलैंड का प्रधानमंत्री चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डोनाल्ड टस्क को बधाई दी है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आपके साथ मिलकर कार्य करने के लिए उत्सुक हूं। पोलैंड की संसद ने सोमवार को डोनाल्ड टस्क के नाम पर मुहर लगा दी थी।



### हम अंधेरे को दूर भगाएंगे

सदन का नेता चुने के बाद टस्क ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पोलिश लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं। धन्यवाद पोलैंड, यह एक महान दिन है, मेरे लिए नहीं, बल्कि उन सभी के लिए जो इतने लंबे वर्षों तक गहराई से विश्वास करते रहे कि यह अभी भी बेहतर होगा, कि हम अंधेरे को दूर भगाएंगे, बुराई को दूर भगाएंगे।




ग्लोबल साउथ थिंक टैंक में बोले यूएनजीए अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस

# दुनियाभर में जंग से चिंताजनक स्थिति में फंसा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने विश्व निकाय के सदस्यों से बातचीत के जरिए सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। इसका उद्देश्य वैश्विक उत्तर देशों की प्रधानता को पूरा करना है। उन्होंने परिषद में निर्णय लेने में विकासशील देशों के प्रतिनिधित्व और समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया। साथ ही इस पर भी जोर डाला कि सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

फ्रांसिस ने कहा कि महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष के रूप में मेरा मानना है कि हमें एक ऐसी परिषद की आवश्यकता है जो अधिक संतुलित, अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण, अधिक उत्तरदायी, अधिक लोकतांत्रिक और अधिक पारदर्शी हो।

### संतुलित परिषद की आवश्यकता

### सुधार हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

**खास बातें**

- समान भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित किया
- सुरक्षा परिषद सुधार पर गतिरोध को दूर करने की अपील



***दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही***

उन्होंने कहा कि दुनिया भर में जंग छिड़ती दिख रही है। ऐसे में सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसी हुई लगती है। ऐसा माना जाता है कि परिषद अपने मकसद को पूरा नहीं कर रही है। परिणाम स्वरूप, पूरे संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता खतरे में है। यूएनजीए प्रमुख ने कहा कि सुधार लाने के लिए सदस्य देशों को बातचीत से मुद्दे का समाधान ढूंढना होगा।

#### परिषद को लोकतंत्रीकरण करना चाहिए

भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने परिषद की वर्तमान संरचना को कालभ्रमित बताया जो पिछले दशकों में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में आए बदलावों के अनुकूल ढलने में विफल रही है।

#### ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत

अलेक्जेंडर मार्शचिक ने कहा कि इस विचार को लेकर काफी समानता है कि सुरक्षा परिषद में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करने की जरूरत है।

#### परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता

ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष समीर सरन ने कहा कि सुधारों पर विचार करते समय, हमें इस बात पर पुनर्विचार करना चाहिए कि महासभा को किस तरह से प्रयास करना चाहिए और परिषद की विकृतियों को सुधारने की क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मौजूदा व्यवस्था में महासभा की भूमिका परिषद के अधीन है, यह एक विसंगति है। उन्होंने कहा, शायद यह ऐसा समय है जब हमें उस नए प्रारूप और उस नए ढांचे को खोजने के लिए खुद को समर्पित करने के लिए प्रेरित करना चाहिए, जो काम करता है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109